हिन्दी दैनिक

जन-जन की वाणी...

# सोन वर्षा वाणी

औरंगाबाद, पटना, आरा एवं रांची से प्रकाशित



Page 11 खेल

**विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए नीरज चोपड़ा समेत लगभग 15 भारतीय दावेदार**



Page 09 देश

**अपनी ही पार्टी के सांसद पर एक करोड़ मानहानि दावे में राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला...**

शुक्ल पक्ष, हस्त, विक्रम संवत् 2082 • औरंगाबाद • मंगलवार • 26 अगस्त 2025 • वर्ष 27 • अंक 255 • पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 2.00

## सोना चांदी

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 10 ग्राम 22 कैरेट | 1 किलो चांदी |
| ₹ 93,050 | ₹ 1,21,000 |

## आज का इतिहास

**1928 :** हीरो साइकिल्स के सह संस्थापक भारतीय व्यापारी और समाज-सेवी ओम प्रकाश मुंजल का जन्म हुआ।

**2013 :** लाइबेरिया विश्वविद्यालय में आवेदन करने वाले सभी 25,000 आवेदक अपनी प्रवेश परीक्षा में असफल होते हैं।

## न्यूज बाइट्स

### दिल्ली मेट्रो किराए में बढ़ोत्तरी

**नई दिल्ली (ए.)।** दिल्ली मेट्रो रेल कॉरपोरेशन ( डीएमआरसी) ने सोमवार से मेट्रो का किराया बढ़ा दिया है। डीएमआरसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि दिल्ली मेट्रो सेवाओं के यात्री किराए में बदलाव किया गया है। सामान्य लाइनों पर एक रुपये से चार रुपये और एयरपोर्ट लाइन पर पांच रुपये तक की वृद्धि की गई है।

### पूर्व मुख्यमंत्री बीपी मंडल को मुख्यमंत्री ने दी भावभीनी श्रद्धांजलि

**पटना (नि.सं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री स्व. बीपी मंडल की जयंती के अवसर पर उनकी आदमकद प्रतिमा पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को माल्यार्पण कर उन्हें भावभीनी श्रधांजलि दी। राजधानी पटना के देशरत्न मार्ग और सर्कुलर पथ चौराहा स्थित आदमकद प्रतिमा के समीप जयंती के मौके पर राजकीय समारोह का आयोजन किया गया।

### अंतर्राष्ट्रीय बाजार में भी पहुंच रही है बिहार की सब्जियां

**पटना (नि.सं.)।** बिहार के किसानों की उगाई गई सब्जियां अंतर्राष्ट्रीय बाजार में पहुंच चुकी है। पिछले दिनों ट्रायल सीपमेंट के तौर पर 1,500 किलो सब्जियां दुबई के लुलु मॉल में भेजी गई थी। इस सफलता से उत्साहित होकर सहकारिता विभाग अब सब्जियों को नेपाल और सिंगापुर में भेजने की तैयारी कर रहा है। बिहार से सब्जियां विदेश भेजने की शुरुआत होने से राज्य के किसानों की आय बढ़ने की उम्मीद की जा रही है।

### सीबीएसई: छठी-नौवीं के बच्चों की शैक्षणिक ऑडिट नवंबर में होगी शुरू

**पटना (नि.सं.)।** केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) सभी संबद्ध स्कूलों में छठी और नौवीं के छात्र-छात्राओं की शैक्षणिक ऑडिट कराएगा। यह ऑडिट बोर्ड की 'सफल मूल्यांकन पहल के तहत नवंबर-दिसंबर में होगी। इसका मुख्य उद्देश्य यह पता लगाना है कि पांचवीं और आठवीं कक्षा तक के छात्रों ने अपनी पढ़ाई में कितना सीखा है और उनकी शैक्षणिक नींव कितनी मजबूत है। इस ऑडिट से बच्चों की वास्तविक शैक्षणिक स्थिति का पता लगेगा। यह आकलन विशेष रूप से योग्यता आधारित प्रश्नों और बच्चों की समझ पर केंद्रित होगा। यहीं नहीं इसके साथ शिक्षकों के सिखाने के स्तर का भी खुलासा बच्चों के प्रदर्शन के आधार पर ही होगा। ऑडिट की रिपोर्ट अप्रैल 2026 में जारी होगी। यह कार्यक्रम बिहार समेत देशभर के सभी सीबीएसई स्कूलों में भी होगा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने किया प्रगति यात्रा के दौरान की गईं घोषणाएं का शिलान्यास

# पटना को 1024 करोड़ की सौगात

- 328.52 करोड़ रुपये से पटना शहरी क्षेत्र में बिजली के तार भूमिगत किए जाएंगे।
- 52.28 करोड़ रुपये से मंदिरी नाला फोरलेन सड़क को जेपी गंगा पथ से जोड़ने के लिए संपर्क पथ बनेगा।
- 387.40 करोड़ रुपये से दीघा से गांधी मैदान तक 7 किमी लंबाई में जेपी गंगा पथ समग्र उद्यान परियोजना (फेज-1) विकसित होगी।



**निज संवाददाता | पटना**

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को पटना जिला अंतर्गत प्रगति यात्रा के दौरान की गयी घोषणाओं से संबंधित पटना शहरी (मध्य क्षेत्र) के लिए 1024.77 करोड़ रुपये लागत की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और कार्यारंभ किया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इन योजनाओं के क्रियान्वयन से पटना शहरी (मध्य क्षेत्र) में आमलोगों को काफी फायदा होगा तथा बेहतर जनसुविधाए मिलेगी। इन योजनाओं में 196.80 करोड़ रुपये लागत की पटेल गोलंबर से ईको पार्क के पश्चिमी छोर तक और इको पार्क के पूर्वी छोर से अटल पथ तक सरपेंटाईन नाले पर भूमिगत नाला के साथ 4 लेन सड़क शामिल है। 328.52 करोड़ रुपये की लागत से पटना शहरी क्षेत्र में विद्युत संरचनाओं के आधुनिकीकरण और सुदृढ़ीकरण के तहत बिजली के तारों को चरणबद्ध तरीके से भूमिगत करने की परियोजना शामिल है। पटना साइंस कॉलेज स्थित न्यूटन हॉस्टल में आयोजित कार्यक्रम स्थल से 30.02 करोड़ रुपये लागत की पटना शहर में अवस्थित विश्वविद्यालयों एवं महाविद्यालयों के छात्रावासों का जीर्णोद्धार, आधुनिकीकरण एवं सुदृढ़ीकरण कार्य, 48.96 करोड़ रुपये की लागत से पटना जिला अंतर्गत गांधी मैदान के नजदीक पटना हाट निर्माण कार्य साथ ही 52.28 करोड़ रुपये की लागत से मंदिरी नाला पर निर्माणाधीन फोरलेन सड़क को जेपी गंगा पथ से जोड़ने हेतु संपर्क पथ के निर्माण कार्य का शुभारंभ किया।

इसके अलावा 387.40 करोड़ रुपये की लागत से पटना शहर अंतर्गत गंगा नदी के किनारे दीघा से गांधी मैदान के बीच जेपी गंगा पथ के दोनों तरफ लगभग 7 किमी की लंबाई में 'जेपी गंगा पथ समग्र उद्यान परियोजना (फेज- 1) का निर्माण कार्य साथ ही मुख्यमंत्री ने 12.38 करोड़ रुपये की लागत की सभ्यता द्वार से कलेक्ट्रीयट घाट तक विचरण पथ के निर्माण कार्य का शिलान्यास किया।

# भ्रष्टाचार : जिला मत्स्य पदाधिकारी एक लाख रुपये रिश्वत लेते गिरफ्तार

- अधिकारी लगातार पीड़ित व्यक्ति पर पैसे देने का दबाव बना रहा था।

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार में भ्रष्टाचार पर निगरानी विभाग का शिकंजा लगातार कसता जा रहा है। इसके बावजूद भ्रष्ट अधिकारी अपनी आदतों से बाज नहीं आ रहे हैं। पश्चिम चंपारण जिले के बेतिया में निगरानी विभाग की टीम ने सोमवार को जिला मत्स्य पदाधिकारी पियूष रंजन कुमार को एक लाख रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। मामले की जानकारी के अनुसार, पियूष रंजन कुमार ने काम कराने के बदले एक शख्स से पैसों की मांग की थी। वह लगातार पीड़ित व्यक्ति पर रुपये देने का दबाव बना रहा था। परेशान होकर पीड़ित ने निगरानी विभाग, पटना में शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच के बाद आरोप सही पाया गया। इसके बाद निगरानी विभाग की टीम ने बेतिया पहुंचकर घूसखोर पदाधिकारी को पकड़ने के लिए जाल बिछाया। योजना के तहत जैसे ही पदाधिकारी ने पीड़ित से एक लाख रुपये रिश्वत के रूप में लिया, टीम ने उसे मौके पर ही धर दबोचा।

गिरफ्तारी के बाद निगरानी की टीम आरोपी अधिकारी को पूछताछ के लिए अपने साथ पटना लेकर चली गई। इस कार्रवाई से सरकारी विभागों में कार्यरत भ्रष्ट अधिकारियों में हड़कंप मच गया है। निगरानी विभाग का कहना है कि आने वाले दिनों में भी इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी ताकि सरकारी तंत्र को भ्रष्टाचार मुक्त बनाया जा सके।



### सर ने 10 लाख रुपए का 10% मांगा था घूस

शिकायतकर्ता मुराद अनवर ने बताया कि 'मत्स्य पदाधिकारी पीयूष रंजन ने 10 लाख रुपए मांगे थे। प्रधानमंत्री संपदा योजना के तहत हमने आरएस टैंक बनवाया है। योजना के तहत टोटल 25 लाख रूपए का काम था, जिसके लिए मुझे अनुदान के तहत 10 लाख रुपए मिला था। उसका 10 प्रतिशत 1 लाख रुपए उन्होंने हमसे मांगा। इसकी शिकायत हमने निगरानी टीम से की। निगरानी विभाग के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि, 'प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत लाभुकों को 25 लाख की परियोजना पर 10 लाख की सब्सिडी दी जाती है। मुराद अनवर की मां योजना की लाभुक हैं और उनके खाते में 10 लाख रुपए अनुदान राशि जमा की गई। इसके एवज में 10 प्रतिशत राशि करीब 1 लाख रुपए रिश्वत के रूप में मांगी गई थी। आरोप है कि जिला मत्स्य पदाधिकारी ने सब्सिडी की फाइल आगे बढ़ाने और राशि रिलीज करने के एवज में एक लाख रुपए की घूस मांगी। अधिकारी ने धमकी भी दी थी कि अगर पैसे नहीं दिए तो कागजात हेरफेर कर तुम्हें फंसा देंगे, काम नहीं करने देंगे।

### चार दिन में दूसरी कार्रवाई

जिले में निगरानी विभाग की यह कार्रवाई चर्चा का विषय बनी हुई है। सिर्फ चार दिन पहले शिकारपुर थाना की महिला दरोगा प्रीति कुमारी और दलाल अर्जुन सोनी को भी घूस लेते रंगे हाथ पकड़ा गया था। इस तरह चार दिन में दूसरी बड़ी कार्रवाई से जिले के प्रशासनिक हलकों में हड़कंप मच गया है।

# सड़क हादसे में आठ की मौत पर मुख्यमंत्री ने जताया शोक

**निज संवाददाता | पटना**

पटना जिले के शाहजहांपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत सिगरियामा में ट्रक और ऑटो रिक्शा की टक्कर में आठ लोगों की मौत हो गई। इस दर्दनाक हादसे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह घटना अत्यंत दुःखद है। उन्होंने बताया कि सभी मृतक नालंदा जिले के हिलसा थाना क्षेत्र के मलामा गांव के निवासी थे। मुख्यमंत्री ने मृतकों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए ईश्वर से प्रार्थना की कि शोकाकुल परिवार को इस कठिन घड़ी में धैर्य धारण करने की शक्ति मिले।

# बिहार के तीन शिक्षकों का हुआ चयन टीचर्स डे पर राष्ट्रपति करेंगी सम्मानित

**निज संवाददाता | पटना**

बिहार के तीन शिक्षकों को वर्ष 2025 के राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार के लिए चुना गया है। यह सम्मान देश भर के कुल 45 शिक्षकों को दिया जाएगा। इन चयनित शिक्षकों में किशनगंज की कुमारी निधि, सुपौल के दिलीप कुमार, और नालंदा के डॉ. प्रमोद कुमार शामिल हैं। इस पुरस्कार का उद्देश्य देश के सर्वश्रेष्ठ शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट योगदान और शिक्षण में नवाचार के लिए पहचानना और सम्मानित करना है। कुमारी निधि, जो किशनगंज के एक स्कूल की प्रधान शिक्षिका हैं, को उनके नेतृत्व और शैक्षणिक सुधारों के लिए चुना गया है।

# रांची-गोरखपुर रूट पर दिवाली और छठ पर्व के लिए स्पेशल ट्रेन की घोषणा

**विशेष संवाददाता | कोलकाता**

दक्षिण पूर्व रेलवे ने त्योहारों को ध्यान में रखते हुए रांची और गोरखपुर के बीच स्पेशल ट्रेन चलाने की महत्वपूर्ण घोषणा की है। रेलवे के अनुसार, इस विशेष व्यवस्था का उद्देश्य त्योहारों के दौरान यात्रियों की बढ़ती भीड़ को सहज और समय पर यात्रा की सुविधा प्रदान करना है। इस योजना के तहत, ट्रेन संख्या 08629 रांची-गोरखपुर स्पेशल 18 अक्टूबर से 1 नवम्बर तक हर शनिवार को रांची से शाम 4 बजकर 50 मिनट पर प्रस्थान करेगी और अगले दिन सुबह 11 बजकर 30 मिनट पर गोरखपुर पहुंचेगी। वहीं, ट्रेन संख्या 08630 गोरखपुर-रांची स्पेशल 19 अक्टूबर से 2 नवम्बर तक हर रविवार को गोरखपुर से दोपहर 3 बजकर 30 मिनट पर रवाना होगी और अगले दिन सुबह 9 बजकर 30 मिनट पर रांची पहुंचेगी। रेलवे ने बताया कि यह स्पेशल ट्रेन मुरी और बोकारो स्टील सिटी स्टेशनों पर भी ठहरेगी, ताकि इन प्रमुख स्टेशनों से भी यात्री सुविधा का लाभ उठा सकें।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि त्योहारों के समय यह विशेष व्यवस्था यात्रियों के लिए राहत भरी साबित होगी, जिससे उन्हें लंबी प्रतीक्षा और भीड़भाड़ का सामना नहीं करना पड़ेगा। रेलवे ने यात्रियों से आग्रह किया है कि वे अपनी टिकट समय रहते बुक कर लें और यात्रा से पहले ट्रेन की समय-सारणी की पुष्टि अवश्य कर लें, ताकि उनकी यात्रा आरामदायक और सुरक्षित हो सके।

# बिहार में मतदाता सूची के पुनरीक्षण में 3.80 लाख नए फार्म जमा

**नयी दिल्ली (नि.सं.)।** बिहार में मतदाता सूचियों के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) कार्यक्रम के तहत बड़ी संख्या में नए मतदाताओं ने अपना नाम दर्ज कराने के लिए आवेदन किया है। चुनाव आयोग द्वारा सोमवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार 18 वर्ष या उससे अधिक आयु पूरी कर चुके युवाओं की ओर से अब तक 3,79,612 फार्म-6 और विनिर्दिष्ट घोषणा-पत्र जमा कराए गए हैं। गौरतलब है कि बिहार में इस समय एसआईआर की प्रक्रिया जारी है। इसके तहत एक अगस्त को जारी नयी मतदाता सूची के मसौदे पर दावे और आपत्तियां दर्ज कराने का समय चल रहा है। आयोग ने बताया कि इस प्रक्रिया के लिए अभी सात दिन शेष हैं।






## संक्षिप्त समाचार

### मुरहेना पंचायत के उस्मान नदी में डूबने से एक व्यक्ति की मौत

**रजौली।** थाना क्षेत्र के मुरहेना पंचायत में उस्मान नदी पार करते समय अचानक आई बाढ़ में बह जाने से एक व्यक्ति की मौत हो गई।मृतक की पहचान उस्मान गांव निवासी विशुन साव के करीब 45 वर्षीय पुत्र तनिक साव के रूप में हुई है।मिली जानकारी के अनुसार यह घटना सोमवार को दोपहर के समय हुई,जब तनिक साव नदी पार कर रहे थे।उसी दौरान, नदी में अचानक पानी का बहाव बढ़ गया, जिससे वे बह गए।ग्रामीणों ने उन्हें ढूंढने का काफी प्रयास किया।काफी खोजबीन के बाद,अकबरपुर थाना क्षेत्र के पास पसिया नदी के घाट पर उनका शव मिला।ग्रामीणों के मुताबिक जिस जगह से तनिक साव नदी पार कर रहे थे,वहां से कुछ ही दूरी पर गांगन खुर्द जाने के लिए एक पुल भी बना हुआ है।यह पुल गांगन खुर्द,शिरकट्ठा और देवीपुर होते हुए अकबरपुर जाने के लिए इस्तेमाल होता है।ग्रामीणों ने बताया कि तनिक साव पुल का उपयोग करने के बजाय नदी में उतर गए,जिससे यह हादसा हुआ। कुछ स्थानीय लोगों का यह भी कहना है कि मृतक का मानसिक संतुलन थोड़ा ठीक नहीं था,जिसकी वजह से वे अक्सर कुछ अटपटे काम करते थे।इस घटना के संबंध में रजौली के थानाध्यक्ष राजेश कुमार ने बताया कि उन्हें इस मामले की कोई आधिकारिक सूचना नहीं मिली है।उन्होंने कहा कि वे अपने स्तर पर घटना की जानकारी जुटा रहे हैं।

### 24 घंटे के अंदर 32 फरार अपराधियों की हुई गिरफ्तारी-एसपी



**नवादा।** पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान ने बताया कि 24 अगस्त 2025 को नवादा जिला में पुलिस द्वारा विभिन्न गिरफ्तारियां की गयी हैं, फिरौती हेतु अपहरण में 01, हत्या में 01, मद्य निषेध में 07 एवं अन्य गिरफ्तारी 23 कुल 32 गिरफ्तारियां हुई। शराब की बरामदगी अंतर्गत 522 लीटर देशी शराब बरामद किया गया। वाहन जॉच के क्रम में कुल 350 वाहनों की जॉच की गयी है एवं फाईन की कुल राशि 12 हजार 500 रूपया वसूला गया है। अन्य गिरफ्तारी अन्तर्गत मोटरसाईकिल 03, ट्रक 02 एवं अपहृता 01 बरामद किया गया। पुलिस अधीक्षक, नवादा ने बताया कि नवादा पुलिस इस तरह के क्रुर एवं जघन्य अपराध करने वाले अपराधियों को गिरफ्तार करने एवं सजा दिलाने के लिए लगातार संकल्पित है। अपराध को अंजाम देने के बाद अन्यत्र जगह छुपकर रहने वाले अपराधियों के विरूद्ध नवादा पुलिस लगातार आसूचना संकलन कर रही है तथा कार्रवाई के लिए प्रयासरत है। नवादा पुलिस के लिए यह बड़ी सफलता है।

### व्यापार मंडल द्वारा बनाये जा रहे दुकान निर्माण पर लगायी रोक

**नवादा।** जिले के पकरीबरावां व्यापार मंडल द्वारा बनाये जा रहे दुकान निर्माण कार्य पर पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल ने तत्काल प्रभाव से रोक लगा दी है। इससे संबंधित पत्र अंचल अधिकारी व थानाध्यक्ष को निर्गत किया गया है।कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग पथ प्रमंडल नवादा का आरोप है कि स्टेट हाइवे 08 के हिसुआ - पकरीबरावां पथ के 37 वें किलोमीटर पर जो पथ निर्माण की भूमि है व्यापार मंडल द्वारा अवैध रूप से कब्जा कर दुकान निर्माण आरंभ कर दिया गया है। ऐसे में भविष्य में पथ चौड़िकरण का कार्य बाधित होने की संभावना है। निर्माण की अनुमति तबतक नहीं दी जा सकती जबतक विभागीय जांच प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हो जाता। ऐसे में उन्होंने पत्र भेजकर अंचल अधिकारी व थानाध्यक्ष से तत्काल प्रभाव से भवन निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

### पेंशनर भवन में निःशुल्क स्वास्थ्य जाँच शिविर का हुआ आयोजन

**नारदीगंज (नवादा)।** पेंशनर भवन नारदीगंज में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र नारदीगंज के सौजन्य से सोमवार को निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर आयोजित की गई। प्रखंड के विभिन्न गांवों के 20 पेंशनर समाज के लोगों का निःशुल्क स्वास्थ्य जांच कर दवा का वितरण किया गया। आयोजित शिविर में सीएचसी में कार्यरत चिकित्सक डा. धीरेंद्र कुमार दत्ता ने उपस्थित पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच किये। इस दौरान प्रखंड के विभिन्न गांवों के 20 पेंशनरों को स्वास्थ्य जांच कर निःशुल्क दवा दी गई। चिकित्सक ने खाने पीने के साथ दवा समयानुसार नियमित तौर पर लेने के लिए विशेष रूप से ध्यान देने की बात कही। कहा गया सुपाच्य भोजन करे। बरसात का मौसम है। आये दिन मौसम बदल रहा है। आप सभी अपने स्वास्थ्य पर ध्यान दीजिये। सुपाच्य भोजन करना है। ताकि स्वास्थ्य सही रह सकें। लैब टेक्नीशियन जितेन्द्र कुमार, आशुतोष कुमार व एएनएम रिंकी कुमारी ने उपस्थित पेंशनरों का बीपी,रक्तचाप व अन्य जांच किया। इस मौके पर पेंशनर समाज के प्रखंड अध्यक्ष रामधनी प्रसाद, सचिव श्रीकांत सिंह,दशरथ प्रसाद,सियाशरण दास,कामता प्रसाद सिंह,रामशरण सिंह , रामाधीन सिंह समेत अन्य पेंशनरों ने स्वास्थ्य जांच कराए।

### नारदीगंज महाविद्यालय के संस्थापक सचिव सह पूर्व मुखिया का निधन



फोटो-पूर्व मुखिया वीरेन्द्र सिंह का ( फाइल फोटो )

**नारदीगंज( नवादा)।** प्रखंड के बिक्कु निवासी पूर्व मुखिया सह नारदीगंज महाविद्यालय के संस्थापक सचिव वीरेन्द्र सिंह का निधन सोमवार को अलसुबह में हो गया। वे लंबे अरसे से अस्वस्थ चल रहे थे। अपने पैतृक आवास पर 92 वर्ष की आयु में ब्रह्मलीन हो गये। निधन की खबर पाते ही स्वजन व शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। दिवंगत पूर्व मुखिया का भरा पूरा परिवार है। एक पुत्र व एक पुत्री के अलावा अन्य परिवार हैं। खबर मिलते ही उनके पार्थिव शरीर का दर्शन करने के लिए गांव के अलावा महाविद्यालय परिवार व आसपास इलाके के काफी संख्या में लोग पहुंचे,और संवेदना व्यक्त करते हुए अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान काफी संख्या में लोग उनका पार्थिव शरीर को बाढ़ में गंगा नदी के किनारे उमानाथ घाट में अंतिम संस्कार किया। उनके पुत्र रामशरण सिंह उर्फ अरुण ने अश्रुपूरित नेत्रों से मुखाग्नि दी। इस दुःखद वेला में शंकर सिंह,सच्चिदानंद सिंह,दीपक सिंह,प्रधान लिपिक विनोद सिंह,पूर्व पैक्स अध्यक्ष पंकज कुमार उर्फ पिंकू सिंह, भाजपा नेता राजेंद्र प्रसाद सिंह,नारदीगंज महाविद्यालय के प्राचार्य रामानुज प्रसाद,प्रो.मनोज कुमार, राजकुमार,अरविंद कुमार, सुरेंद्र प्रसाद सिंह, राजन कुमार,प्रो. उपेन्द्र नारायण सिंह, रूबी कुमारी समेत अन्य लोगों ने दुःख प्रकट करते हुए कहा पूर्व मुखिया सह नारदीगंज महाविद्यालय के संस्थापक सचिव के निधन होने से स्वजन के साथ समाज व महाविद्यालय परिवार को अपूर्णीय क्षति पहुंची है। जिसकी भरपाई सम्भव नहीं है।

# हरदिया डैम में 136 फिशिंग केज में हो रहे मछली पालन का डीएम ने किया निरीक्षण,दिए आवश्यक निर्देश





फोटो-केज के समीप नर्सरी का निरीक्षण करते डीएम व अन्य

निज संवाददाता

**» फ्लोटिंग रेस्टोरेंट व स्कूटर आदि से सुसज्जित होगा हरदिया डैम,पर्यटन स्थल का लुफ्त उठा सकेंगे लोग**

**रजौली।** प्रखंड क्षेत्र के हरदिया पंचायत स्थित हरदिया डैम (फुलवरिया जलाशय) में 136 फिशिंग केज में हो रहे मछली पालन का निरीक्षण सोमवार की दोपहर डीएम नवादा रवि प्रकाश ने किया।इस दौरान मत्स्य विभाग के मगध परिक्षेत्र के विपिन शर्मा,संयुक्त मत्स्य निदेशक सूरज कुमार,एसडीएम रजौली स्वतंत्र कुमार सुमन,जिला मत्स्य पदाधिकारी मनीष कुमार कुंदन,सीओ मो. गुफरान मजहरी,रिजर्वायर से राज्ञभूषण कुमार और नंदन कुमार के अलावे मछली पालन के बंदोबस्तीधारी कौशल कुमार भी मौजूद रहे।डीएम ने हरदिया डैम में हो रहे मछली पालन योजनाओं का गहनता से निरीक्षण कर जरूरी जानकारियां ली एवं संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए।साथ ही डैम को पर्यटन स्थल बनाने को की दिशा में सुरक्षित फ्लोटिंग रेस्टोरेंट व पानी में संचालित होने वाले स्कूटर की व्यवस्था को लेकर भी विचार विमर्श किए।डीएम ने बताया कि खुले डैम के अपेक्षा कई गुना ज्यादा केज में मछली का उत्पादन किया जाता है।इस डैम में लगभग 500 फिशिंग केज लगाया जाना है,जिसमें अभी 136 फिशिंग केज स्थापित कर मछली पालन किया जा चुका है।उन्होंने कहा कि केज फिशिंग से अधिक उत्पादन होने से व्यापार और आमदनी में बढ़ोत्तरी होती है।साथ ही कहा कि जिले के अन्य डैम में भी केज के जरिए मछली पालन परियोजना स्थापित की जाएगी।वहीं मत्स्य विभाग के मगध परिक्षेत्र के उपनिदेशक विपिन शर्मा ने बताया कि हरदिया डैम का फैलाव 571 हेक्टेयर (1400 एकड़) की भूमि पर पूर्व में परम्परागत तरीके से मछली पालन किया जा रहा था।वर्ष 2024 से 2029 तक के लिए हरदिया डैम में मछली पालन हेतु 39.97 लाख रुपए में बंदोबस्त कौशल कुमार को किया गया है।उन्होंने बताया कि भारत के रिजर्वायर में औसतन 100 किलो प्रति हेक्टेयर मछली उत्पादन होता है।जबकि पूर्व में बिहार में मछली उत्पादन 1 किलो प्रति हेक्टेयर उत्पादन हुआ करता था।उन्होंने बताया कि अभी 150 किलो प्रति हेक्टेयर से अधिक का मछली उत्पादन किया जा रहा है।हरदिया डैम में मछली पालन से लगभग 80 से 90 लोगों को सीधा रूप से रोजगार मिला है,जिसमें मछुआरे,गार्ड,केज संरक्षक आदि शामिल है।उन्होंने बताया कि 1 केज के निर्माण में 1.5 लाख रुपए और 1.5 लाख रुपए पालने में खर्च होते हैं,अर्थात कुल खर्च 3 लाख रुपए हैं।इस प्रकार 136 केज में मछली पालन हेतु लगभग 4 करोड़ रुपए खर्च हुए हैं।

# सकरी नदी में बह गये दो भाई, भैंस चराने गए थे, एक बचे , दूसरे की खोज जारी



निज संवाददाता

**नवादा।** जिले के रोह थाना क्षेत्र में ताजपुर गांव के पास सकरी नदी में दो चरवाहे भाई बह गये। एक निकलने में सफल रहा जबकि दूसरे लापता चरवाहे की खोज जारी है। लापता की पहचान ताजपुर गांव के रामौतार यादव (66) के रूप में हुई है। बताया जाता है कि दो भाई रामौतार यादव व लखन यादव भैंस चराने नेमदारगंज थाना क्षेत्र के लखमोहना गांव के बधार में गये थे। संकरी नदी पार करने के क्रम में दोनों पानी की तेजधार में बह गये। लखन यादव कुम्हरांवा गांव के पास निकलने में कामयाब हो रहा जबकि रामौतार यादव का कहीं पता नहीं चल सका।

**» आहर में डूबने से बच्चे की मौत**

मौके पर पहुंची पुलिस ने ग्रामीणों के सहयोग से खोजबीन आरंभ की लेकिन कहीं पता नहीं चल सका। एनडीआरएफ टीम को बुलाया जा रहा है। दूसरी ओर पकरीबरावां थाना क्षेत्र के बुधौली पंचायत की भुरहा गांव के आहर में डूबने से आठ वर्षीय बालक की मौत हो गयी। मृतक की पहचान बनियांबिगहा गांव के भूषण चौहान के पुत्र अंकित कुमार के रूप में की गयी है। मृतक नाना घर गया था जहां वह हादसे का शिकार हो गया। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया।

# रजौली में अपहरण और फिरौती मामले का खुलासा,एक आरोपी गिरफ्तार

निज संवाददाता



थाना परिसर से जेल जाते गिरफ्तार लोग

**रजौली।** रजौली में हुए अपहरण और फिरौती के एक सनसनीखेज मामले में थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।गिरफ्तार आरोपी की पहचान महसई मोहल्ला निवासी दिलीप कुमार के बेटे संटु कुमार के रूप में हुई है,जिसे पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है।यह मामला 11 अगस्त 2025 को तब सामने आया,जब फरहा गांव के निवासी शेरु कुमार ने रजौली थाने में एक लिखित शिकायत दर्ज कराई।अपनी शिकायत में शेरु कुमार ने बताया था कि वह अपने भतीजे राजा कुमार एवं अन्य दो दोस्तों के साथ रजौली अनुमंडल कार्यालय आए थे।उनके दोस्त अनुमंडल कार्यालय के अंदर चले गए और शेरू अपने भतीजे राजा के साथ शौच करने अनुमंडल कार्यालय के पीछे शौच के लिए चले गए।शौच करने के बाद जब दोनों युवक लौटे,तो इसी दौरान तीन मोटरसाइकिलों पर सवार करीब सात लोगों ने उन्हें रोका और लड़की से छेड़खानी का झूठा आरोप लगाते हुए गाली-गलौज की। शिकायत के अनुसार आरोपियों ने शेरु कुमार की कनपटी पर पिस्तौल रखकर उन्हें और उनके भतीजे को अगवा कर लिया। उनके चेहरे पर गमछा बांधकर उन्हें नदी के रास्ते जंगल में ले जाया गया,जहां लाठी और पिस्तौल से उनकी बेरहमी से पिटाई की गई।मारपीट के बाद अपराधियों ने उनसे पैसे की मांग की और उनके मोबाइल से अलग-अलग ऑनलाइन स्कैनर्स के जरिए कुल 78,500 रूपये की फिरौती वसूली। पैसे मिलने के बाद उन्होंने दोनों को धमकी देकर छोड़ दिया कि अगर पुलिस को बताया तो जान से मार देंगे और पिस्तौल के साथ उनका बनाया हुआ वीडियो वायरल कर देंगे।शेरु कुमार की शिकायत के आधार पर रजौली थाना में पदस्थापित पीएसआई सचिन कुमार ने तुरंत कार्रवाई शुरू की और जांच के दौरान संटु कुमार को धर दबोचा। थानाध्यक्ष के अनुसार संटु कुमार इस पूरे मामले में शामिल था और उसकी गिरफ्तारी इस गिरोह तक पहुंचने में एक महत्वपूर्ण कदम है।पुलिस ने बताया कि अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए भी छापेमारी जारी है।

# डीएम ने किया नगर भवन का निरीक्षण, सौन्दर्यकरण का दिया आदेश

निज संवाददाता



**नवादा।** जिलाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा नगर भवन नवादा का स्थलीय निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर भवन के पुनर्निर्माण एवं सौन्दर्यीकरण से संबंधित विभिन्न पहलुओं की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के क्रम में जिला पदाधिकारी ने बताया कि नगर भवन परिसर स्थित पुराने एवं जर्जर भवन को ध्वस्त कर वहां नया नगर भवन बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि जर्जर अवस्था में पड़े भवनों को ध्वस्त कर एक आधुनिक एवं उपयोगी भवन का निर्माण किया जाना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि नए नगर भवन के निर्माण के साथ ही नगर भवन स्थित तालाब का संरक्षण एवं सौन्दर्यीकरण भी किया जायेगा जो नगर की गरिमा और सौंदर्य को बढ़ाएगा। इसके आसपास एक सुसज्जित पार्क का निर्माण किया जाएगा, जिसमें बच्चों के मनोरंजन हेतु विशेष व्यवस्था की जाएगी। पार्क में बैठने की पर्याप्त व्यवस्था, हरियाली, फूल-पौधे और लाइटिंग की सुविधा सुनिश्चित की जाएगी, जिससे यह क्षेत्र नगरवासियों के लिए एक प्रमुख आकर्षण का केन्द्र बन सके। इस निरीक्षण के दौरान नये नगर भवन के विकास और सौंदर्यीकरण से संबंधित कई अहम निर्णय लिए गए, जिनके क्रियान्वयन से आने वाले समय में नवादा नगर के नागरिकों को एक आधुनिक, सुविधाजनक एवं आकर्षक नगर भवन परिसर की सौगात मिलेगी। साथ ही जिला पदाधिकारी ने नगर भवन परिसर में नगर परिषद के पुराने गोदाम एवं इसके पास में स्थित एंगलो संस्कृत विद्यालय, जो काफी पुराने एवं जर्जर अवस्था में है, उसे ध्वस्त कर पार्किंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।इसके साथ ही नगर परिषद के गोदाम में रखे सामानों को कहीं और स्थानांतरित करने का निर्देश कार्यपालक पदाधिकारी, नगर परिषद को दिया गया। इसके अतिरिक्त नगर भवन परिसर में पुराने पड़े सामानों को शीघ्र ही नीलाम करने का निर्देश दिया गया। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट रूप से कहा कि नगर भवन परिसर के विकास एवं सौन्दर्यीकरण का कार्य शीघ्र गति से प्रारंभ कर समयबद्ध ढंग से पूरा किया जाए, ताकि नगरवासियों को शीघ्र ही एक आधुनिक, सुरक्षित एवं सुसज्जित नगर भवन की सुविधा प्राप्त हो सके। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर, स्थापना प्रभारी, प्रभारी जिला जन सम्पर्क पदाधिकारी,कार्यपालक पदाधिकारी,नगर परिषद नवादा, परियोजना निदेशक बुडको सहित कई अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# आपदाओं से बचाव हेतु प्रचार वाहनों को जिला पदाधिकारी ने हरी झंडी दिखा किया रवाना

निज संवाददाता



**नवादा।** समाहरणालय परिसर, नवादा से जिला पदाधिकारी रवि प्रकाश द्वारा विभिन्न आपदाओं से संबंधित जन-जागरूकता हेतु चार प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने कहा कि आमजन को आपदा की स्थिति में सतर्क, सजग एवं सुरक्षित रहना अति आवश्यक है। प्राकृतिक एवं मानव-जनित आपदाओं से बचाव के लिए जागरूकता ही सबसे प्रभावी साधन है। प्रचार वाहनों के माध्यम से लोगों को सरल एवं व्यवहारिक जानकारी दी जाएगी, जिससे किसी भी आपदा के समय नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। प्रभारी पदाधिकारी, आपदा प्रबंधन शाखा, नवादा श्री अमरनाथ कुमार ने जानकारी दी कि ये प्रचार वाहन जिले के चयनित सात प्रखंडों—नवादा सदर, काशीचक, वारिसलीगंज, कौआकोल, नरहट, हिसुआ एवं नारदीगंज—के अंतर्गत कुल 84 पंचायतों में भ्रमण करेंगे। इन वाहनों के माध्यम से विभिन्न आपदाओं जैसे बाढ़, आगजनी, भूकंप, आकाशीय बिजली, महामारी आदि से बचाव एवं सुरक्षा उपायों से संबंधित संदेश आमजन तक पहुँचाया जाएगा।यह जनजागरूकता कार्यक्रम आज से प्रारंभ होकर दिनांक 05 अक्टूबर 2025 तक, कुल 42 दिनों तक चलेगा। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, नवादा सदर श्री अमित अनुराग, अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नवादा सदर श्री राजकुमार सिन्हा, सहित अन्य पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे।

# इश्तेहार वारंटी समेत दो लोग गिरफ्तार,भेजे गए जेल

निज संवाददाता



थाना परिसर से जेल जाते गिरफ्तार लोग

**रजौली।** थाना क्षेत्र के करिगांव से पुलिस बलों ने एक इश्तेहार कुर्की वारंटी समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया है,जिनमें एक महिला भी शामिल है।थानाध्यक्ष सह इंस्पेक्टर राजेश कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा निर्गत वारंट के आलोक में एक इश्तेहार कुर्की वारंटी करिगांव निवासी कासी सिंह के पुत्र तारा सिंह को गिरफ्तार किया गया है।वहीं दूसरी ओर पुलिस बलों ने एक महिला वारंटी करिगांव निवासी राजकुमार पासवान की पत्नी क्रांति देवी उर्फ शांति देवी को भी गिरफ्तार किया है।थानाध्यक्ष ने बताया कि दोनों गिरफ्तार वारंटियों को सोमवार को स्वास्थ्य जांच के बाद न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

# चुनाव जीतकर सोने वाले लोगों को सबक सिखाएगी नवादा विधानसभा की जनता-डॉ अनुज

## नारदीगंज प्रखंड के इचुआ करना,बगुली ,सुल्तानपुर, सैदपुर, पकड़िया एवं अनारपुर के मतदाताओं से मिलकर किया जन संवाद

निज संवाददाता

**» विधानसभा चुनाव को लेकर किया दौरा , जनता बदलाव के मूड में**



**नवादा।**नवादा विधानसभा में आगामी चुनाव में अपनी उम्मीदवारी को लेकर जिले के प्रख्यात शिक्षाविद् एवं समाजसेवी डॉ अनुज सिंह के द्वारा लगातार मतदाताओं से मिलने का अभियान जारी है। पिछले एक वर्षों से गांव हो या शहर हर मतदाताओं के दरवाजे पर जाकर उनसे अपने क्षेत्र के विकास के लिए सहयोग मांग रहे हैं। बीते रविवार को नारदीगंज प्रखंड के इचुआ करना पंचायत के ग्राम इचुआ , बगुली ,सुल्तानपुर, सैदपुर, पकड़िया एवं अनारपुर के मतदाताओं से जाकर मिले। ग्राम इचुआ में स्थानीय ग्रामीणों के द्वारा फूल मालाओं से स्वागत किया गया जहां के स्थानीय मतदाताओं ने अपनी समस्या को बताते हुए कहा कि हमने कभी भी अपनी जन प्रतिनिधि का मुंह तक नहीं देखा है। वही डॉ अनुज ने संबोधित करते हुए कहा कि यह समस्या आज की नहीं बल्कि पिछले कई दशकों से है जब जन प्रतिनिधि अपने क्षेत्र में आते ही नहीं तो कैसे उनको पता चलेगा कि हमारे क्षेत्र में विकास क्या हुआ है। उन्होंने मतदाताओं से कहा कि आप सब मिलकर वैसे उम्मीदवार को चुनें जो आपकी हर सुख दुख में साथ हो,जाति धर्म से ऊपर उठकर विकास करें,लोगों की समस्याओं को सुने और उसका समाधान करें। मौके पर मौजूद वार्ड सदस्य सत्येंद्र चौधरी ने सभी ग्राम वासियों को आने वाले चुनाव में डॉ अनुज के पक्ष में मतदान करने का आग्रह किया। ग्राम बगुली में भी विजय केवट , पूनम कुमारी ,सुनील कुमार ,कारू विश्वकर्मा सहित सैकड़ो ग्राम वासियों के द्वारा स्वागत किया गया। सभी गांव वासियों ने आने वाले चुनाव में समर्थन देने का भरोसा दिया। कहीं ना कहीं नारदीगंज प्रखंड के सभी जगहों की कमोवेश यही स्थिति है। भले ही लोग बाहर से कुछ नहीं बोल रहे हैं पर अंदर से पिछले जन प्रतिनिधियों से उन्हें गुस्सा है और यही कारण है कि आने वाले विधानसभा चुनाव में परिवर्तन की लहर देखने को मिल सकती है। सुल्तानपुर में जब यह पहुंचे तो वहां के स्थानीय लोगों ने अपनी समस्याओं को सुनाया जिसे दूर करने के लिए डॉ अनुज ने कहा कि आप हमें एक बार मौका देकर देखिए,मैं आपके बीच रहकर आपकी समस्याओं को दूर करूंगा। सैदपुर में भी मतदाताओं से मिलकर उन्हें भरोसा दिलाया कि आप पार्टी जाति धर्म से ऊपर उठकर विकास के नाम पर वैसे उम्मीदवार को चुने जो इमानदारी से कम कर सके तभी आपके क्षेत्र का कल्याण हो पाएगा। पकड़िया में अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों में से इमामुद्दीन अंसारी ,मोहम्मद अजीज ,मोहम्मद साजिद के द्वारा मस्जिद के समीप फूल माला पहनकर स्वागत किया गया। जहां लोगों से बातें करते हुए धर्म के नाम पर एक ही पक्ष को बार-बार मौका दे रहे हैं यही कारण है कि पिछले कई दशकों से इस क्षेत्र की जनता को कोई भी देखना का नाम नहीं लेता है। आप पार्टी से हटकर काम करने वाले व्यक्ति का चुनाव करें तभी समस्या का समाधान हो पाएगा। वहीं ग्राम अनारपुर में भी अल्पसंख्यक एवं अति पिछड़ा समाज के लोगों के द्वारा अपनी-अपनी समस्या बताई गई। जिसे डॉ अनुज ने ध्यान से सुनकर आने वाले चुनाव में समर्थन मांगा और समस्या को दूर करने का भरोसा दिया। वही समाजसेवी जेपी चौधरी ने अपने क्षेत्रवासियों को संबोधित करते हुए कहा कि पहली बार नारदीगंज क्षेत्र से कोई स्थानीय उम्मीदवार विधानसभा चुनाव मैं अपनी दावेदारी रख रहे हैं और हम सबों को मिलकर इस बार अपने क्षेत्र का विधायक चुनने का काम करना है। इस तरह से देर रात 8:00 बजे तक लोगों से मिलने का सिलसिला जारी रहा एवं उनकी समस्याओं को सुनकर समाधान का भरोसा दिया गया। मतदाता जागरूकता अभियान को सफल बनाने में स्थानीय नागरिकों में से अनिल कुमार, कुंदन कुमार, गौतम कुमार, सरयू चौधरी, दीनानाथ प्रसाद ,पंकज कुमार ,आदित्य कुमार ,नितीश कुमार ,मोहम्मद मोहम्मद ,जागो मांझी, सचिन कुमार ,श्रवण कुमार, देवराज पासवान ,गोरेलाल सिंह, डॉ राकेश कुमार ,सफीर खान, मुकेश सिंह ,चंदन कुमार ,फैयाज अहमद सहित हजारों की संख्या में उनके समर्थकों की सराहनीय भूमिका रही।

## संक्षिप्त समाचार

### शिक्षिका के साथ मारपीट कानूनी कार्रवाई की मांग

**फतेहपुर (गयाजी)**। प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय बदऊआ में शिक्षिका पूनम कुमारी के साथ शुक्रवार को कार्यालय में घुसकर कुछ लोगों ने गाली गलौज, धक्का मुक्की एवं मारपीट की। शिक्षिका ने आरोप लगाया कि मनोरमा कुमारी, उनका पुत्र रामानन्द कुमार तथा अन्य सहयोगियों ने पूर्व सुनियोजित तरीके से हमला कर उन्हें कमरे में बंद कर प्रताड़ित किया। घटना के दौरान प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी भी मौके पर मौजूद थे। पीड़िता ने बताया कि पूर्व में भी कई बार धमकी एवं उत्पीड़न की घटना हो चुकी है। शिक्षिका ने थानाध्यक्ष को आवेदन देकर सुरक्षा एवं दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष ने बताया कि प्राथमिकी कर ली गई है। आरोपितों के विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है।

### बदऊआ गांव में वृद्ध पर हमला

**फतेहपुर (गयाजी)**। प्रखंड क्षेत्र के बदऊआ गांव में गुरुवार की दोपहर एक वृद्ध व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित उमाशंकर सिंह 65 वर्ष ने आरोप लगाया कि गांव के रामानन्द कुमार, पत्नी पूजा कुमारी तथा मनोरमा कुमारी लाठी डंडा लेकर घर पर पहुंचे और गाली गलौज कर मारपीट की। आरोप है कि रामानन्द ने उन्हें गंभीर चोट पहुंचाई, जिससे वह मौके पर बेहोश हो गए। शोर मचाने पर ग्रामीण जुटे तो आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़ित ने पुलिस से दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि प्राथमिकी कर कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

### विद्यालय प्रभारी के साथ मारपीट प्राथमिकी

**फतेहपुर (गयाजी)**। फतेहपुर थाना क्षेत्र के मध्य विद्यालय बदउआ में विद्यालय प्रभारी शिक्षिका मनोरमा कुमारी के साथ मारपीट की घटना हुई। इस मामले में संबंधित थाना में प्राथमिकी कराई गई है। प्रभारी शिक्षिका ने आरोप लगाया कि गांव के कृष्ण मुरारी सिंह, उमा सिंह सहित सात लोग विद्यालय के कार्यालय में घुस आया और काम करते समय उनके साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। आरोप है कि हमलावरों ने विद्यालय के दस्तावेज फाड़ दिए और सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न की। पीड़िता ने बताया कि आरोपियों ने उनके साथ अभद्र व्यवहार किया और जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरातफरी मच गई। थानाध्यक्ष प्रशांत कुमार सिंह ने बताया कि मामले की प्राथमिकी की गई है और दोषियों के विरुद्ध आगे की कार्रवाई की जा रही है।

### शिव गुरु महोत्सव को सफल बनाने में जुटे सेवानिवृत्त प्राचार्य राजकुमार प्रसाद सिंह



**गुरुआ**। गुरुआ प्रखंड क्षेत्र में अब गांव-गांव में शिव चर्चा शुरु हो गया है। सोमवार को मीरचक शिवमंदिर के प्रांगण में सोमवार को शिव चर्चा का आयोजन किया गया। शिव चर्चा में शामिल शिव गुरु भाईयों देवों के देव महादेव की पूजनोत्सव कर भजन-कीर्तन किया। शिव चर्चा के दौरान सेवानिवृत्त प्राचार्य राजकुमार प्रसाद सिंह ने शिव गुरु भाईयों को बताया कि 7 सितंबर को प्लस टू प्रोजेक्ट इंदिरा गांधी कन्या उच्च विद्यालय के प्रांगण में विराट शिव गुरु भाई का आयोजन किया गया है उसमें मगध प्रमंडल के हर क्षेत्र से शिव गुरु भाई शामिल होंगे उक्त महोत्सव को सफल बनाने में तमाम शिव गुरु भाईयों को सहयोग करने की जरुरत है। इस मौके पर उर्मिला देवी, विशिष्ट शिक्षिका राजबाला कुमारी, सोनी कुमारी, बिंदा देवी, वीभा कुमारी, गीता देवी, वीना देवी, अरुणा देवी, रीना देवी, सुबोध चंद्र पांडेय समेत कई लोग मौजूद थे।

### नालंदा में एक दिवसीय जॉब कैंप, हेल्पर, ड्राइवर और कंप्यूटर ऑपरेटर के 5 पदों पर होगी भर्ती



**नालंदा**। नालंदा में एक दिवसीय रोजगार कैंप का आयोजन किया जा रहा है। शिविर सुबह 10 बजे से दोपहर 1 बजे तक बिहारशरीफ स्थित संयुक्त श्रम भवन में लगेगा। जिसमें निजी क्षेत्र की कंपनी निर्मला ऑक्सीजन भाग ले रही है। कुल 5 पदों पर भर्ती होगी। हेल्पर के 3 पद शामिल है। 10 पास अभ्यर्थी आवेदन कर सकते हैं। इसके आलावा ड्राइवर के 1 पद पर वेकैंसी है। 10वीं पास के अलावा ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य है। सिर्फ पुरूष अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। आयु सीमा 18 से 35 वर्ष के बीच निर्धारित है। सबसे योग्यता वाला पद कंप्यूटर ऑपरेटर का है। जिसके लिए स्नातक की डिग्री के साथ ADCA (एडवांस डिप्लोमा इन कंप्यूटर एप्लीकेशन) की जानकारी आवश्यक है। पांचों पद के लिए मासिक वेतन 10 हजार रुपए के अतिरिक्त लाभ मिलेगा

**कंपनी के शर्तों पर होगी भर्ती:** जिला नियोजनालय के अधिकारी वक्कास यूसुफ ने बताया कि नियोजक निजी क्षेत्र का है, इसलिए नियोजन की समस्त शर्तें कंपनी के मुताबिक होगी। सरकारी नियोजनालय केवल सुविधाकर्ता की भूमिका में है। बेरोजगार युवाओं और नियोजकों के बीच सेतु का काम कर रहा है।

**आवेदकों के लिए जरूरी निर्देश:** रोजगार शिविर में भाग लेने वाले सभी अभ्यर्थियों से अनुरोध किया गया है कि वे अपने साथ बायोडेटा अवश्य लेकर आएं। बिना बायोडेटा के आवेदन प्रक्रिया में शामिल नहीं हो सकेंगे।

# राजस्व महा - अभियान को लेकर शेरघाटी नगर परिषद में बैठक आयोजित किया गया

निज संवाददाता। शेरघाटी (राहुल कुमार)



- 16 अगस्त 20 सितंबर तक चलेगा राजस्व महा - अभियान
- सभी नागरिकों से इसमें बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील, माइक्रो प्लान से मिलेगी पूरी जानकारी

जमीन के कागजों की गड़बड़ियों को समाप्त करने और आज के हिसाब से जमाबंदियों को अपडेट करने के लिए राजस्व महा अभियान 16 अगस्त से 20 सितंबर तक चलाया जा रहा है। इस अभियान को लेकर सोमवार को शेरघाटी नगर परिषद के सभागार कक्ष में एक बैठक आयोजित की गई। इस अभियान की शुरुआत हो गई है। बैठक अंचल अधिकारी उषा कुमारी के नेतृत्व में की गई। अंचल अधिकारी उषा कुमारी है बताया कि बिहार सरकार की अत्यंत महत्वकांक्षी योजना राजस्व महा अभियान जिसको राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के द्वारा अंचल स्तर से संचालित करवाया जा रहा हैं...

इसमें 16 अगस्त से 20 सितंबर तक अभियान चलेगा, जिसमें जनप्रतिनिधियों (वार्ड पार्षद) के सहयोग के लिए यह बैठकर रखा गया हैं साथ ही इस महा अभियान में नगर निकाय के अधिकारी और कर्मियों को भी विभाग द्वारा निर्देश प्राप्त हैं।

अतः बैठक में वार्ड पार्षदो के साथ नगर परिषद के अधिकारी और कर्मी को भी इस अभियान के बारे में जानकारी दी गयी और सहयोग हेतु कहा गया। अभियान के बारे में जानकारी होते देते हुए अंचल अधिकारी उषा कुमारी ने बताया कि सरकार का उपदेश का राय तक पहुंच कर जमीन के अभिलेखों को दुरुस्त करना है ताकि भविष्य में कोई विवाद ना हो। अंचल अधिकारी ने बताया कि इस दौरान राजस्व की टीम घर-घर जाकर रैयतों को जमाबंदी की प्रति और आवेदन प्रपत्र उपलब्ध करा रही है। आवश्यक होने पर नाम पिता का नाम खाता खेसरा, रकबा, लगान आदि में त्रुटियों का सुधार किया जाएगा। पुणे कहां की राज्य सरकार चाहती है कि किसी भी रैयत को अपने कागज के सुधार के लिए दफ्तरों के चक्कर न लगाना पड़े। राजस्व विभाग स्वयं आपके दरवाजे तक पहुंच रहा है। अभियान को सफल बनाने के लिए तीन स्टार अनुमंडल जिला और मुख्यालय स्तर पर मॉनिटरिंग की व्यवस्था की गई है। पहले दिन सभी अंचलों के लिए नामित जिला स्तरीय पदाधिकारी को आवंटित आंचल में गए हैं। जमाबंदी पंजी वितरण की शुरुआत के साथ व्यवस्था की मॉनिटरिंग में लगे हुए हैं।

उन्होंने बताया कि अभियान में चार प्रमुख प्रकार की समस्याओं का समाधान होगा। इस दौरान ऑनलाइन जमाबंदी में त्रुटियों में सुधार (परिमार्जन), उत्तराधिकार नामांतरण, बटवारा नामांतरण (पारिवारिक हिस्सेदारी) और घर डिजिटाइज्ड जमाबंदी को ऑनलाइन करने का काम होगा। जिला पदाधिकारी ने बताया कि दो स्तरों पर अभियान चलने की व्यवस्था की गई है। 16 अगस्त से 15 सितंबर तक घर-घर जाकर जमाबंदी की प्रति और आवेदन पत्र रैयतों तक पहुंच जाएंगे। बैठक में राजस्व पदाधिकारी अमित कुमार, नगर परिषद कार्यपालक पदाधिकारी संतोष कुमार, नगर उपाध्यक्ष तारकेश्वर चौधरी उर्फ भोला चौधरी, अशोक सिंह ,संतोष सिंह मनीष कुमार ,जितेंद्र सिंह पशुपतिनाथ पाठक और दीनानाथ पांडे सहित कार्यालय में सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में मंत्री डॉ प्रेम कुमार ने की समीक्षा बैठक



निज संवाददाता। गयाजी

मंत्री सहकारिता विभाग बिहार सरकार डॉ. प्रेम कुमार ने गया जी अंतर्गत केंदुई स्थित राजकीय पॉलिटेक्निक कॉलेज में समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कॉलेज परिसर की व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण किया और विशेष रूप से बिजली, पेयजल, हाई मास्क लाइट तथा सुरक्षा व्यवस्था पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि छात्रों एवं शिक्षकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। मंत्री डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि शिक्षा संस्थान किसी भी समाज के प्रगति के आधार स्तंभ होते हैं। गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ स्वच्छ, सुरक्षित और सुगम वातावरण उपलब्ध कराना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से लंबित कार्यों को पूरा करने और विद्यार्थियों के हित में कॉलेज की सभी आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने का निर्देश दिया। वहीं, इस पर प्राचार्य डॉ० हिरण् कुमार सिंह, अजय सिन्हा,देवानंद पासवान,राहुल जी,धीरूजी,अजय पासवान,गौतम सहित विद्यालय शिक्षक मौजूद रहे।

## अयोध्या नरेश विमलेंद्र मोहन प्रताप, उर्फ़ राजा जी के निधन पर शोक सभा का आयोजन

निज संवाददाता। गयाजी



स्थानीय डॉक्टर विवेकानंद पथ गोल बगीचा में अयोध्या नरेश उर्फ राजा जी पंडित विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्रा के आकस्मिक निधन पर भारतीय राष्ट्रीय ब्राह्मण महासभा एवं कौटिल्य मंच के द्वारा एक शोक सभा का आयोजन किया गया। इस अवसर पर विभिन्न सामाजिक संगठनों से जुड़े महासभा एवं मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉक्टर विवेकानंद मिश्र ने अपने उद्गार कहा कि पीढियों से उपेक्षित शताब्दियों का ताप सहती सनातन आस्था का प्रतीक प्रभु राम लल्ला का भव्य मंदिर निर्माण में आज जिन मनुष्यों की मनीषा, तपस्वियों का ताप तथा महाराज अयोध्या विमलेंद्र प्रताप मिश्र के व्यापक संघर्ष का ही प्रतिफल देख रहे हैं। देश विदेश के संपूर्ण सनातन धर्म, मानवतावादियों को अपने कर्म त्याग तपस्या से रोमांचित किया है। आज वही कालजयी इतिहासकार हम सबों के बीच से सदा- सर्वदा के लिए गोलोक धाम प्रस्थान कर गए। आज विमलेंद्र मोहन प्रताप मिश्रा का चरित्र, सद्भाव, सौमनस्य, दया, प्रेम, करुणा , सहानुभूति, अपनेपन की अनुभूतियों को जो उनकी सबसे बड़ी विशेषता थी। उस संस्कृति को हम सबों की चेतना में जागृत करने आत्मसात करने की आवश्यकता है। जो भारतीयता का भारतीय संस्कृति का प्राण तत्व है। उनसे सीख लेने संकल्प लेने का समय है, जिससे उनकी महान आत्मा को संतुष्टि शांति मिले। सम्मानित साहित्यकार आचार्य राधा मोहन मिश्रा माधव ने अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि आज हमारे समाज ने अपना एक महान संरक्षक को दिया। राजा साहब का व्रत सदैव समाज की एकता और धर्म की रक्षा रहा। वे उन दुर्लभ व्यक्तियों में से थे जिनके लिए शक्ति और सत्ता साधन नहीं बल्कि सेवा का माध्यम होती है। शोक सभा में प्रसिद्ध समाजसेवी आचार्य सच्चिदानंद मिश्र, नईकी ने कहा कि राजा साहब की जड़े यद्यपि दरभंगा के भूमिपुत्र होने में थी परंतु उनका हृदय अयोध्या की मिट्टी में धड़कता था। धर्म और समाज के लिए उनका समर्पण अप्रतिम था। उनका जीवन यह सीखता है कि व्यक्ति चाहे किसी भी परिस्थिति में क्यों न हो यदि उसका हृदय धर्मनिहित है तो, वह संपूर्ण समाज का मार्गदर्शन बन सकता है। शोकसभा में मंच एवं महासभा से जुड़े अनेक प्रतिष्ठित व्यक्तियों ने भी अपनी श्रद्धांजलि अर्पित की जिस में स्वामी व्यंकटेश प्रपन्नाचार्य, चार्ज डॉक्टर बी एन पांडेय, अचार्य अरुण मिश्रा मधुप, महेश मिश्रा, पंडित बालमुकुंद मिश्रा, जी एस रामचंद्र दास, महेश बाबू गुपुत शंभू लाल विट्ठल, गजाधर लाल पाठक, आचार्य राजा बाबू, डॉक्टर नंदकिशोर गुप्ता, गजाधर लाल कटारियार, कृष्णा बाबू टईया, विश्वजीत चक्रवर्ती, अच्युत मराठे, डॉ ज्ञानेश भारद्वाज, प्रोफेसर अशोक कुमार, प्रोफेसर रीना सिंह, शंभू गिरि नीरज वर्मा, प्रोफ़ेसर गीता पासवान, रंजीत पाठक, पवन मिश्रा, किरण पाठक, डॉ शंभू कुमार, नेहा कुमारी, संगीता जी, डॉक्टर दिनेश बाबू, डॉ रविंद्र कुमार, मुरलीधर सिंह, मनीष कुमार, उषा ज्योति मिश्रा, शांति देवी, मृदुल मिश्रा, पार्वती देवी रूबी कुमारी ऋषिकेश गुर्दा, चांदनी कुमारी, आचार्य अभय पाठक, आचार्य अजय मिश्रा, सुनील पाठक, अमरनाथ पांडेय, हरिनारायण त्रिपाठी, सत्येंद्र दुबे, अरुण ओझा, मनीष मिश्रा,देवेंद्र नाथ मिश्र, आचार्य शंभू मिश्रा, प्रतिमा कुमारी, शोभा कुमारी, फूल कुमारी यादि उल्लेखनीय थे।

## नम आँखों से सीआरपीएफ जवान को किया विदा

निज संवाददाता। आमस

### श्मशान घाट पर सीआरपीएफ जवानों ने दी सलामी



आमस प्रखंड क्षेत्र के बड़की चिलमी गांव क्के रहने वाले सीआरपीएफ जवान शशि भूषण कुमार का पार्थिव शरीर सोमवार की सुबह गांव पहुंचते ही ग्रामीणों के आंखों से आंसू आने लगा। मृतक सीआरपीएफ जवान शशि की एक झलक देखने के लिए सैंकड़ों लोगों इकठ्ठा हुए। जहां हर लोगों की आंखें नम थीं। मृतक जवान के साथ आये एक दर्जन से अधिक सीआरपीएफ जवानों ने सबसे पहले सलामी दी इसके बाद शव पर रख तिरंगा मृतक के पिता भुनेश्वर रजक को सौंपा। इस दौरान उन्होंने तिरंगे को सम्मान के साथ रखने की सलाह दी।

इसके बाद शव को अंतिम संस्कार के लिए ले जाया गया। शव की अंतिम यात्रा में शामिल शशि भूषण अमर रहे, वन्दे मातरम् के नारे गूंज रहे थे। इधर जवान की पत्नी शोभा कुमारी बेटी श्रेया भाई चंद्र भूषण और रवि भीषण की दहाड़ से गांव में मातम पसरा हुआ था। हर कोई जवान की मौत से सदमे में हैं। गौरतलब हो कि छत्तीसगढ़ के सुकमा में तैनात सीआरपीएफ शशि भुषण ने ड्यूटी के दौरान शनिवार की दोपहर को सर्विस राइफल से ख़ुद को गोली मारकर आत्महत्या कर लिया था। जिसके बाद शव को पैतृक गांव लाकर अंतिम संस्कार किया गया। मौक़े पर मुखिया महेंद पासवान, वार्ड सदस्य अवधेश पासवान, शिक्षक अवधेश कुमार समाजसेवी अरविंद कुमार सहित कई लोग मौजूद थे।

## मृतक के परिजनों से मिलकर भाजपा नेता ने दिया सहायता राशि



निज संवाददाता। गुरुआ

गुरुआ विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के वरिष्ठ नेता सुधीर कुमार वर्मा उर्फ विनोद मरांडी इस समय गरीबों के दुख-दर्द में शामिल होकर आर्थिक सहयोग करने में पीछे मुड़कर बिल्कुल नही देख रहे हैं। देवकली गांव के मजदूर संतोष मांझी के पत्नी रामतनी देवी एवं मुन्ना मांझी के पत्नी कुलमनियां देवी की दो दिन पहले तालाब में डूबकर मौत हो गया था इस घटना की खबर पाकर भाजपा नेता सुधीर कुमार वर्मा उर्फ विनोद मरांडी ने शोकाकुल परिवार से मिलकर सांत्वना दिया इसके साथ ही इस दुःख की घड़ी में धैर्य पूर्वक रहने की ढ़ाढ़स देकर अपने स्तर से आर्थिक सहयोग भी किया। इस संबंध में भाजपा नेता विनोद मरांडी ने बताया कि गुरुआ विधानसभा क्षेत्र में जिस गरीब परिवार का सहारा कोई नही है उसका मददगार सुधीर कुमार वर्मा उर्फ विनोद मरांडी के साथ-साथ डीहा पंचायत के मुखिया सुनीता देवी हैं।

# हिलसा में तटबंध टूटने से 17 गांवों में बाढ़, झारखंड में बारिश से उफान पर लोकाइन नदी

### सड़क पर 4 फीट तक पानी, मुख्यालय से संपर्क कटा

निज संवाददाता। नालंदा





झारखंड में हो रही बारिश के कारण नालंदा में लोकाइन नदी उफान पर है। तटबंध के पास कटाव के कारण हिलसा प्रखंड के 18 गांवों में बाढ़ का पानी घुस गया है। लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। प्रभावित गांवों में धुरी बिगहा, छियासठ बिगहा, फुलवरिया, लक्कड़ बिगहा, कुसेता, डोमना बिगहा, मुरलीगढ़, सोहरापुर, जमुआरा, चमंडी, रसलपुर, गिलानीपुर, हरिहर खंधा, मिर्जापुर, मराची, लुच्चन टोला, बेलदारी बिगहा और चिकसौरा शामिल है। गांव में सड़कों पर चार से पांच फीट पानी बह रहा है। छियासठ, धुरी बिगहा और सोहरापुर गांव की हालत सबसे ज्यादा खराब है। कई घरों मे पानी घुस गया है। मजबूरन लोग घर की छतों पर छतों पर शरण लिए हुए हैं। सैकड़ों एकड़ में लगी फसल पानी में डूब गई है, जिससे किसानों को भारी नुकसान का सामना करना पड़ रहा है।

**प्रखंड मुख्यालय का संपर्क टूटा:** बाढ़ के कारण दर्जनों गांवों का प्रखंड मुख्यालय से संपर्क पूरी तरह टूट गया है। सोहरापुर पुल, बेलदारी बिगहा, दामोदरपुर, गिलानी पुर, कुसेता, फुलवरिया, हरवंशपुर सहित कई जगहों पर सड़क के ऊपर पानी बह रहा है। चिकसौरा पंचायत के खेतों से होकर बाढ़ का पानी करायपरशुराय प्रखंड की ओर फैल रहा है। पानी के तेज बहाव के कारण चार मुख्य मार्गों पर सड़कों में व्यापक कटाव हुआ है। इनमें फुलवरिया-बढ़ही बिगहा मुख्य मार्ग पर बढ़ही बिगहा गांव के पास 20 फीट का कटाव, चिकसौरा-चमंडी मुख्य मार्ग पर दामोदरपुर गांव के पास नुकसान, चिकसौरा-बेलदारी बिगहा मुख्य मार्ग पर कटाव और योगीपुर से कोरावा मार्ग पर शोहरापुर गांव के समीप कटाव हुआ है।

**किसी से मदद नहीं मिली:** प्रभावित गांवों के किसान अशोक कुमार, रंजीत कुमार, प्रहलाद कुमार, रवींद्र शर्मा, प्रियरंजन कुमार, अंकित कुमार, रंजन कुमार, राजकुमार और टुनटुन यादव ने बताया कि गांव के चारों ओर पानी है। घरों में भी घुस गया है। हमलोग असहाय हो चुके हैं। अब तक प्रशासन की ओर से कोई सहायत नहीं मिली है। सबसे बड़ी समस्या मवेशियों के चारे की हो गई है। पशुपालकों के सामने अपने जानवरों को बचाने की बड़ी चुनौती खड़ी हो गई है।

**राहत और बचाव कार्य जारी:** इस संबंध में एसडीओ अमित कुमार पटेल ने बताया कि राहत और बचाव का काम शुरू कर दिया गया है। प्रभावित परिवारों के बीच सूखा राशन का वितरण किया जा रहा है।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com

# करगहर में एनडीए कार्यकर्ता सम्मेलन,केंद्रीय मंत्री बोले- जंगल राज से निकलकर विकास की राह पर बिहार




निज संवाददाता

**करगहर(रोहतास)।** करगहर प्रखंड क्षेत्र के ईटवांडीह मैदान में सोमवार को एनडीए द्वारा आयोजित करगहर विधानसभा कार्यकर्ता सम्मेलन का उद्घाटन केंद्रीय मंत्री रामनाथ ठाकुर , श्रम संसाधन राज्य मंत्री संतोष सिंह, सांसद राधामोहन सिंह, विधायक लखेन्द्र पासवान, प्रदेश अध्यक्ष संसदीय बोर्ड लोजपा (आर) हुलास पांडेय , राष्ट्रीय महासचिव (आरएलएम) रेखा गुप्ता, प्रदेश सचिव ( हम) सवितुल्लाह ख़ान उर्फ टुटुल खान ने दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से किया । सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री ने कहा कि मैं प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के संदेश को आप लोगों के बीच रखने आया हूं । जंगल राज का वह दिन आपको याद होगा । जब यहां का आम नागरिक असुरक्षित महसूस कर रहे थे । राज्य में अपहरण ,चोरी ,बलात्कार और रंगदारी का माहौल कायम था । बिहारवासी भयभीत थे इस परिस्थिति में 2005 में मुख्यमंत्री ने प्रदेश की बागडोर संभाली । जदयू और भाजपा के नेतृत्व में बिहार उन्नति , विकास , प्रगति की और तेजी से बढ़ने लगा । अपराध को नियंत्रण में कर भय मुक्त ,सुदृढ़ व्यवस्था कायम की गई । उन्होंने बताया कि 10 लाख बेरोजगार युवकों को नौकरियां और लाखों बेरोजगार को कम ब्याज में ऋण उपलब्ध कराने का अभूतपूर्व कार्य किया गया है । शिक्षा ,स्वास्थ्य और कृषि पर विशेष कार्य किया गया है । उन्होंने कहा कि विगत नवंबर माह में प्रदेश में चुनाव का महापर्व है । जिसमें सम्मिलित होने के लिए आपको न्योता देने आए हैं । उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री ने समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का कार्य किया है । सम्मेलन में कार्यकर्ताओं को अन्य मंत्रियों ने सरकार की उपलब्धियां की चर्चा की । इस बीच जदयू कार्यकर्ताओं ने मंच पर बैठे करगहर विधानसभा के भावी प्रत्याशियों के पक्ष में नारे बाजी शुरू कर दी । काफी शोर शराबे के बाद भी कार्यकर्ता शांत नहीं हुए तो नाराज होकर कार्यकर्ता सम्मेलन की अध्यक्षता कर रहे भाजपा के जिलाध्यक्ष संतोष कुमार पटेल ने कहा की यह कार्यकर्ता सम्मेलन है । यहां टिकट का बंटवारा नहीं हो रहा है

# प्रेम-प्रसंग में युवती की हत्या, प्रेमी गिरफ्तार, ग्रामीणों ने पकड़ा आरोपी

निज संवाददाता



**तिलौथू (रोहतास)।** रोहतास जिले से एक बेहद दुखद और सनसनीखेज मामला सामने आया है, जहां प्रेम-प्रसंग में युवती की हत्या कर दी गई। मृतका की मां ने अपने बेटी के प्रेमी, दो बच्चों के पिता, बजरंगी कुमार पर हत्या का आरोप लगाया है। मामला तिलौथू थाना क्षेत्र के खीरीयावं गांव का बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, मृतका रुबी की मां ने बताया कि लगभग दो महीने पहले उनका बेटी रुबी को आरोपी युवक ने शादी का झांसा देकर भगा ले गया था। तब से वह नासरीगंज थाना क्षेत्र के खीरीयावं गांव में अपनी बहन के घर रुबी के साथ रह रहा था। परिजनों की मानें तो दोनों के बीच लगातार प्रेम संबंध चल रहे थे और कई बार दोनों पक्षों में विवाद भी हो चुका था। मृतका की मां ने बताया कि 24 अगस्त की रात को रुबी ने फोन किया और काफी देर तक बातचीत हुई। बातचीत के दौरान आरोपी ने रुबी की मां से दो लाख रुपए की मांग की। पैसे न मिलने पर आरोपी ने अपनी प्रेमिका को मार डाला। 25 अगस्त की सुबह आरोपी शव को ऑटो में लेकर गांव लेकर आया, तभी ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सासाराम सदर अस्पताल भेजा गया। जानकारी के अनुसार, बजरंगी कुमार हुरका पंचायत के कोईडीह गांव के निवासी हैं। उनकी शादी 2017 में बेबी देवी से हुई थी और उनके दो बच्चे हैं, जिनकी उम्र साढ़े चार साल और दो साल है। शादी के बाद वह महेशडीह गांव की रामलाल राम की बेटी रुबी के संपर्क में आया और दोनों के बीच फोन पर बातचीत शुरू हो गई। एक बार रुबी के भाई ने दोनों को पकड़ लिया और आरोपी के साथ मारपीट की गई। घटना के बाद एक महीने पहले दोनों घर छोड़कर भाग गए थे और आरोपी अपनी प्रेमिका रुबी के साथ अपनी बहन के घर रहने लगा। उसकी पत्नी बेबी देवी अपने बच्चों के साथ रहती है। थानाध्यक्ष जय राम शुक्ल ने बताया कि आरोपी युवक शव लेकर अपने गांव जा रहा था, तभी ग्रामीणों ने उसे पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और शव पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। इस दर्दनाक घटना ने पूरे क्षेत्र में डर और चिंता फैला दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रेम संबंधों में ऐसे अत्याचार और दबाव भविष्य में और गंभीर घटनाओं को जन्म दे सकते हैं। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और सभी पहलुओं को उजागर करने के लिए पूछताछ जारी है।

## संक्षिप्त समाचार

# बिक्रमगंज में प्रज्ञा प्रवाह का मासिक व्याख्यान आयोजित

### भारत बोध पर शिक्षाविदों ने रखे सारगर्भित विचार

**बिक्रमगंज / रोहतास।** बिक्रमगंज में रविवार को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनुषांगिक संगठन प्रज्ञा प्रवाह (चिति) की ओर से संत एस.एन. ग्लोबल स्कूल, डुमरांव रोड राष्ट्रीय राजमार्ग पर अवस्थित विद्यालय परिसर में मासिक व्याख्यान का आयोजन किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन कर मुख्य अतिथि सेवानिवृत्त शिक्षक राम नरेश पांडेय, मुख्य वक्ता मिथिलेश राय (विभाग संयोजक), डॉ नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय बिक्रमगंज के प्राचार्य सह आयोजन समिति अध्यक्ष डॉ. अमरेंद्र कुमार मिश्र, अरुण कुमार संयोजक, डॉ दिलीप कुमार सह- संयोजक व अन्य शिक्षाविदों ने संयुक्त रूप से किया ।आयोजन समिति ने मुख्य अतिथि व मुख्य वक्ता को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया । कार्यक्रम की अध्यक्षता संत एस एन ग्लोबल स्कूल के वरीय शिक्षक विकास कुमार और संचालन प्रज्ञा प्रवाह के संयोजक सह शिक्षक अरुण कुमार ने किया । मुख्य अतिथि राम नरेश पांडेय ने भारत बोध विषय पर बोलते हुए कहा कि भारत की संस्कृति और सभ्यता विश्व में अनुपम है । यहां विविधताओं के बीच एकता की अद्वितीय परंपरा है । उन्होंने विष्णु पुराण के श्लोक "गायन्ति देवाः" का उल्लेख कर भारतीय संस्कृति की वैश्विक स्वीकार्यता पर प्रकाश डाला । मुख्य वक्ता मिथिलेश राय ने कहा कि भारत की भूमि ज्ञान-विज्ञान की जननी है, जहां देवी-देवता भी जन्म लेने को लालायित रहते हैं । उन्होंने भारत के रसायन,भौतिकी,जीवविज्ञान, गणित, खगोलशास्त्र,अर्थशास्त्र सहित विभिन्न विषयों में भारत की गौरवशाली परंपरा पर विस्तार से चर्चा की । इस क्रम में डॉ नागेंद्र झा महिला महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.अमरेंद्र कुमार मिश्रा और इंदु तपेश्वर सिंह महिला महाविद्यालय के वरीय व्याख्याता डॉ. रविंद्र कुमार ने भी भारत बोध पर अपने विचार रखे । मौके पर भाजपा जिला प्रवक्ता रविकांत मिश्रा,आर.एस.एस. वरिष्ठ स्वयंसेवक संजय तिवारी, डॉ.अभिषेक कुमार पांडेय, प्रज्ञा प्रवाह संयोजक सह शिक्षक डॉ.दिलीप कुमार, मुकेश पांडेय, अजय पांडेय, विद्या शंकर तिवारी, सुनील कुमार पांडेय,नंद किशोर पांडेय, श्रीनिवास दीक्षित समेत सैकड़ों शिक्षाविद व प्रबुद्धजन उपस्थित रहे । अंत में वक्ताओं ने सामूहिक संकल्प लिया कि भारत की समृद्ध सांस्कृतिक धरोहर और ज्ञान परंपरा को समाज में गहराई तक पहुंचाने का कार्य प्रज्ञा प्रवाह निरंतर करता रहेगा । अंत में धन्यवाद ज्ञापन डॉ दिलीप कुमार ने किया तथा उन्होंने इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, मुख्य वक्ता, अध्यक्ष, उपस्थिति सभी सम्मानित बुद्धिजीवी, सामाजिक कार्यकर्ता, विद्यालय परिवार के प्रबंधक श्री प्रकाश आनन्द, अंकुर आनंद तथा सभी कर्मचारियों को धन्यवाद दी।

# नवरात्रि में प्रसाद वितरण के तैयारी को लेकर योग भगाए रोग ग्रुप ने की बैठक




**डेहरी,(रोहतास)।** दिनांक 24.08.2025 दिन रविवार को योग भगाए रोग ग्रुप के द्वारा नवरात्रि में चावल मार्केट दुर्गा मंदिर डालमियानगर व अन्य मंदिरों में प्रसाद वितरण के तैयारी से संबंधित एक बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक में नवरात्रि में लगातार नौ दिन प्रसाद वितरण करने का निर्णय सर्वसम्मति से लिया गया और दिन के हिसाब से अलग अलग प्रकार का प्रसाद जैसे साबुदाना खीर, बुनिया, खिचड़ी, चावल खीर, बेसन हलवा और सूजी हलवा बनाने और वितरण करने, भीड़ नियंत्रण व्यवस्था, सभी आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने और बढ़ चढ़ कर श्रम और धन दान करने का निर्णय सर्व सम्मति से किया गया। बता दे बैठक की अध्यक्षता बबलू मधेशिया ने की। वही ग्रुप के निदेशक विकास कुमार ने बताया कि नवरात्रि में नौ दिन लगभग 4 से 5 हजार लोगों में प्रसाद वितरण किया जाता है। प्रसाद का वितरण चावल मार्केट दुर्गा मंदिर के साथ ही अन्य मंदिरों में भी कराया जाता है।मौके पर उपस्थित सदस्यों में उपाध्यक्ष रवि शंकर प्रसाद, कोषाध्यक्ष अनिल गुप्ता, सचिव पंकज रंजन, संरक्षक अरुण गुप्ता, सचेतक अरुण तिवारी, मीडिया प्रभारी प्रिंस राज, तकनीकी सलाहकार अनीश कुमार, स्वयंसेवक मोहन सिंह, सज्जन कुमार, आनंद सिंह, राजू सोनी, संजय कुमार, उमेश सिंह आदि समेत उपस्थित रहे।

# स्कॉर्पियो ने लूना बाइक में मारी जोरदार टक्कर,दो जख्मी

निज संवाददाता



**काराकाट। रोहतास।** स्कॉर्पियो ने लूना बाइक में मारी जोरदार टक्कर,दो लोग जख्मी । यह सड़क हादसा रविवार को देर शाम करीब 7:30 बजे बिक्रमगंज- डेहरी एनएच 120 ए पर काराकाट थाना क्षेत्र के जमुआ के समीप घटित हुई । इस घटना में स्वर्गीय राम प्रवेश महतो के 32 वर्षीय पुत्र अरविंद महतो और दरोगा यादव के 55 वर्षीय पुत्र अशोक सिंह दोनों ही पशुओं की व्यापारी कर अपने लूना गाड़ी पर काराकाट से बाजार से आ रहे थे । उसी क्रम में जमुआ पेट्रोल पंप पर पेट्रोल लेने के लिए जा रहे थे,इसी बीच अज्ञात स्कॉर्पियो ने जोरदार टक्कर मार दी । घटना को अंजाम देकर चालक स्कॉर्पियो लेकर भाग निकला । उक्त क्रम में लूना बाइक पर दो लोग सवार थे । जिसमें अरविंद महतो को गंभीर चोटें आई है । घटना की खबर मिलते ही काराकाट थाना के एसआई श्याम किशोर अपनी टीम के साथ गस्ती की गाड़ी से घटना स्थल पर पहुंच जायजा लेते हुए दोनों जख्मियों को गोड़ारी स्थित सीएचसी अस्पताल में प्राथमिक इलाज हेतु भर्ती करवाया । जिसमें अमौरा गांव निवासी स्वर्गीय राम प्रवेश महतो के 32 वर्षीय पुत्र अरविंद महतो को गंभीर चोटें होने के कारण सासाराम रेफर कर दिया गया । वहीं दरोगा यादव के 55 वर्षीय पुत्र अशोक सिंह को इलाज सरकारी हॉस्पिटल में कराई जा रही हैं । जिनका स्थिति ठीक बताई जा रही है । स्थानीय लोगों की माने तो लूना पर सवार दो व्यक्ति तो थे ही वही बगल से साईकल से जा रहे एक छोटा व्यापारी जिनकी पहचान थाना क्षेत्र के मियरियां बाल निवासी मोउनुदिन के रूप में बताई जाती हैं । जिनका एक छोटा दुकान काराकाट थाना क्षेत्र के करूप बाजार पर स्थित है । इस हादसे की चपेट में आ गए,गनीमत रही की उन्हें सिर्फ हल्की-फुल्की चोटें आई है । जो अपना प्राथमिक इलाज कराकर घर वापस लौट गए । थानाध्यक्ष भागीरथ कुमार ने बताया कि अभी तक परिजनों द्वारा इस हादसें में कोई आवेदन प्राप्त नहीं हुआ है ।

# विधानसभा चुनाव को लेकर सख्त हुई प्रशासनिक मशीनरी,बिक्रमगंज में सड़क पर उतरे एसडीएम-डीएसपी

निज संवाददाता



**बिक्रमगंज (रोहतास)** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र में शांति व्यवस्था कायम रखने एवं यातायात नियमों के पालन कराने हेतु प्रशासन पूरी तरह से सक्रिय हो गया है । शहर के तेंदुनी चौक पर अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी संकेत कुमार खुद सड़क पर उतरकर वाहन जांच अभियान का नेतृत्व किया । इस दौरान थानाध्यक्ष ललन कुमार, पुलिस अधिकारी व पुलिस बल के जवान भी मौजूद रहे । अचानक शुरू हुई इस जांच से दोपहिया वाहनों की रफ्तार थम गई और सड़क पर हलचल बढ़ गई । अभियान के तहत हेलमेट,जूता,सीटबेल्ट,ड्राइविंग लाइसेंस,ऑनर बुक,प्रदूषण प्रमाणपत्र समेत अन्य दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई । साथ ही सभी वाहनों की डिक्की खोलकर भी तलाशी ली गई । डीएसपी संकेत कुमार ने बताया कि आगामी विधानसभा चुनाव के मद्देनजर शांति व्यवस्था व कानून- व्यवस्था बनाए रखने के साथ-साथ यातायात नियमों के पालन को लेकर यह जांच अभियान चलाया जा रहा है । अनुमंडल के सभी थानों में थानाध्यक्षों के नेतृत्व में लगातार वाहन जांच की जाएगी । वाहन जांच के क्रम में पुलिस ने नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों पर सख्ती दिखाते हुए कुल 68 हजार 500 रुपये का ऑनलाइन चालान काटा । मौके पर एसडीएम,डीएसपी, थानाध्यक्ष,पुलिस अधिकारी,पुलिस बल के जवान एवं वाहन चालक मौजूद रहे ।

**» वाहन जांच अभियान में काटा गया 68,500 रुपये का ऑनलाइन चालान**

# सासाराम में इश्क का अंजाम बना खूनी खेल, प्रेमी ने गोली मारकर दी जान, प्रेमिका गंभीर घायल

निज संवाददाता



**सासाराम।** सासाराम से सोमवार को दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां प्रेम प्रसंग को लेकर विवाद इतना बढ़ गया कि युवक ने अपनी प्रेमिका पर गोली चला दी और फिर खुद को भी शूट कर लिया। इस घटना में युवक की मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से जख्मी युवती अस्पताल में जिंदगी और मौत के बीच जूझ रही है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई और दोनों परिवारों में मातम छा गया। मामला नगर थाना क्षेत्र के लक्ष्मीनगर के पास एक निजी वैंकेट हॉल का है। बताया जा रहा है कि दलेलगंज मोहल्ले की रहने वाली 24 वर्षीय युवती काजल कुमारी और गोला रोड निवासी युवक जैकी कुमार के बीच लंबे समय से प्रेम प्रसंग चल रहा था। दोनों अक्सर मिलते-जुलते थे, लेकिन हाल के दिनों में दोनों के बीच अनबन बढ़ गई थी। सोमवार को जब दोनों वैंकेट हॉल में बातचीत कर रहे थे, तभी विवाद इतना बढ़ गया कि युवक ने पिस्टल निकाल प्रेमिका के सिर और सीने में गोली मार दी। गोली लगते ही युवती शोर मचाते हुए बाहर भागी, जिससे आसपास के लोग वहां इकठ्ठा हो गए। भीड़ को देख युवक ने बाहर भी गोलियां चलायीं, हालांकि गनीमत रही कि कोई और घायल नहीं हुआ। इसके बाद युवक दोबारा कमरे में गया और खुद को गोली मार ली। मौके पर ही उसकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घायल युवती को तत्काल सदर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर स्थिति देखते हुए बेहतर इलाज के लिए रेफर कर दिया। पुलिस ने घटनास्थल से एक देशी कट्टा और कई कारतूस बरामद किए हैं। परिजनों का कहना है कि काजल की शादी तय हो चुकी थी और जल्द ही विवाह होना था। इस बात से नाराज युवक लगातार उस पर शादी का दबाव बना रहा था। लड़की के मना करने पर वह धमकी देता था कि अगर वह उसकी नहीं बनी तो किसी और की भी नहीं बनने देगा। परिवार के मुताबिक युवक पहले भी फोन पर धमकियां देता था और लड़की को परेशान करता था। एसपी ट्रैफिक ने बताया कि यह मामला प्रेम प्रसंग और पारिवारिक दबाव का प्रतीत होता है। पुलिस पूरे मामले की गहराई से जांच कर रही है और दोनों परिवारों से पूछताछ जारी है। इस दर्दनाक घटना ने पूरे शहर को झकझोर दिया है। दलेलगंज और गोला रोड इलाके में मातमी सन्नाटा पसरा है।

# अमित शाह जी का स्पष्ट संवाद भाजपा की पारदर्शिता और सुशासन की पहचान : त्रिविक्रम

निज संवाददाता

**डेहरी (रोहतास)।** भारतीय जनता पार्टी बिहार के प्रदेश मंत्री सह क्षेत्रीय प्रभारी त्रिविक्रम नारायण सिंह ने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा एक समाचार एजेंसी को दिए गए हालिया साक्षात्कार को स्पष्टता और रचनात्मक राजनीति का प्रतीक बताया। श्री सिंह ने कहा कि अमित शाह जी ने अपने वक्तव्य में तीन अहम बिंदुओं को सामने रखा। संवैधानिक संशोधन विधेयक पर अमित शाह जी ने स्पष्ट कहा कि इस विधेयक पर अनावश्यक भ्रम या राजनीति की गुंजाइश नहीं है। यह जनता के हित और लोकतंत्र की मजबूती का विषय है। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ पर विपक्षी दलों की ओर से फैलाई जा रही अफवाहों को खारिज करते हुए गृह मंत्री ने साफ कहा कि "इस पर बेवजह हंगामा खड़ा करने की आवश्यकता नहीं है।" यह बयान भाजपा की जिम्मेदार और संयमित राजनीति को दर्शाता है। राहुल गांधी और विपक्ष की भूमिका पर श्री शाह ने विपक्ष को सलाह दी कि उन्हें केवल राजनीति करने के बजाय जनता के हित में रचनात्मक सहयोग देना चाहिए। इस साक्षात्कार में आए दृष्टिकोण पर प्रदेश मंत्री त्रिविक्रम नारायण सिंह ने कहा कि"अमित शाह जी का संवाद हम कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का स्रोत है। भाजपा हमेशा पारदर्शिता, सुशासन और राष्ट्रीय हित में राजनीति करने पर विश्वास करती है। बिहार की जनता भी इसी सोच के साथ भाजपा का साथ दे रही है।" उन्होंने आगे कहा कि पार्टी कार्यकर्ता इस स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ जनता तक सरकार की योजनाएँ और उपलब्धियाँ पहुँचाएँगे, जिससे बिहार विकास और स्थिरता के नए आयाम छू सके।

# खाली गैस सिलेंडर लदे ट्रक और यात्री बस की आमने- सामने हुई भिड़ंत

निज संवाददाता




**बिक्रमगंज : रोहतास ।** सोमवार की अहले सुबह करीब 3:30 बजे आरा-सासाराम मुख्य मार्ग पर दुर्गाडीह पेट्रोल पंप के समीप एक दिल दहला देने वाला हादसा हो गया । खाली गैस सिलेंडर लदे ट्रक और यात्री बस की आमने- सामने हुई भिड़ंत ने कुछ ही पलों में चीख-पुकार का माहौल खड़ा कर दिया । टक्कर इतनी भीषण थी कि आसपास का इलाका दहल उठा और नींद से जागे लोग दौड़े-दौड़े घटनास्थल पर पहुंचे । सूचना पाकर 112 नंबर की पुलिस टीम मौके पर पहुंची और राहत कार्य में जुट गई । इसके बाद बिक्रमगंज डीएसपी संकेत कुमार व थानाध्यक्ष ललन कुमार दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और घायल यात्रियों व चालकों को किसी तरह बाहर निकाल अस्पताल पहुंचाया । सूत्रों के अनुसार पटना से सासाराम जा रही भोलेशंकर(नागेंद्रा) यात्री बस और बिक्रमगंज से आरा की ओर जा रहा खाली सिलेंडर लदा ट्रक सीधी टक्कर में भिड़ गए । हादसे के वक्त बस में करीब आधा दर्जन यात्री सवार थे,जिन्हें हल्की-फुल्की चोटें आईं और सभी का इलाज अनुमंडलीय अस्पताल में कराया गया । सबसे भयावह स्थिति दोनों चालकों की रही । बस चालक चंदन कुमार (पुत्र त्रिलोकी राम बैठा,निवासी कझाई,बिक्रमगंज) और ट्रक चालक राहुल कुमार पासवान (निवासी बेला, थाना बाराचट्टी,गया) गंभीर रूप से घायल हो गए । दोनों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया,जहां इलाज के दौरान चंदन कुमार ने दम तोड़ दिया । उनकी मौत की खबर मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया,घर में चीख-पुकार गूंज उठी । वहीं ट्रक चालक की हालत अब भी नाजुक बनी हुई है । थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि मृतक चालक के शव को कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेजा गया है । पुलिस ने दोनों वाहनों को अपनी अभिरक्षा में ले लिया है ।

# प्राथमिक,मध्य व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षक,प्रधानाध्यापकों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का हुआ शुभारंभ

निज संवाददाता



**बिक्रमगंज : रोहतास।** समावेशी शिक्षा के संदर्भ में प्रखंड के सभी प्राथमिक,मध्य व उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधान शिक्षक,प्रधानाध्यापकों का तीन दिवसीय गैर आवासीय प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रखंड के उर्दू प्राथमिक विद्यालय धनगाईं में आयोजित की गई । जिसका उद्घाटन प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी बिक्रमगंज रितेश कुमार, समावेशी शिक्षक अभिषेक रंजन एवं सत्येंद्र कुमार मिश्रा द्वारा दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । प्रशिक्षण की शुरुआत प्रधानाध्यापक आनंद प्रकाश,मोहम्मद शमशाद अली,आशीष कुमार पाठक द्वारा प्रार्थना एवं अभियान गीत के साथ की गई । समावेशी शिक्षक अभिषेक रंजन ने बताया कि राज्य के निर्देश के आलोक में सभी विद्यालय प्रधान का तीन दिवसीय और दिव्यांग बच्चो के अभिभावकों को दो दिवसीय प्रशिक्षण दिया जाना है । जिस क्रम में सोमवार को प्रधानाध्यापकों के प्रथम बैच के प्रशिक्षण की शुरुआत की गई । जिसमें प्रधान शिक्षकों को शैक्षणिक पठन-पाठन में दिव्यांग बच्चों का समावेशन,दिव्यांग बच्चों को चिन्हित कर सरकार द्वारा उपलब्ध सरकारी सहायता उपलब्ध कराने एवं उन्हें सामान्य बच्चों के साथ वर्ग कक्ष में पढ़ाई में शामिल करने सहित अन्य जानकारियां दी गई । तीन दिन के प्रशिक्षण में समावेशी शिक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विस्तार पूर्वक बातें होंगी । प्रशिक्षण में नवीन कुमार नवीन,कुमुद रंजन तिवारी,अब्दुल रशीद,सत्येंद्र कुमार सिंह,कुमार चंद्रशेखर,जीतेन्द्र सिंह,अभिमन्यु पटेल,चंदन कुमार मिश्रा,अभिषेक सिन्हा,अफजल अहमद,कांति कुमारी,संतोष कुमार,रिंकू कुमारी, अमित गौरव सहित कई प्रधान शिक्षक एवं प्रधानाध्यापक मौजूद थे । तीन दिवसीय आवासीय प्रशिक्षण दो बैच में संचालित है,जो 30 अगस्त तक चलेगा । उसके बाद दिव्यांग बच्चों के अभिभावकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा ।

# संक्षिप्त समाचार

## मुंगेर पहुंची एशिया कप हॉकी ट्रॉफी

**मुंगेर।** मुंगेर संग्रहालय सभागार में मेन्स हॉकी हीरो एशिया कप-2025 के क्रम में सोमवार को ट्रॉफी गौरव यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर ,अपर समाहर्ता मनोज कुमार उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने ट्रॉफी का स्वागत किया। वही समाहरणालय के पास ट्राफी को रखकर प्रदर्शित किया गया जंहा कई विद्यालयों के छात्र-छात्राओं, एनसीसी कैडेट्स और खेल प्रेमियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस मोके पर जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पणीकर ने कहा की, 'इसके प्रदर्शन से हमारे जिला के खिलाड़ियों में भी एक जोश आएगा और भविष्य में इस प्रकार के खेलों में भाग लेंगे जिससे हमारे जिला और देश का नाम रौशन होगा।' उन्होंने छात्र छात्राओं और खिलाड़ियों से कहा की, 'ऐसा सपना होना चाहिए जो सोने ना दे, जीवन में अगर कुछ करना है तो मेहनत करना होता है, इसलिए खेल में अगर मेहनत करते है अपने शरीर के साथ ब्लॉक से लेकर राज्य तक में अपना नाम रोशन कर सकते है।'

**28 अगस्त से 7 सितम्बर तक हीरो एशिया कप:** हीरो एशिया कप 2025 राजगीर, बिहार में दिनांक 28 अगस्त से 7 सितम्बर तक आयोजित किया जायेगा। जिसमें आठ देशों में क्रमशः भारत, चीन, चीनी ताइपे, जापान, कोरिया, मलेशिया, कज़ाख़िस्तान एवं बांग्लादेश के हॉकी टीमों का महा मुकाबला होगा। यह ट्रॉफी यात्रा का आयोजन सम्पूर्ण बिहार में 17 अगस्त से शुरू हुई है जो 26 अगस्त तक निर्धारित है।

## मुंगेर के गंगा घाटों पर वर्ती महिलाओं की भीड़

**मुंगेर।** मुंगेर में हरितालिका तीज और चौथचंद पर्व के मौके पर गंगा घाटों पर श्रद्धालुओं की भारी भीड़ देखी जा रही है। श्रद्धालु नहाय-खाय की परंपरा का पालन कर रहे हैं। जिला मुख्यालय के कष्टहरणी घाट, बबुआ घाट और सोझी घाट समेत कई घाटों पर लोगों की भीड़ जुटी है। प्रखंड क्षेत्र के घाटों पर भी श्रद्धालुओं की आवाजाही बनी हुई है। जिला प्रशासन ने सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। सभी घाटों पर लाल रिबन के साथ रस्सी लगाई गई है। यह रस्सी लोगों को गहरे पानी में जाने से रोकने के लिए लगाई गई है। घाटों पर गोताखोर तैनात किए गए हैं। पुलिस और यातायात पुलिस की भी तैनाती की गई है।

**खरीदारी के लिए बाजार में भीड़:** श्रद्धालुओं ने बताया कि इस बार हरितालिका तीज और चौथचंद पर्व एक ही दिन पड़े हैं। दोपहर में महिलाएं हरितालिका तीज मनाएंगी। शाम में चौथचंद पर्व होगा। इस कारण महिलाएं एक दिन पहले नहाय-खाय कर रही हैं। बाजारों में भी त्योहार की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ देखी जा रही है।

## मंत्रों के जाप एवं देवी नाम के स्मरण से पापों का दहन संभव : गोविंद देव

**मुंगेर।** संन्यास पीठ में चल रही देवी भागवत कथा की रविवार को स्वामी गोविंद देव गिरि महाराज ने राजा जन्मेजय के प्रश्न से शुरुआत की। जिसमें वे वेद व्यास जी से पूछते हैं कि जीवों से अनचाहे में भी पाप कर्म हो जाते हैं, तो उनका प्रक्षालन कैसे संभव है? इस पर वेदव्यास जी ने उत्तर दिया कि साधक को चाहिए पाप कर्म दोबारा न करने का निश्चय कर देवी का ध्यान करें। उनके मंत्रों का जप और नाम-स्मरण करें। इससे पापों का दहन निश्चित होता है। स्वामीजी ने कहा कि भगवान का नाम इतना शक्तिशाली है कि चाहे श्रद्धा से लिया जाए या बिना श्रद्धा के, उसका परिणाम हमेशा सकारात्मक होता है। यही कारण है कि अच्छे साधक निरंतर नाम-जप में लीन रहते हैं। कथा के दौरान व्यासदेव ने देवी स्वरूपा पवित्र नदियों का उल्लेख किया और कहा कि गंगा के दर्शन मात्र से ही मुक्ति का फल मिलता है-गंगे तव दर्शनात् मुक्तिः।

## बांका टाउन थाना क्षेत्र में वन विभाग का ट्रैक्टर पलटा, 12 मजदूर घायल

**बांका।** बांका टाउन थाना क्षेत्र के हथिया पथार गांव के पास सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। वन विभाग का मजदूर लदा एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर अचानक असंतुलित होकर पलट गया। इस हादसे में दर्जनभर मजदूर गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से बांका सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। वन विभाग की ओर से 12 मजदूर एक ट्रैक्टर पर सवार होकर काम करने के लिए जा रहे थे। रास्ते में हथिया पथार गांव के पास ट्रैक्टर बेकाबू होकर पलट गया। हादसे के दौरान कई मजदूर ट्रैक्टर के नीचे दब गए, जबकि कुछ सड़क किनारे गिरकर घायल हो गए। स्थानीय ग्रामीण तुरंत मौके पर पहुंचे और सभी मजदूरों को बाहर निकालकर इलाज के लिए अस्पताल भेजा।

**सभी घायलों का इलाज जारी:** घायलों में जयंती देवी, फूलमती देवी, अंकिता देवी, दुलारी मरांडी, अल्बीना बासुकी, विपिन बासुकी, खुशबू देवी, चक्की देवी, अनीता देवी, मालती हेम्ब्रम, सुनीता देवी और शिवनंदन मरांडी शामिल हैं। डॉक्टरों की देखरेख में सभी का इलाज जारी है। कुछ मजदूरों की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची। थानाध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि सभी घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज जारी है।

# गर्लफ्रेंड के पति ने जदयू नेता को मारी गोली

♦ शादी के बाद भी छिप-छिपकर मिलते थे, 5 साल से चल रहा था अफेयर

**निज संवाददाता। बेगूसराय**



बेगूसराय में JDU नेता और उप मुखिया पति बबलू महतो को गोली मारी गई है। पुलिस सूत्रों की माने तो JDU नेता का गांव की ही एक लड़की से अफेयर चल रहा था। 5 साल पहले लड़की शादी हो चुकी थी, लेकिन बबलू और अनीता दोनों का छिप-छिपकर मिलना जारी था। अनीता का पति यूपी में रहता था। उसे दोनों के अफेयर का पता चला। उसने पत्नी पर बॉयफ्रेंड को छोड़ने का दबाव बनाया। अनीता मान गई, लेकिन JDU नेता उसे छोड़ने को तैयार नहीं था। इसी बीच रविवार को अनीता के पति ने बबलू को गोली मार दी। सोमवार देर रात पुलिस ने पूरे मामले का खुलासा किया है। पुलिस की माने पति के दबाव में लड़की ने JDU नेता से बात कम कर दी थी। वो लड़की पर पहले दिए सवा लाख रुपए वापस करने के लिए दबाव बनाने लगा था। पुलिस ने इस मामले में आरोपी, उसकी पत्नी और सास को गिरफ्तार किया है। पूछताछ के बाद तीनों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है। घटना मंसूरचक थाना क्षेत्र की है।

**SP बोले- पैसों के लिए दबाव बना रहा था JDU नेता:** SP मनीष ने बताया कि '23 अगस्त देर शाम करीब 7:35 बजे जमालदीपुर निवासी बबलू कुमार महतो को गोली मारकर गंभीर रूप से घायल कर दिया था। जिसके बाद तेघड़ा DSP कृष्ण कुमार के नेतृत्व में मंसूरचक थानाध्यक्ष गोविंद कुमार पांडेय की टीम ने छानबीन शुरू की।' 'तकनीकी अनुसंधान और सूचना के आधार पर घटना में शामिल उत्तर प्रदेश के कासगंज निवासी रामगोपाल भारद्वाज, उसकी पत्नी जमालदीपुर निवासी अनीता देवी और सास सावित्री देवी को पकड़ा।' 'पूछताछ के दौरान आरोपियों ने बताया कि पैसों को लेकर कुछ दिन पहले झगड़ा हुआ था। इसी विवाद में बबलू को गोली मारी गई है। मेडिकल चेकअप के बाद तीनों को जेल भेज दिया गया है।'

**JDU नेता ने घर बनाने के लिए दिए थे 1.25 लाख रुपए:** सूत्रों की माने तो गोली मारने का एक कारण प्रेम प्रसंग भी है। अनीता की शादी 5 साल पहले हुई थी, लेकिन उसका प्रेम प्रसंग बबलू महतो से चल रहा था। जिसके कारण वह ससुराल नहीं जा रही थी। पति ने छोड़ दिया था। 3 साल पहले बबलू ने उसे घर बनाने के लिए करीब सवा लाख (1.25) रुपए दिए थे। पहले पति के छोड़ने के बाद पिता ने अनीता की दूसरी शादी उत्तर प्रदेश में रामगोपाल भारद्वाज से कर दी। लेकिन दूसरे पति के साथ भी वह ससुराल नहीं जाना चाहती थी। बबलू के साथ उसका घूमना फिरना दूसरे पति को पसंद नहीं था। 20-22 दिन पहले रामगोपाल ससुराल आया था। इसे दोनों के बारे पता चला।

**देख लेने की धमकी दी गई थी:** अफेयर का पता चलने के बाद रामगोपाल पत्नी पर बबलू से दूर होने का दबाव बनाने लगा। जिसके बाद वो बबलू से दूर हटने की कोशिश कर रही थी। इस बीच 16 अगस्त को बबलू अनीता के घर पर गया था।

# भागलपुर में अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा



**निज संवाददाता। भागलपुर**

भागलपुर-नाथनगर मुख्य मार्ग पर रविवार देर रात अज्ञात वाहन ने प्राइवेट कंपनी के कर्मचारी को रौंद दिया। इलाज के लिए अस्पताल में एडमिट कराया गया है। हालत गंभीर बनी हुई है। घायल की पहचान नहीं हो सकी है। घटमा ललमटिया थाना क्षेत्र के BN कॉलेज के पास की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार युवक काम खत्म करके बाइक से भागलपुर की ओर से नाथनगर जा रहा था। इसी दौरान पीछे से अज्ञात वाहन ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी वो सड़क पर गिर पड़ा और बुरी तरह जख्मी हो गया। हादसे के बाद कुछ देर तक सड़क पर तड़पता रहा। सूचना मिलते ही डायल-112 की टीम मौके पर पहुंची। इलाज के लिए मायागंज पहुंचाया। पहचान की कोशिश की जा रही है।

## बेगूसराय में टॉयलेट का बहाना बनाकर आरोपी फरार

**निज संवाददाता। बेगूसराय**

बेगूसराय में पुलिस की कस्टडी से एक आरोपी टॉयलेट का बहाना बनाकर फरार हो गया। जानकारी के मुताबिक, बछवाड़ा थाना की पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया था, जो पुलिसकर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया। आरोपी के भागने के बाद पुलिस पिछले 10 घंटे से लगातार आरोपी की तलाश में छापेमारी कर रही है। फरार आरोपी बछवाड़ा थाना क्षेत्र के रुदौली गांव का रहने वाला दीना झा है। दीना झा के परिजनों का आरोप है कि उसकी खोज में पहुंची पुलिस ने गाली-गलौज करते हुए धमकी दी है। बछवाड़ा थाना कांड संख्या-162/13 में दीना झा पर गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया गया था। कोर्ट में हाजिर नहीं होने पर उसके खिलाफ वारंट जारी किया गया था। इसी को लेकर रविवार की देर रात उसे गिरफ्तार किया। सोमवार की अहले सुबह उसने शौच जाने की बात कही तो बाहर निकाला गया।

## फारबिसगंज तेरापंथ भवन में प्रयुषण महापर्व का छठा दिन जप दिवस के रूप में मना

**निज संवाददाता। अररिया**

फारबिसगंज तेरापंथ भवन में सोमवार को पर्युषण महापर्व का छठा दिन जप दिवस के रूप में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। मौके पर उपासक सुशील बाफना ने बताया मंत्र के द्वारा मनोबल का विकास किया जा सकता है। नमस्कार महामंत्र ॐ भिक्षु का जाप नित्य करना चाहिए।मंत्र एक समाधान पुस्तक के माध्यम से आचार्य महाप्रज्ञ ने काफी मंत्रों का उल्लेख किया है।उपासक सुमेरमल बैद ने बताया कि जब बार बार एक ही शब्दों की आवर्ती की जाती है,तब वही जप कहलाती है। आध्यात्मिक चिकित्सा में मंत्र बहुत उपयोगी है। कार्यक्रम की शुरूआत कन्या मंडल की बहनों के द्वारा मंगलाचरण से की गई। आचार्य भिक्षु के सिद्धांत की चर्चा करते हुए उपासक द्वय ने बताया शुद्ध साधना के लिए शुद्ध साध्य की जरूरत होती है।लोकोत्तर दान-दया, भाव पूजा के बारे में बताते हुए सभी को विधायक दृष्टिकोण अपनाने पर बल दिया।इसके साथ-साथ उन्होंने आचार के चार बिंदु आस्था आगम,आज्ञा ,आराधना के साथ विचार के चार बिंदु विनय, विवेक, वैराग्य, विधायक भाव की चर्चा की। तेरापंथ समाज के वरिष्ठ सदस्य निर्मल मरोठी ने बताया कि जप के द्वारा हम जन्म जन्मांतर की कड़ी को रोक सकते हैं और अपने पापों का नाश कर सकते हैं।

### पूर्व रेलवे

**शुद्धिपत्र**

उप मुख्य विद्युत अभियंता/लोको, पूर्व रेलवे वर्कशॉप, कांचरापाड़ा, उत्तर 24 परगना, पश्चिम बंगाल, पिन-743145 द्वारा पूर्व में प्रकाशित **ई-निविदा सं. केपीए-ईआरएस-ओटी-01-25-26, दिनांक: 08.08.2025** का शुद्धिपत्र। निविदा मूल्य को जीएसटी और अन्य सभी शुल्कों सहित रु.7,71,73,313.00 के स्थान पर **जीएसटी और अन्य सभी शुल्कों सहित रु.5,71,73,313.00** पढ़ा जाना चाहिए। अन्य सभी नियम और शर्तें अपरिवर्तित रहेंगी। अधिक जानकारी के लिए, कृपया आईआरईपीएस की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** देखें।

(MISC-180/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### कार्यालय नगर परिषद, गढ़वा

E-Mail ID eo.gharhwa.np@gmail.com

**आम सूचना**

नगर परिषद, गढ़वा क्षेत्र के सभी सर्वसाधारण/प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 अंतर्गत प्रथम घटक (लाभार्थी आधारित व्यक्तिगत आवास) के आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निदेशक, नगरीय प्रशासन निदेशालय, नगर विकास एवं आवास विभाग, झारखंड रॉची के आदेशानुसार वित्तीय वर्ष 2024–25 अन्तर्गत नगर परिषद, गढ़वा क्षेत्र अंतर्गत प्राप्त आवेदनों का भौतिक सत्यापन कार्यालय स्तर पर गठित टीमों के द्वारा किया गया है, जिसका प्रकाशन कार्यालय के सूचना पट्ट पर प्रकाशित कर दी गई है। स्वीकृत/अस्वीकृत लाभुकों/आवेदकों से संबंधित अगर आमजनों को किसी प्रकार की दावा आपत्ति हेतु वे दिनांक 26.08.2025 तक साक्ष्य के साथ अपना आवेदन/आपत्ति नगर परिषद गढ़वा कार्यालय में जमा कर सकते है। निर्धारित अवधि के बाद किसी भी प्रकार का आपत्ति/दावा मान्य नहीं होगा।

कार्यपालक पदाधिकारी,
नगर परिषद, गढ़वा।

PR 360400 (Urban Development and Housing) 25-26 (D)

### पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, गढ़वा

**आवश्यक सूचना**
**(नोटिस)**

नाम–(1) आलोक श्रीवास्तव, पिता–स्व0 अलख निरंजन श्रीवास्तव पता–चर्च रोड, डालटनगंज, थाना–शहर, जिला–पलामू, राज्य–झारखण्ड आपको सूचित किया जाता है कि आप गढ़वा थाना कांड सं0–646/22, दिनांक–04.12.2022 धारा–420, 504, 506, 406, भा0द0वि0 एवं 3(I)(X), 3(I)(XI), 3(I)(J),3(I)(K) SC/ST ACT के प्राथमिकी अभियुक्त हैं। आप उक्त काण्ड में अबतक फिरार चल रहे है। आपके विरुद्ध माननीय न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधिश (प्रथम), गढ़वा के द्वारा दिनांक–05.08.2025 को इश्तिहार निर्गत किया गया है। दिनांक–14.08.2025 को आपके घर पर टाउन थाना पलामू के सहयोग से उक्त इश्तिहार का विधिवत तामिला किया गया है। परन्तु आप अपने घर से भी फिरार चल रहे है। उक्त इश्तिहार में आपको दिनांक–02.09.2025 तक माननीय न्यायालय, में आत्मसमर्पण करने का आदेश दिया गया है। अतः आपको सूचित किया जाता है कि आप दिनांक–02.09.2025 तक माननीय न्यायालय, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधिश (प्रथम), गढ़वा, राज्य– झारखण्ड के न्यायालय में आत्मसमर्पन करना सुनिश्चित करें।

पुलिस अधीक्षक,
गढ़वा

**PR 360398 Police(25-26).D**

### कार्यपालक अभियंता का कार्यालय लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

g-mail I.D. – eemid041@gmail.com

**पत्रांकः– 371मेदिनीनगर, दिनांकः– 25/08/2025**

**शुद्धि पत्र**

इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई0 निविदा सूचना सं0:–WRD/MID/MEDININAGAR /$F_2$-05/2025-26 (खजुरिया नाला पर पक्का चेकडैम निर्माण, प्रखण्डः–पाटन) जिसका PR. N0:-360197 Minor Irrigation (25-26)D है, अपरिहार्य कारणवश निम्न संशोधन किया जाता है:–

| क्र0 सं0 | विवरणी | पूर्व में निर्धारित तिथि एवं समय | संशोधित तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|
| 1 | वेबसाईट में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि एवं समय | 28/08/2025 (अपराह्न 03.00 बजे से) | 10/09/2025 (अपराह्न 03.00 बजे से) |
| 2 | वेबसाईट में ई–निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय | 13/09/2025 (अपराह्न 04.00 बजे तक) | 23/09/2025 (अपराह्न 04.00 बजे तक) |
| 3 | ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 15/09/2025 (अपराह्न 05.00 बजे) | 24/09/2025 (अपराह्न 05.00 बजे) |

कार्यपालक अभियंता,
लघु सिंचाई प्रमण्डल, मेदिनीनगर

PR 360362 (Minor Irrigation)25-26*D

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा
### राष्ट्रीय लोक अदालत

दिनांक – 13.09.2025 (शनिवार)
स्थान– व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं
अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी (गढ़वा)।

"आम सूचना"
निःशुल्क, सुलभ एवं शीघ्र न्याय हेतु।

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली के निर्देशानुसार सम्पूर्ण भारत में **"राष्ट्रीय लोक अदालत"** का आयोजन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत **जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा** के तत्वावधान में व्यवहार न्यायालय, गढ़वा एवं अनुमण्डलीय व्यवहार न्यायालय, नगर उंटारी के परिसर में **दिनांक 13.09.2025 (शनिवार)** को **11:00** बजे पूर्वाह्न से **03:00** बजे अपराह्न तक राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जा रहा है। पूर्व परामर्श बैठक (Pre-counselling Sitting) संबंधित न्यायालय में जारी है।

अतः सामान्य जनता एवम् सभी वादीगण/प्रतिवादीगण से अनुरोध है कि अपने मामलों का त्वरित निष्पादन उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत के द्वारा करा कर लाभ उठायें एवम् समय तथा पैसों की बचत करें। इस राष्ट्रीय लोक अदालत में पक्षकार सशरीर अथवा आभासी माध्यम से उपस्थित हो सकते हैं।

उक्त राष्ट्रीय लोक अदालत में निम्नलिखित प्रकार के मामलों का निस्तारण किया जायेगा :–

1. सुलहनीय आपराधिक मामले।
2. श्रम संबंधी विवाद।
3. धारा 138 पराक्रम्य लिखत अधिनियम (NI Act)।
4. भूमि अधिग्रहण संबंधी वाद।
5. मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद।
6. सिविल मामले (बैंक तथा अन्य वसूली वाद)
7. वैवाहिक/कुटुम्ब न्यायालय संबंधी वाद।
8. अपील संबंधी मामले।
9. बिजली एवं पानी संबंधी मामले।
10. वन अधिनियम संबंधी मामले।
11. मद्य् निषेध अधिनियम वाद (Excise Act Cases)
12. BSNL से संबंधित मामले।
13. अन्य सुलहनीय मामले।

श्री अमन कुमार
पुलिस अधीक्षक–सह–सदस्य
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

श्री दिनेश कुमार यादव
उपायुक्त–सह–उपाध्यक्ष
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

श्री दिनेश कुमार
प्रभारी प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश –सह– अध्यक्ष,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा।

**अधिक जानकारी हेतु व्यवहार न्यायालय, गढ़वा स्थित जिला विधिक सेवा प्राधिकार के कार्यालय में प्रत्येक कार्यावधि को 11:00 बजे पूर्वाह्न से 04:00 बजे अपराह्न तक सम्पर्क करें।**

निवेदक :–
सचिव,
जिला विधिक सेवा प्राधिकार, गढ़वा

PR 360423 Law(25-26).D

### पूर्व रेलवे

**सं.ओएएच/2/1/जनरल.दिनांक:22.08.2025** वरिष्ठ मंडल अभियंता, 2, पूर्व रेलवे, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले और आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाकारों से निम्नलिखित ई-निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती है, जिनमें सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पंजीकृत निविदाकार भी शामिल हैं: **वरिष्ठ मंडल अभियंता/डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच के अधीन। क्रम सं. (1) सं. 129_2025-26; कार्य का विवरण:** वरिष्ठ मंडल अभियंता डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच के अधिकार क्षेत्र में एईएन/डीकेएई के अधीन एसएसई/पी.वे/जीआरएई अनुभाग में पी.वे रखरखाव कार्य; **अनुमानित लागत:** रु. 1,41,98,149.81; **बयाना राशि:** रु. 2,21,000.00; **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य; **पूर्णता अवधि:** 10 (दस) माह। **क्रम सं. (2); सं. 141_2025-26; कार्य का विवरण:** एईएन/बीडब्ल्यूएन के अधीन सीनियर डीईएन/2/हावड़ा के अधिकार क्षेत्र में हावड़ा डिवीजन सीटीआर (एस) -15.043 किलोमीटर निम्नलिखित स्थानों में- डानकुनि स्टेशन: अप 2एनडी लूप 0.148-0.870=0.722 किलोमीटर; डानकुनि: डाउन फ्लाईओवर लाइन 0.100-3.390=3.290 किमी; डानकुनि यार्ड: डीएन 2एनडी लूप 0.150-0.900=0.750 किमी; आरडी1 0.088-1.049=0.961 किमी: आरडी2 0-0.826=0.826 किमी; आरडी3 0-0.885=0.885 किमी; आरडी4 0-0.999=0.999 किमी; अनलोडिंग लाइन 1 0-1.253=1.253 किमी; अनलोडिंग लाइन 2 0-1.240=1.240 किमी: अनलोडिंग लाइन 3 0-1.064=1.064 किमी; डीडी लाइन 0-1.144=1.144 किमी. बाली-शक्तिगढ़: जौग्राम डाउन लूप 64.079-64.613=0.534 किमी.; चेराग्राम अप लूप 52.750-53.508=0.758 किमी.; डाउन लूप 52.814-53.431=0.617 किमी. एर्नाकुलम टाउन, डानकुनि और चतरा स्टेशन के अधिकार क्षेत्र में-4.022 टीकेएम स्थानों में:- शक्तिगढ़-बर्धमान जंक्शन: बर्द्धमान जंक्शन डीजल शेड लाइन 5 0-0.218 = 0.218 किमी.; डीजल शेड लाइन 6 0-0.160=0.160 किमी; डीजल शेड लाइन 7 0-0.218=0.218 किमी; डीजल शेड लाइन 8 0-0.289=0.289 किमी; घोर लाइन 0-0.299 =0.299 किमी; डी कैंट लाइन 10-0.165=0.165 किमी; डी कैंट लाइन 20-0.164=0.164 किमी; बर्धमान जंक्शन - खाना जंक्शन खाना जंक्शन अप बैक शंट लाइन 1 0-0.300=0.300 किमी; अप बैक शंट लाइन 2 0-0.504=0.504 किमी; अप बैक शंट लाइन 3.0-0.592=0.592 किमी; अप बैक शंट लाइन 4 0-0.370=0.370 किमी; यूपी बैक शंट लाइन 5 0-0.401=0.401 किमी; यूपी बैक शंट लाइन 60-0.098=0.098 किमी; यूपी बैक शंट लाइन 7 0-0.244=0.244 किमी; अनुमानित लागत: रु. 2,69,31,892.50; बयाना राशि: रु. 2,84,700.00; निविदा प्रपत्र की लागत: शून्य; समापन अवधि: 12 (बारह) महीने। निविदा की अंतिम तिथि एवं समय: 15/09/2025, 14:00 बजे। **अनुमानित लागत:** रु. 2,69,31,892.50; **बयाना राशि:** रु. 2,84,700.00; **निविदा प्रपत्र की लागत:** शून्य; **समापन अवधि:** 12 (बारह) महीने। **निविदा की अंतिम तिथि एवं समय:** 15/09/2025, 14:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित हो जाती है, तो ऑनलाइन निविदा समापन तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर उपलब्ध आवेदन निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद कोई भी प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालाँकि, ऑनलाइन निविदाएँ अगले कार्यदिवस पर खोली जाएँगी। **निविदा का विवरण वेबसाइट www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। कोई भी मैन्युअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-259/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**सं. ओ-एसी-टी-87, 88, 89 एवं 91/25-26 (खुला) दिनांक: 22.08.2025,** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, आसनसोल मंडल, स्टेशन रोड, आसनसोल, पिन-713301 द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदाएं (खुली) आमंत्रित की जाती हैं: **क्रम सं. 1. केस सं. ओ-एसी-टी-87-25-26; कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन/3/एएसएन के तहत आसनसोल मंडल में एटी वेल्डिंग भागों की आपूर्ति और एटी वेल्ड के निष्पादन के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु.1,49,70,589.30; **बयाना राशि:** रु.2,24,900.00; **क्रम सं. 2. केस सं. ओ-एसी-टी-88-25-26; कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन/2/आसनसोल के तहत आसनसोल मंडल में एटी वेल्डिंग भागों की आपूर्ति और एटी वेल्ड के निष्पादन के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु.1,24,03,088.47; **बयाना राशि:** रु. 2,12,000.00; **क्रम सं. 3. केस सं.: ओ-एसी-टी-89-25-26; कार्य का नाम:** सीनियर डीईएन/3/आसनसोल के अधिकार क्षेत्र में अन्य सहायक कार्यों के साथ-साथ सहायक नवीनीकरण और बफर लाइन को जोड़ने सहित टीएसआर(पी), टीआरआर (पी), टीडब्ल्यूएसईजे और टीटीआर (एफएस +टीडब्ल्यूएस+डब्ल्यूसीएमएससी) के ट्रैक नवीनीकरण के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु.5,45,33,700.86; **बयाना राशि:** रु. 4,22,700.00; **क्रम सं. 4. केस सं.: ओ-एसी-टी-9-25-26; कार्य का नाम:** आसनसोल मंडल के अधिकार क्षेत्र में अन्य सहायक कार्य के साथ ठेकेदार की अपनी पीक्यूआरएस मशीन सेट द्वारा सीटीआर(पी) 14.701 टीकेएम के लिए खुली निविदा; **निविदा मूल्य:** रु.4,60,07,606.90; **बयाना राशि:** रु.3,80,000.00; **कार्यों की पूर्णता अवधि:** क्रम सं. 1 से 3 के लिए 12 महीने एवं क्रम सं. 4 के लिए 18 महीने; **समापन तिथि एवं समय:** 17.09.2025 को 12.00 बजे। पूरी जानकारी रेलवे की वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है।

(ASN-163/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

### पूर्व रेलवे

**सं. : ईएल - एमएलडीटी - ई - निविदा - 383, दिनांक : 21.08.2025,** वरिष्ठ मंडल विद्युत अभियंता (जी), पूर्व रेलवे, मालदा, कार्यालय भवन, पी.ओ.- झलझलिया, जिला- मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा अनुभवी और वित्तीय रूप से सक्षम प्रतिष्ठित फर्मों/एजेंसियों/ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती है:- **निविदा सं.: ईएल-एमएलडीटी-ई-निविदा-383, कार्य का नाम:** (i) "कालिंद्री ओआरएच/मालदा में अतिरिक्त कमरों के प्रावधान" के संबंध में विद्युत कार्य। (ii)"पूर्व रेलवे के बहु-विषयक प्रशिक्षण स्कूल मालदा के प्रशासनिक कार्यालय, कक्षा एवं छात्रावास के उन्नयन" के संबंध में विद्युत कार्य। (iii) "मालदा में आईजीओटी प्रशिक्षण केंद्र सह कंप्यूटर आधारित परीक्षण केंद्र" के संबंध में विद्युत कार्य। (iv) "डीआरएम कार्यालय मालदा में अधिकारी कक्ष के सुधार" के संबंध में विद्युत कार्य। (v) "डीआरएम कार्यालय मालदा फेज II में अधिकारी कक्ष के सुधार" के संबंध में विद्युत कार्य। (vi) "मालदा नियंत्रण कक्ष में सिक्यूरिटी सीएनएल, इलेक्ट्रिकल सीएनएल, पावर सीएनएल एवं सीएंड डब्ल्यू सीएनएल में भीड़भाड़ कम करने के लिए एक अतिरिक्त कमरे का प्रावधान" के संबंध में विद्युत कार्य। (vii) मालदा मंडल में सीएंड डब्ल्यू और टीएल एवं एसी रखरखाव से संबंधित सामग्रियों के भंडारण के लिए नए स्टोर भवन के संबंध में विद्युत कार्य। **निविदा मूल्य :** रु.62,85,771.96; **बयाना राशि :** रु. 1,25,700.00; **निविदा दस्तावेज की लागत:** शून्य। **ई-निविदा प्रस्तुत करने की तिथि एवं समय:** 29.08.2025 से 12.09.2025 के 15:30 बजे तक; **वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड: वेबसाइट: www.ireps.gov.in सूचना पट्ट :** सीनियर डीईई (जी) / ईआर / कार्यालय / एमएलडीटी। निविदा-कर्ताओं से अनुरोध है कि वे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर विस्तृत निविदा सूचना एवं दस्तावेज देखें। किसी भी परिस्थिति में कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(MLD-153/2025-26)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


# बक्सर की प्रतिभाएं गाजीपुर अंतरराष्ट्रीय सेमिनार में चमकी

निज संवाददाता। बक्सर




गाजीपुर के लंका मैदान में जीवनोदय शिक्षा समिति ने दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन किया। इस संगोष्ठी का विषय था 'परंपराओं का पुनः प्रतिष्ठापनः भारत एवं विदेशों में आदिवासी और भोजपुरी संस्कृति'। बक्सर जिले से दो प्रतिभाओं को विशेष सम्मान प्राप्त हुआ। भदवर की युवा संगीत साधिका कुमारी नंदिता को 'विदुषी गिरिजा देवी सम्मान' से नवाजा गया। नंदिता ने अपने नाना दिवंगत राधेश्याम तिवारी से संगीत की शिक्षा प्राप्त की। वे प्रयाग संगीत समिति से डिप्लोमा प्राप्त कर चुकी हैं। बनारस हिंदू विश्वविद्यालय की प्रवेश परीक्षा में उन्होंने उल्लेखनीय रैंक हासिल की। वर्तमान में वे दिल्ली विश्वविद्यालय से संगीत में मास्टर्स कर रही हैं। नंदिता नेट और जेआरएफ भी क्वालीफाई कर चुकी हैं।

**'लोहा सिंह सम्मान' से सम्मानितः** कांट गांव के वरिष्ठ साहित्यकार सुरेश कांटक को 'लोहा सिंह सम्मान' से सम्मानित किया गया। उन्हें भोजपुरी साहित्य और रंगमंच में उल्लेखनीय योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया। कांटक ने अपने नाटकों और साहित्यिक रचनाओं के माध्यम से ग्रामीण समाज की संवेदनाओं को मंच पर उतारा है। संगोष्ठी में देश-विदेश से विद्वान शामिल हुए। मॉरीशस से डॉ. सरिता बुद्धु, तुर्की से प्रो. स्मिता जैसल, अमेरिका से डॉ. माइकल बोलोन और लीबिया से प्रो. अनिल प्रसाद मौजूद थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. रामनारायण तिवारी ने की। संचालन डॉ. जयशंकर सिंह ने किया।

**विद्वानों का मंथन और सांस्कृतिक संध्याः** संगोष्ठी के पहले दिन प्रो. पुष्कर मिश्रा, प्रो. पी.के. मिश्रा, नीरजा माधव, हिमांशु उपाध्याय और एस.एन. उपाध्याय जैसे विद्वानों ने विचार साझा किए। इस अवसर पर डॉ. नर नारायण राय की पुस्तक "शासन से स्वशासन तक-मेयर" का लोकार्पण भी हुआ, जिसमें नगरीय निकायों की चुनौतियों और यात्रा का गहन विश्लेषण है। दूसरे दिन प्रो. आशीष त्रिपाठी, डॉ. सुनील कुमार पाठक, प्रो. विश्वनाथ मिश्र और प्रो. प्रभाकर सिंह ने भारतीय परंपराओं और भोजपुरी संस्कृति की वैश्विक प्रासंगिकता पर चर्चा की। सांस्कृतिक संध्या में कवि सम्मेलन और लोकनृत्यों की रंगीन छटा बिखरी। धोबियाऊ, गोंड़ऊ और पवरिया जैसे पारंपरिक नृत्यों के साथ लोकगीतों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**बक्सर के लिए गौरव का पलः** इस सम्मान ने बक्सर जिले के लोगों का सिर गर्व से ऊंचा कर दिया है। भले ही यह आयोजन गाजीपुर में हुआ, लेकिन मंच पर बक्सर की प्रतिभाओं का सम्मान होना यह संदेश देता है कि क्षेत्रीय संस्कृति और परंपराओं की जड़ें कितनी मजबूत हैं। कुमारी नंदिता और सुरेश कांटक को मिले ये सम्मान न केवल उनकी व्यक्तिगत उपलब्धि हैं, बल्कि पूरे जिले के लिए गौरव का क्षण हैं। यह साबित करता है कि बक्सर की धरती न केवल ऐतिहासिक और धार्मिक महत्ता रखती है, बल्कि सांस्कृतिक और साहित्यिक धरोहरों को भी दुनिया के सामने प्रस्तुत करने की क्षमता रखती है।

# भोजपुर में स्कॉर्पियो से तस्करी 119 ग्राम हेरोइन बरामद




निज संवाददाता। आरा

भोजपुर के नारायणपुर थाना क्षेत्र में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की है। स्कॉर्पियो से 119 ग्राम हेरोइन बरामद हुआ है। मौके से एक तस्कर की गिरफ्तारी हुई है। जिसकी पहचान सहार इलाके के एकवारी गांव निवासी अभिषेक उर्फ बिट्टू सिंह के तौर पर हुई है। थानाध्यक्ष चंदन भगत ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि धंधेबाज स्कार्पियो से हेरोइन की खेप लेकर जाने वाले है। इनपुट के आधार पर आरा-सहार मुख्य मार्ग पर चेकपोस्ट के पास घेराबंदी की गई। तलाशी के लिए गाड़ी को रोका। इस दौरान हेरोइन बरामद हुआ।

**नेटवर्क खंगाला जा रहा हैः** पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभिषेक का आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ सहार थाने में दो और पटना के अगमकुंआ में एक केस दर्ज है। मारपीट और आर्म्स एक्ट से संबंधित हैं। पूर्व में जेल भी जा चुका है। तस्कर से पूछताछ की जा रही है। तस्करी के बड़े नेटवर्क से जुड़ा हुआ है। खेप कहां से लेकर आ रहा था। कहां डिलीवरी होनी थी। गिरोह में कौन-कौन शामिल है। इसका पता लगाया जा रहा है। पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

# भोजपुर में 16 साल की छात्रा की मौत

निज संवाददाता। आरा



◆ स्नान करने के दौरान बिजली के मोटर से लगा करंट, झटका लगते ही जमीन पर गिर पड़ी

भोजपुर में करंट लगने से 16 साल की छात्रा गंभीर रूप से घायल हो गई। आनन-फानन में परिजन सदर अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। मृतका की पहचान धर्मवीर पासवान की पुत्री खुशी कुमारी(16) के तौर पर हुई है। इंटर में पढ़ती थी। घटना गीधा थाना क्षेत्र के गोवर्धन चक गांव की है। अस्पताल पहुंचे परिजनों ने बताया कि पड़ोसी के यहां रविवार को बरहिया था। खुशी उसमें जाने की तैयारी कर रही थी। स्नान करने के दौरान इलेक्ट्रिक मोटर से करंट लग गया। झटका लगते ही जमीन पर गिर पड़ी और बेहोश हो गई। कुछ देर बाद भाई की नजर पड़ी। वहां से उठाकर भागते-भागते हॉस्पिटल पहुंचे, लेकिन उसकी जान नहीं बची। रास्ते में ही मौत हो चुकी थी।

**घर में मचा कोहरामः** सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। मृतका चार भाई-बहन में दूसरे नंबर पर थी। मां अनीता देवी, पिता धर्मवीर पासवान, बहन रागनी कुमारी, पायल कुमारी और भाई अभी कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है। ग्रामीणों का कहना है कि होनहार बच्ची की मौत हो गई। लापरवाही से हादसा हुआ है। खराब वायरिंग और मोटर की समय पर जांच न होने के कारण बच्ची की जान चली। पढ़ाई में काफी होशियार थी।

# भोजपुर में हत्या केस में पुलिस का एक्शन

निज संवाददाता। आरा



◆ तीन आरोपियों के घर पर चिपकाया इश्तेहार, सरेंडर नहीं करने पर कुर्की जब्ती की कार्रवाई होगी

भोजपुर के धनगाई थाना क्षेत्र में हत्या के मामले में फरार चल रहे तीन आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई तेज कर दी। रविवार को तीनों आरोपियों के घर पर कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने इश्तेहार चिपकाया। सरेंडर नहीं करने पर कुर्की-जब्ती की कार्रवाई की जाएगी। थानाध्यक्ष अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ शिवपुर गांव पहुंचे। राजू यादव, राजेश यादव और अमित यादव के घरों पर इश्तेहार चस्पा किया। शिवपुर नहर के पास पीट-पीटकर छेना कारोबारी की हत्या हुई थी। इस मामले में बक्सर निवासी रामानंद सिंह की गिरफ्तारी पहले हो चुकी है। जबकि मुख्य आरोपी अभी फरार है।

**ऑटो से खींचकर बेरहमी से माराः** मृतक के पुत्र अमरनाथ यादव ने बताया कि उनकी बहन रितु देवी की शादी वर्ष 2007 में शिवपुर गांव निवासी रविंद्र सिंह यादव से हुई थी। शादी के कुछ साल बाद से ही बहनोई के भाई राजू सिंह यादव संपत्ति बंटवारे को लेकर विवाद करने लगे। बहन को प्रताड़ित किया जाता था। एक साल पहले पिताजी से साथ मारपीट भी हुई थी। इस संबंध में प्राथमिकी भी दर्ज हुई थी, लेकिन बाद में सुलह हो गया। 2 अगस्त शनिवार को पिताजी छेना बेचने जगदीशपुर गए थे। लौटते समय शिवपुर दुर्गा स्थान के समीप छह लोगों ने ऑटो से खींचकर लाठी-डंडों से उनकी बेरहमी से पिटाई कर दी। गंभीर हालत में इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। जिसके बाद चार नामजद समेत अज्ञात आरोपियों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई थी।

# पुनेश को मिला लोक कलाकार चाई ओझा सम्मान

निज संवाददाता। आरा



भारत की पारंपरिक लोक-नृत्य कला को देश-विदेश में मंचन कर चुके और मुंबई समेत अन्य स्थान पर सामाजिक अभियान चलाने वाले भोजपुर जिला निवासी पुनेश को लोक कलाकार चाई ओझा सम्मान से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान लोक-नृत्य के लिए 23-24 अगस्त 2025 को जीवनोदय शिक्षा समिति, गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) के सम्मेलन में दिया गया। सम्मेलन का मुख्य विषय 'परंपराओं का पुनः प्रतिष्ठान : भारत और विदेशों में आदिवासी और भोजपुरी संस्कृति के परिप्रेक्ष्य में''। पुनेश ने बताया, इस अंतरराष्ट्रीय सम्मलेन में देश-विदेश के कई विद्वानों ने भाग लिया। भोजपुरी लोक संस्कृति से जुड़े कई कलाकारों/ विद्वानों को उनके कार्य क्षेत्र के लिए सम्मानित भी किया गया। जिसमें कमरूनिया बाई सम्मान गायिका-नर्तकी बिजली रानी को दिया गया। लोक नृत्य (लौंडा नाच) के लिए पुनेश को सम्मानित किया गया। पुनेश ने बताया, मैं भिखारी ठाकुर के विरासत को आगे बढ़ा रहा हूं। लौंडा नाच के मान-सम्मान के लिए संघर्षरत हूं। चाई ओझा बक्सर जिला के देकुली गांव के थे। अपने समय में प्रसिद्धी पा चुके थे। कला लिए कई संस्थान उनके नाम से सम्मान देती है। सम्मेलन के मुख्य अतिथि लिबर्टी यूनिवर्सिटी अमेरिका के प्रोफेसर माइकल टी. बालोंकी मॉरीशस की सरिता बुद्धू, कल्चर कनवीनर गायक पवन कुमार, सचिव डॉ. जेएन राय और कार्यक्रम के मुख्य आयोजक प्रोफेसर डॉ. राम नारायण तिवारी शामिल थे। कौन हैं पुनेश ? पुनेश अब तक कई देशों में भी प्रस्तुति दे चुके है। कई नाटकों में अभिनय और निर्देशन किए हैं। चाई ओझा के जीवन पर उन्होंने 'द रेड लिपिस्टिक' नाम से नाट्य मंचन और निर्देशन किया है। वे सामाजिक मुद्दे पर ज्यादा सक्रिय है। कैंसर और अन्य बीमारियों के लिए जागरूकता अभियान चलाते हैं। उन्होंने रंगमंच और फिल्म से स्नातकोत्तर किया है। वर्तमान में विश्व भारती शांति निकेतन से पीएचडी कर रहे हैं।

# बक्सर-किऊल रूट पर चलेगी पूजा स्पेशल ट्रेन

निज संवाददाता। बक्सर



पूर्व मध्य रेलवे ने त्योहारी सीजन में यात्रियों की सुविधा के लिए बक्सर और किऊल जंक्शन के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन 25 अगस्त से 29 नवंबर 2025 तक सोमवार से शनिवार तक चलेगी। गाड़ी संख्या 03208 बक्सर से सुबह 5:40 बजे रवाना होकर सुबह 11:35 बजे किऊल पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी संख्या 03207 किऊल से दोपहर 2:40 बजे चलकर रात 8:35 बजे बक्सर पहुंचेगी। इस ट्रेन में 20 कोच होंगे। इनमें 18 द्वितीय श्रेणी के जनरल डिब्बे और 2 एसएलआरडी कोच शामिल हैं। ट्रेन का ठहराव 22 स्टेशनों पर होगा। प्रमुख स्टेशनों में लक्खीसराय जंक्शन, पटना जंक्शन, दानापुर और आरा जंक्शन शामिल हैं।

**5 छोटे स्टेशन पर रुकेगीः** छोटे स्टेशनों में डुमरी हॉल्ट, टेका बीघा, खुशरूपुर, गुलजारबाग और बिहटा पर भी ट्रेन रुकेगी। त्योहारी सीजन में इस रूट पर छठ, दुर्गा पूजा और दीवाली के दौरान यात्रियों की भीड़ बढ़ जाती है। यह स्पेशल ट्रेन दैनिक यात्रियों, छात्रों, नौकरीपेशा लोगों और व्यापारियों के लिए सुविधाजनक होगी। यात्री एक ही दिन में आ-जा सकेंगे। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, इस ट्रेन से यात्रियों को समय की बचत होगी और नियमित ट्रेनों पर भीड़ का दबाव भी कम होगा।

# भोजन बैंक ने गरीबों को खिलाया खाना

निज संवाददाता। बक्सर



रविवार को भागीरथी सहयोग सेवा संस्थान के तत्वावधान में संचालित भोजन बैंक ने 24 अगस्त को बीसवें सप्ताह पर जरूरतमंदों और गरीबों को मुफ्त भोजन उपलब्ध कराया। कार्यक्रम का संचालन मदन मोहन वर्मा, मनोज वर्मा, मो. अकरम एवं राहुल वर्मा ने किया। मौके पर अधिवक्ता कुमार मानवेन्द्र, राकेश कुमार, ललन राम एवं संतोष राय ने कहा कि संस्था द्वारा गरीबों और जरूरतमंदों के लिए लगातार चलाए जा रहे इस कार्यक्रम से गरीबों की मदद हो रही है। उन्होंने कहा कि नर सेवा ही नारायण सेवा है और गरीबों को भोजन कराना वास्तव में ईश्वर की सेवा के समान है। भोजन बैंक को सहयोग देने वालों में मनोज वर्मा एवं उनके पुत्र ने खाद्य सामग्री, दीना नाथ यादव तथा कमल मल्होत्रा ने आर्थिक सहयोग किया। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण, बाला जी, राजीव रंजन मिश्रा, प्रभात शर्मा, मनोज गुप्ता, इमरान शामसी, हुसैन राजा, माहिरा राजा, अक्षत कुमार, आर्या कुमार, आरव कुमार, मुनी कुमारी, गुड्डू लाल, अजित वर्मा, संजीत सिंह, अधिवक्ता राज कुमार श्रीवास्तव, विक्की बारूद, गोविन्द गुप्ता, अर्जुन कुमार, चन्दन उपाध्याय, धनजी सिंह, अजित कुमार, राज कुमार, रौशन पाण्डेय, प्रीतम कुमार आदि थे। आने वाले रविवार 31 अगस्त को सुबह 9 बजे बक्सर रेलवे स्टेशन परिसर में गरीबों को खाना खिलाया जाएगा।

# विश्व हिंदू परिषद-बजरंग दल का मनाया गया 61वां स्थापना दिवस

निज संवाददाता। आरा




विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल द्वारा रविवार को पकड़ी में संगठन का 61वां स्थापना दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ आरण्य देवी पीठाधीश्वर के पुजारी मनोज बाबा और आदित्य विजय जैन ने किया। कार्यक्रम का संचालन विहिप के प्रांतीय अधिकारी चेतन मिश्रा ने किया, जबकि अध्यक्षता जिला अध्यक्ष राजीव रंजन ने की। मुख्य वक्ता के रूप में विहिप के क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद जी और गौ संवर्धन मंत्री रविंद्र राणा मौजूद रहे। क्षेत्र संगठन मंत्री आनंद जी ने कहा कि संतों के मार्गदर्शन में हिंदू समाज की रक्षा, गौमाता की सेवा, मठ-मंदिरों की सुरक्षा, धर्मग्रंथों और हिंदू कन्याओं की रक्षा हेतु विश्व हिंदू परिषद की स्थापना की गई थी। उन्होंने कहा कि विहिप और उसकी इकाइयां बजरंग दल व दुर्गावाहिनी, धर्मांतरण रोकने, लव जिहाद व गौहत्या के खिलाफ और हिंदू समाज को जागरूक करने का कार्य लगातार कर रही हैं। वर्तमान समय में जिस तेजी से धर्मांतरण का कार्य हो रहा है, उसे रोकने के लिए विहिप सेवा प्रकल्प, संस्कारशाला, सिलाई प्रशिक्षण और स्वास्थ्य शिविर जैसे माध्यमों से समाज को जागरूक करेगा। धन्यवाद ज्ञापन जिला मंत्री अभिषेक चौरसिया ने किया। अतिथियों का स्वागत जिला संयोजक अमित पांडे ने किया। मौके पर जिला सह संयोजक श्याम किशोर, कोषाध्यक्ष विमल किशोर, सोनू जी, सुशांत आनंद आदि थे।

## संक्षिप्त समाचार

### युवा जदयू युवाओं तक पहुंचाएगा उपलब्धियां

**आरा**। सर्किट हाउस में रविवार को युवा जदयू भोजपुर की बैठक एवं मनोनयन पत्र वितरण हुआ। अध्यक्षता जिला युवा जदयू अध्यक्ष मोनू यादव ने की। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 20 वर्षों के कार्यकाल में बिहार के विकास कार्यों को लेकर युवाओं तक संदेश पहुंचाने की योजना बनाई गई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय महासचिव श्रीभगवान सिंह कुशवाहा ने कहा कि विपक्ष केवल गुमराह की राजनीति कर रहा है। मुख्यमंत्री ने शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क और युवाओं के लिए रोजगार व अवसरों पर विशेष काम किया है। विशिष्ट अतिथि युवा प्रदेश उपाध्यक्ष रिंकल पटेल ने कहा कि उन्नति के 20 साल, युवाओं के द्वार अभियान के तहत पंचायत स्तर तक संवाद कार्यक्रम चलाया जाएगा। जिला समन्वयक दीपक कुशवाहा ने कहा, युवाओं को संगठित होकर सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाना चाहिए। जिला अध्यक्ष मोनू यादव ने कहा कि युवा जदयू कार्यकर्ता घर-घर जाकर पिछले 20 वर्षों में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार द्वारा युवाओं के लिए किए गए कार्यों की जानकारी देंगे। मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मेहता, प्रदेश महासचिव शुभम पटेल थे।

### बिहार फोटो वीडियो एक्सपो का पोस्टर आरा में लॉन्च

**आरा**। बिहार फोटो वीडियो एक्सपो 2025 का पोस्टर रविवार को आरा में लॉन्च किया गया। पोस्टर लॉन्चिंग का कार्यक्रम जीरो माइल के अपना डिजिटल जोन में हुआ। पोस्टर का अनावरण बिहार फोटोग्राफर्स एसोसिएशन पटना प्रमंडल के जोनल अधिकारी रोहित खत्री ने किया। खत्री ने बताया कि यह एक्सपो आगामी 12, 13 और 14 अक्टूबर को पटना के ज्ञान भवन में आयोजित होगा। इस अंतरराष्ट्रीय स्तर के आयोजन में न केवल भारत बल्कि नेपाल से भी बड़ी संख्या में फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि इस एक्सपो का मुख्य उद्देश्य फोटोग्राफर और वीडियोग्राफर को कैमरे की नई तकनीक, एडिटिंग और फोटो से जुड़ी आधुनिक जानकारियां उपलब्ध कराना है। खास बात यह है कि इन जानकारियों को प्रतिभागियों के लिए पूरी तरह निःशुल्क साझा किया जाएगा। यह एक्सपो पटना में सातवीं बार आयोजित हो रहा है।मौके पर बिहार फोटोग्राफर एसोसिएशन भोजपुर के अध्यक्ष जयंत ओझा, सचिव चंदन कुमार, मीडिया प्रभारी अमित मिश्रा, उपाध्यक्ष पंकज कुमार, संदेश प्रभारी कमलेश सिंह, कोर कमिटी सदस्य सुमन सौरभ और राकेश कुमार सहित अन्य थे।

### घर के पास खड़ी स्कॉर्पियो ले गए चोर

**बक्सर**। औद्योगिक थाना क्षेत्र के सारिमपुर से दरवाजे पर खड़ी स्कॉर्पियो चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। गाड़ी के चालक ने औद्योगिक थाने में आवेदन दिया है। जानकारी के अनुसार वाहन चालक बड़की सारिमपुर निवासी परवेज खां ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया है कि गाड़ी का मालिक सारिमपुर निवासी अख्तर खान हैं।

### गणित-विज्ञान मेला में बच्चों का बेहतर प्रदर्शन

**बक्सर**। विभाग स्तरीय गणित विज्ञान मेला सरस्वती विद्या मंदिर, सिंगही, आरा हुई। इसमें सरस्वती विद्या मंदिर, अहिरौली के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपने विद्यालय का परचम लहराया। अनेक विधा जैसे गणित, संस्कृत, हिंदी, अंग्रेजी व कम्प्यूटर में सभी विधा में विद्यालय के छात्र -छात्राओं ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त कर प्रांत में आयोजित होने वाले प्रतियोगिता में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया। विशाल अवस्थी, हिमांशु , जीतू पाण्डेय, मनीष कुमार, निखिल वर्मा, अभिनन्दन राय, समर्थ पाण्डेय, उत्सव कुमार, सागर कुमार ने अपना स्थान प्रान्त के प्रतियोगिता में अपना स्थान सुनिश्चित किया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य मनोरंजन कुमार ने बच्चों को बधाई दी।

### हरिद्रानंद जी ने सर्वप्रथम शिव को गुरु बनाया

**बक्सर**। यह सब विदित है कि किसी भी क्षेत्र में स्वयं प्रयास कर परिणाम प्राप्त करना अपेक्षाकृत कठिन होता है तथा दूसरों की मदद से उसे कार्य को सुगमतापूर्वक किया जा सकता है इसके लिए गुरु का होना जरूरी है गुरु दया ही लौकिक परलोक की चरमोत्कर्ष का रहस्य है। उक्त बातें बक्सर स्थित औद्योगिक थाना के पास आयोजित कार्यक्रम में पटना से पहुंची शिव गुरु पर चर्चा की शुरुआतकर्ता हरिद्रानंद जी की सुपुत्री अनुनिता दीदी ने कहीं। कार्यक्रम में मौजूद मुख्य अतिथि अनुनिता दीदी ने कहा कि भारतीय आध्यात्मिक सिंहावलोकन से स्पष्ट होता है कि महेश्वर शिव चिरकाल से आदि गुरु एवं गुरु पद पर अवस्थित है। ग्रंथों में शिव के शिष्यों प्रशिष्यों का नाम मिलता है। पुरातन काल से शिव को रूद्र पशुपति ईश्वर मृत्युंजय देवाधिदेव महाकाल महेश्वर जगतगुरु इत्यादि उपाधियों से विभूषित किया गया है। कार्यक्रम में मदन सिंह, राजू प्रसाद, अजय चौबे, रंजन प्रसाद, चंदन कुमार, कृष्ण कुमार यादव, राजेश गुप्ता, मीरा देवी, चंदा देवी, गीत देवी, उमेश, जिला शिव कार्य समिति के अध्यक्ष सतीश आदि मौजूद थे। औद्योगिक थाने के पास आयोजित शिवचर्चा में जिले के शहरी और ग्रामीण इलाकों से पहुंचीं महिलाएं। मुख्य अतिथि अनुनिता दीदी ने कहा कि इस धरती पर सबसे पहले शिव को गुरु बनाने का काम साहब हरिद्रानंद जी ने किया। उन्होंने कहा कि यदि वे धरती पर नहीं आते तो हमारी आध्यात्मिक यात्रा बढ़ नहीं पाती। उन्होंने बताया कि शिव को गुरु बनाने से क्या लाभ है। साहब की सपनों को पूरा करने के लिए हम सभी यहां पहुंचे हुए हैं। उन्होंने कहा कि हरिद्रानंद साहब का देन है कि प्रत्येक व्यक्ति को शिव का शिष्य होने के लिए प्रेरित करने का दृढ़ संकल्पित हो गया और तब हम लोगों ने यह जाना की वैचारिक तल पर हम सबों तक आई सूचना की शिव गुरु हैं कि एक यथार्थ है। उन्होंने हरिद्रानंद साहब के बताए गए तीन सूत्रों की बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने कहा कि साधना, आराधना, उपासना का परिणाम गुरुदेव पर आश्रित होता है। उन्होंने कहा कि गुरु की ज्ञान प्राप्ति के बाद ही किसी पूजा की सफलता संभावित है।

### जीविका दीदियों को दिया जा रहा पोशाक सिलाई प्रशिक्षण

**बक्सर**। नंदन पंचायत में शनिवार को जीविका दीदियों के लिए सात दिवसीय गैर-आवासीय पोशाक सिलाई प्रशिक्षण कार्यक्रम की शुरुआत हुई। महिलाओं को आंगनबाड़ी केंद्रों के बच्चों के लिए ड्रेस सिलने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का शुभारंभ जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक दयानिधि चौबे, प्रखंड परियोजना प्रबंधक अखिलेश कुमार तथा संकुल संघ की जीविका दीदियों ने किया। कार्यक्रम 11 प्रखंडों के 26 संकुल स्तरीय संघों में संचालित किया जा रहा है। प्रशिक्षण पूरा होने के बाद जीविका दीदियों को आंगनवाड़ी केंद्रों के लिए बच्चों की यूनिफॉर्म सिलाई का जिम्मा सौंपा जाएगा। उन्हें निर्धारित मानक के अनुरूप मेहनताना भी दिया जाएगा। जीविका दीदियों ने कहा कि इस योजना ने उनके पुश्तैनी हुनर को नया मंच दिया है। अब तक उनकी कला घर-परिवार तक सीमित थी, लेकिन जीविका ने इसे आजीविका का साधन बना दिया। गौरतलब है कि 1 जुलाई 2025 को बिहार सरकार के ग्रामीण विकास विभाग (जीविका) और समाज कल्याण विभाग (समेकित बाल विकास सेवा) के बीच समझौता ज्ञापन हुआ था। जिला परियोजना प्रबंधक दयानिधि चौबे ने कहा कि यह प्रशिक्षण ग्रामीण महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता की दिशा में एक मजबूत कदम है। सिलाई केंद्रों से होने वाली आमदनी से दीदियों को स्थायी आमदनी प्राप्त होगी।

### बक्सर-चौसा के किसान करेंगे मुख्यमंत्री आवास का घेराव

**बक्सर**।भूमि अधिग्रहण में मुआवजा दर को लेकर चौसा और बक्सर क्षेत्र के किसान पटना में मुख्यमंत्री का घेराव करेंगे। प्रभावित किसान-खेतीहर मजदूर मोर्चा, चौसा के बैनर तले सैकड़ों किसान रविवार को पटना की ओर रवाना हुए।

**2014 की दर पर मुआवजे का विरोधः** मोर्चा अध्यक्ष राम प्रवेश यादव ने कहा कि 319A, NHAI और भारतमाला परियोजना में किसानों को 2014 की दर से मुआवजा दिया जा रहा है। जबकि आज की 2025 की वर्तमान दर के अनुसार मुआवजा मिलना चाहिए।

**किसानों की प्रमुख मांगेंः** भूमि अधिग्रहण में न्यायोचित मुआवजा , विस्थापित परिवारों को पुनर्वास अनुदान, प्रभावित परिवारों को रोजगार की गारंटी, 319A NHAI का निर्माण कर्मनाशा नदी किनारे पटना मरीन ड्राइव की तर्ज पर

**आंदोलन की चेतावनीः** मोर्चा अध्यक्ष ने कहा कि अगर मांगें नहीं मानी गईं तो आंदोलन सड़क से सदन तक जारी रहेगा।बक्सर के सांसद सुधाकर सिंह भी 25 अगस्त को होने वाले इस प्रदर्शन में शामिल होंगे। किसानों का कहना है कि मांगों की अनदेखी की गई तो आंदोलन और तेज किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### मसौढ़ी पुलिस ने चलाया विशेष वाहन चेकिंग अभियान, चालान और जुर्माने से बढ़ी सतर्कता

**मसौढ़ी।** स्थानीय थाना पुलिस ने अपराध नियंत्रण और यातायात नियमों के पालन के लिए समय-समय पर विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाया। इस अभियान के दौरान कई वाहनों का चालान काटा गया और जुर्माना वसूला गया, जिससे वाहन चालकों में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि अभियान के दौरान वाहन की डिक्की और कागजात की भी बारीकी से जांच की गई। वाहन चालकों को हेलमेट पहनने, कार चालकों को सीट बेल्ट लगाने, वाहन की गति नियंत्रित रखने और सभी कागजात दुरुस्त रखने का निर्देश दिया गया। इसके अलावा एक बाइक पर तीन सवार होने पर पुलिस की विशेष निगरानी रही। मसौढ़ी पुलिस का कहना है कि यह अभियान अपराध नियंत्रण और सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से नियमित रूप से चलाया जाएगा। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की कि वह यातायात नियमों का पालन करें ताकि सड़क पर सुरक्षित और व्यवस्थित यातायात सुनिश्चित किया जा सके।

### पश्चिम चम्पारण के जिला मत्स्य पदाधिकारी पियूष रंजन को रंगे हाथ घुस की रकम लेते किया गिरफ्तार



**पटना।** बिहार में निगरानी विभाग द्वारा भ्रष्टाचारियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान लगातार जारी है. इसी क्रम निगरानी की टीम ने पश्चिम चम्पारण के जिला मत्स्य पदाधिकारी पियूष रंजन को उनके सरकारी दफ्तर से ही घुस की रकम लेते गिरफ्तार किया गया है. मिली जानकारी के अनुसार, बैरिया प्रखंड के पखनाहा बाजार निवासी मुराद अनवर ने निगरानी विभाग को शिकायत की थी. जिसमें बताया गया था कि प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के तहत मिलने वाले सब्सिडी के एवज में 1 लाख रुपए रिश्वत की मांग मत्स्य पदाधिकारी पीयूष रंजन ने की है. मिली जानकारी के अनुसार सरकारी योजना का लाभ दिलाने के नाम पर जिला मत्स्य पदाधिकारी पियूष रंजन को रिश्वत लेते हुए निगरानी ने रंगे हाथों पकड़ा है. मालूम हो कि प्रधानमंत्री मत्स्य योजना के तहत 25 लाख रुपए की योजना चलाई जाती है. इस योजन के तहत लाभुक को 10 लाख रुपए की सब्सिडी मिलती है. इसी पैसे खातिर शिकायतकर्ता मुराद अनवर की मां को इस योजना के तहत सब्सिडी लेना था. जिसके एवज में अधिकारी ने अनुदान की राशि का दस प्रतिशत मांगा था. पीड़ित मुराद अनवर ने इस मामले की लिखित शिकायत निगरानी विभाग से की। शिकायत की सत्यापन के बाद निगरानी की टीम ने पूरे प्रकरण की गहन जांच की और फिर सोमवार को बिछाए गए जाल में जिला मत्स्य पदाधिकारी को पकड़ लिया. आरोपित अधिकारी को 1 लाख की रिश्वत लेते हुए रंगेहाथ गिरफ्तार किया गया. निगरानी विभाग के डीएसपी पवन कुमार ने बताया कि शिकायत सही पाई गई थी. इसके बाद टीम ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की और जिला मत्स्य पदाधिकारी को उनके कार्यालय से गिरफ्तार किया गया है।

### राजस्व महा–अभियान : अबतक लगे 1584 शिविर, आये 50 हजार से अधिक आवेदन

**पटना।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग की तरफ से चलाए जा रहे राजस्व महा–अभियान ( 16 अगस्त से 20 सितम्बर 2025 ) के तहत राज्य के ग्रामीण परिवारों को जमाबंदी पंजी की प्रति उपलब्ध कराने तथा पंचायत स्तर पर शिविर लगाकर आवेदन लेने का कार्य सभी जिले में तीव्र गति से चल रहा है। 19 अगस्त से 24 अगस्त की अवधि में सभी 38 जिलों में 1584 शिविर लगाए गए। शिविर में कुल 50 हजार से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें जमाबंदी में सुधार के आवेदनों की संख्या सर्वाधिक 38340 है।

### राजयोगिनी दादी प्रकाशमणी के 18 वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर का आयोजन



**मोकामा ( पटना )।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय की भगिनी संस्था राजयोगा मेडिटेशन एण्ड रिसर्च फाउण्डेशन के समाज सेवा प्रभाग द्वारा ब्रह्माकुमारीज मोकामा सेवाकेन्द्र पर राजयोगिनी दादी प्रकाशनी जी के 18 वें पुण्य तिथि पर विश्व बन्धुत्व दिवस के रूप में " रक्तदान महादान अभियान" की शुभ शुरुआत प्रखण्ड विकास पदाधिकारी रवि कुमार द्वारा दीप जलाकर किया गया तथा संस्था के इस नेक कार्य की सराहना की गई। ततपश्चात स्क्तवीरों ने 31 यूनिट रक्त दान किया । सेवाकेन्द्र संचालिका बीके निशा बहन ने सभी स्क्तवीरों का उमंग-उत्साह बढाया । नालंदा मेडिकल कॉलेज अस्पताल के रक्तकोष विभाग के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी अपूर्व रंजन और उनकी टीम ने ब्रह्माकुमारी मोकामा के सभी भाई - बहनों को सर्टिफिकेट देकर प्रशंसा करते हुए आगे भी ऐसे सामाजिक कार्यों में बढ चढ कर हिस्सा लेने का वायदा किया।

### पाखी हेगड़े अब जे.पी. यादव के शो में दिखेंगी, पटना से होगी धमाकेदार शुरुआत



**पटना।** बिहार और उत्तरप्रदेश के दर्शकों के दिलों की धड़कन जे.पी. यादव, जिन्हें युवा पीढ़ी ने हमेशा अपार प्यार और सम्मान दिया है। अब एक नए और भव्य रूप में जनता के सामने आ रहे हैं। इस बार उनका साथ देने जा रही हैं मशहूर अदाकारा पाखी हेगड़े, जो अपने नए अंदाज़ और ऊर्जा से शो में चार चाँद लगाने वाली हैं।

**पाखी हेगड़े ने कहा कि –** "इस शो में मैं आप सबसे एक नए अंदाज़ में मिलने वाली हूँ। मुझे पूरा विश्वास है कि आप सभी दर्शक इस शो को अंतरराष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाएँगे और हमेशा की तरह हमें अपना प्यार और आशीर्वाद देंगे।" यह शो सिर्फ मनोरंजन ही नहीं बल्कि दर्शकों को एक नई उमंग और सकारात्मक संदेश भी देगा। शो का भव्य सेट पटना में सज चुका है और शूटिंग 29 अगस्त से शुरू होने जा रही है। दर्शकों में पहले से ही इस शो को लेकर खासा उत्साह है, क्योंकि जे.पी. यादव और पाखी हेगड़े की जोड़ी पर्दे पर एक अलग ही आकर्षण और ताजगी लेकर आने वाली है।

# योजनाओं का लाभ उठाएं और देश के विकास में दें योगदान : डॉ. तरुण

## तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का भव्य आयोजन, 11 साल के गरीब कल्याण और सुशासन की उपलब्धियों पर जोर

निज संवाददाता

- बच्चें भी करें प्रदर्शनी का अवलोकन और योजनाओं की जानकारी ग्रहण करने में लें रूचि : कुमार सौरभ






**दरभंगा।** भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केन्द्रीय संचार ब्यूरो (सी.बी.सी.), पटना द्वारा दरभंगा के कल्याणपुर के +2 उच्च विद्यालय परिसर में "विकसित भारत का अमृत काल, सेवा, सुशासन एवं गरीब कल्याण के 11 साल" विषय पर तीन दिवसीय फोटो प्रदर्शनी सह जागरूकता कार्यक्रम का भव्य उद्घाटन किया गया। उद्घाटन समारोह में समस्तीपुर के बिहार विधान परिषद सदस्य डॉ. तरुण कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। कार्यक्रम में केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना के सहायक निदेशक एवं कार्यालय प्रमुख कुमार सौरभ समेत अन्य गणमान्य लोग, छात्र-छात्राएं और स्थानीय अधिकारी उपस्थित थे। उद्घाटन समारोह की शुरुआत दीप प्रज्ज्वलन, अतिथियों को अंगवस्त्र एवं स्मृति पदक भेंट करने तथा विभागीय पंजीकृत सांस्कृतिक दल द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत करने के साथ की गई। मुख्य अतिथि डॉ. तरुण कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि 2014 के बाद से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देश का विकास तेजी से हुआ है। उन्होंने बताया कि समाज के सभी वर्गों को ध्यान में रखते हुए भारत सरकार ने उज्ज्वला योजना, सुकन्या समृद्धि योजना, आयुष्मान योजना, किसान सम्मान निधि और बड़े शहरों में एम्स निर्माण जैसी जनकल्याणकारी योजनाओं की शुरुआत की है। उन्होंने सभी से अपील की कि वे इन योजनाओं का लाभ उठाएं और देश के विकास में योगदान दें। डॉ. कुमार ने कहा कि अगर समाज का सहयोग इसी तरह बना रहा तो 2047 तक भारत विकसित राष्ट्र बन जाएगा। केन्द्रीय संचार ब्यूरो, पटना के सहायक निदेशक कुमार सौरभ ने स्वागत भाषण में कहा कि इस तरह के कार्यक्रम लोगों को सरकार की योजनाओं के बारे में जागरूक करने और लाभ लेने में मदद करते हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों, विशेषकर बच्चों से प्रदर्शनी का अवलोकन करने और योजनाओं की जानकारी लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में 3 दिनों तक चलने वाली प्रदर्शनी के अलावा प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया। सही उत्तर देने वाले बच्चों को मौके पर पुरस्कृत किया गया। इसके साथ ही सांस्कृतिक दल द्वारा भारत सरकार की योजनाओं पर आधारित मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन केन्द्रीय संचार ब्यूरो, दरभंगा के सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी मिहिर कुमार झा ने किया, जबकि धन्यवाद ज्ञापन सहायक क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी नवल किशोर झा ने किया। कार्यक्रम में समस्तीपुर जिला और कल्याणपुर प्रखंड के अधिकारी, स्थानीय जनप्रतिनिधि, +2 उच्च विद्यालय के छात्र-छात्राएं और शिक्षक गण उपस्थित थे। इस कार्यक्रम से स्थानीय लोगों, विशेषकर छात्रों को देश की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं और उनके लाभों के प्रति जागरूक होने का अवसर मिला।

# बिहार बन रहा पुलों का प्रदेश, गंगा-सोन-गंडक-कोसी पर पुलों का हो रहा तेजी से निर्माण

निज संवाददाता



**पटना।** बिहार अब पुलों का प्रदेश बनता जा रहा है। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के 2005 में सत्ता संभालने के बाद से पुल निर्माण में ऐतिहासिक तेजी आई है। पिछले दो दशकों में गंगा, सोन, गंडक और कोसी नदियों पर 15 बड़े पुल बनकर तैयार हो चुके हैं, जबकि 21 पुलों का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है। हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गंगा नदी पर बने 6 लेन वाले औंटा-सिमरिया पुल का उद्घाटन किया। यह पुल देश का सबसे चौड़ा पुल है, जिसकी लंबाई 8.15 किलोमीटर है। इसके चालू हो जाने से उत्तर और दक्षिण बिहार के बीच संपर्क और मजबूत हुआ है। राज्य के अधिकांश जिलों में नदियों के जाल के कारण आवागमन लंबे समय से चुनौती रहा है। तीन घंटे में पटना पहुंचने के मुख्यमंत्री के लक्ष्य को पूरा करने के लिए नदियों पर मजबूत पुलों का निर्माण जरूरी है।

**गंगा नदी पर पुलों का विस्तार:** गंगा नदी पर फिलहाल 8 पुल चालू हैं। नौ पुलों का निर्माण चल रहा है, जबकि तीन और नए पुलों की योजना पर काम शुरू हो गया है। इनमें औंटा-सिमरिया पुल राज्य की जीवनरेखा बनकर उभरा है।

**सोन नदी पर सातवां पुल:** सोन नदी पर अब तक पांच पुल बन चुके हैं। एक का निर्माण जारी है और दो और पुलों की मंजूरी मिल चुकी है। नया सातवां पुल कोइलवर से 10 किलोमीटर दूर बिंदौल और कोशीहान के बीच बनेगा। वहीं, छठा पंडुका घाट पुल डेहरी ऑन सोन से अकबरपुर-सदुनाथपुर मार्ग को जोड़ेगा। इससे न केवल बिहार बल्कि उत्तर प्रदेश के लोगों को भी सीधा फायदा मिलेगा।

**गंडक और कोसी पर लंबी छलांग:** गंडक नदी पर सात पुल तैयार हैं। तीन और निर्माणाधीन हैं तथा चार नए प्रस्तावित हैं। दूसरी ओर कोसी नदी पर अब तक 4 पुल बन चुके हैं और 3 पुल निर्माणाधीन हैं । खासकर मधुबनी जिले के भेजा से सुपौल के बकौर तक बनने वाला पुल पूरे देश का सबसे लंबा पुल होगा। 10.02 किलोमीटर लंबे इस पुल का निर्माण भारतमाला परियोजना के तहत लगभग 1200 करोड़ की लागत से हो रहा है। इसके चालू होते ही मधुबनी और सुपौल की दूरी 30 किलोमीटर घट जाएगी और यातायात में क्रांतिकारी सुधार आएगा। बिहार में पुलों का यह विस्तार न सिर्फ परिवहन व्यवस्था को सुगम बना रहा है, बल्कि राज्य की आर्थिक और सामाजिक प्रगति की नई राह खोल रहा है। आने वाले वर्षों में जब ये सभी पुल तैयार हो जाएंगे, तब तीन घंटे में पटना का सपना हकीकत बन जाएगा।

## डायल-112 से अब तक 43 लाख लोगों को मिल चुकी आपातकालीन सेवा



निज संवाददाता

**पटना।** बिहार पुलिस का डायल-112 आपातकालीन नंबर सामान्य विधि-व्यवस्था संभालने के साथ ही आम लोगों को हर तरह से मदद करने में भी जुटा हुआ है। 2022 में डायल-112 सेवा की शुरुआत की गई थी। अब तक इसके जरिए 43 लाख से अधिक नागरिकों को आपातकालीन सहायता पहुंचाई जा चुकी है। इस वर्ष अब तक 8 लाख से अधिक लोगों को आपात समय में सहायता मुहैया कराई जा चुकी है। यह जानकारी एडीजी ( संचार एवं तकनीकी सेवा ) एनके आजाद ने सोमवार को पुलिस मुख्यालय सरदार पटेल भवन के सभागार में आयोजित प्रेस वार्ता में दी। एडीजी ने कहा कि वर्तमान में इस आपातकालीन हेल्पलाइन सेवा पर कॉल करने के बाद पुलिस को संबंधित घटना स्थल तक पहुंचने में औसतन 14 मिनट का समय लगता है। आने वाले समय में इस समय को और कम करने की योजना है। इसके एक वाहन औसतन ड्रायवर छोड़कर 3 से 4 लोग होते हैं। इनकी संख्या बढ़ाने की योजना पर भी काम तेजी से चल रहा है। इसके लिए चयनित कर्मियों को डेढ़ साल की ट्रेनिंग लेनी होती है। इस कारण कर्मियों की संख्या बढ़ाने में थोड़ा समय लगता है। इसके अलावा लोकेशन आधारित सिस्टम को अधिक सटीक बनाने के लिए मोबाइल फोन सेवा प्रदान करने वाले सेवा प्रोवाइडर को पूरे मामले की जानकारी दी गई है। जल्द ही उनके स्तर से तकनीकी तौर पर इस व्यवस्था को सशक्त किया जाएगा।

# भव्य वैश्य देव पूजन के बाद विसर्जन जुलूस शानदार तरीके से सम्पन्न

निज संवाददाता



**पटना सिटी।** वैश्य उत्थान समिति द्वारा भारत में पहली बार पटना सिटी में आयोजित सामूहिक वैश्य देव पूजन भव्यता और उत्साह के साथ सम्पन्न हुआ। पूजन के बाद निकला विसर्जन जुलूस पूरी तरह शानदार रहा। बैंड-बाजे और सैकड़ों श्रद्धालुओं के साथ निकला यह जुलूस नगर भ्रमण करते हुए भद्रघाट पहुँचा, जहाँ 25 वैश्य देव मूर्तियों का विधिवत विसर्जन किया गया। इस अवसर पर पूरा वातावरण भक्तिमय और उल्लासपूर्ण नजर आया। संयोजक डॉ. अजय प्रकाश ने बताया कि पूजन कार्यक्रम के दौरान वैश्य समुदाय के गौरवपूर्ण इतिहास और उसकी वर्तमान उपलब्धियों को जनमानस के बीच रखा गया, जिससे सभी अत्यंत आनंदित हुए। उन्होंने कहा कि सामूहिक वैश्य देव पूजन अब प्रतिवर्ष आयोजित करने का निर्णय लिया गया है। साथ ही उन्होंने यह भी कामना की कि सभी देवता जनमानस को सुख, समृद्धि, स्वास्थ्य और रोजगार प्रदान करें। विसर्जन जुलूस में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे। इनमें प्रमुख रूप से विकास मौड़ीवाल, लल्लू शर्मा, मनीष कांस्यकार, सर्व प्रकाश, मिथिलेश शर्मा, ज्योति गुप्ता, विकास कुमार गुप्ता, सुनील कुमार चौरसिया, मुन्ना जायसवाल, अजय शाह, शोभा सत्यम, मोहित मौड़ीवाल और पिंटू लाल कसेरा सहित सैकड़ों लोग शामिल थे।

## हरितालिका तीज : मसौढ़ी बाजार में महिलाओं की भीड़, मेहंदी और श्रृंगार की हुई धूम

निज संवाददाता



**मसौढ़ी।** सुहाग की सलामती और पति की लंबी उम्र की कामना के लिए सुहागन महिलाएं मंगलवार को हरितालिका तीज का व्रत रखेंगी। इस मौके को लेकर मसौढ़ी के बाजारों में मंगलवार को भारी भीड़ देखी गई। सुबह से ही बाजार में दुकानों और सड़कों पर महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी। बाजार में महिलाएं खासतौर पर हाथों में सजना के नाम की मेहंदी लगाने के लिए उत्सुक दिखाई दीं। वहीं, ब्यूटी पार्लरों में भी मेहंदी और अन्य श्रृंगार की सर्विस के लिए भीड़ लगी रही। कई महिलाओं ने बताया कि उन्होंने पार्लर और मेहंदी की सर्विस घर पर ही बुक कर रखी है ताकि समय की बचत हो सके। बाजार में कपड़े, आभूषण और श्रृंगार के सामान की जमकर खरीदारी हो रही है। विशेष रूप से रंग-बिरंगे साड़ी, सजावटी आभूषण और पार्लर से संबंधित पैकेजों की बिक्री में इजाफा देखा गया। स्थानीय दुकानदारों का कहना है कि हरितालिका तीज के मौके पर बाजार में हर साल ऐसी भीड़ देखने को मिलती है, और इस साल भी महिलाएं अपने त्योहार को मनाने के लिए उत्साहित हैं।

# रेलवे ने पूजा स्पेशल ट्रेनों का किया ऐलान

निज संवाददाता



हाजीपुर। रेलवे प्रशासन ने आगामी पर्व-त्योहारों के सीजन में यात्रियों की भारी भीड़ को देखते हुए उनकी सुविधा के लिए बड़ी घोषणा की है। रेलवे ने पुरी और बेंगलूरु के लिए पहले से चल रही स्पेशल ट्रेनों की परिचालन अवधि को बढ़ाते हुए उन्हें अब पूजा स्पेशल के रूप में चलाने का निर्णय लिया है। इस फैसले से त्योहारों में घर आने-जाने वाले यात्रियों को राहत मिलेगी और लंबी दूरी की यात्रा करने वालों को सीट मिलने में आसानी होगी। पटना-पुरी-पटना के बीच चलने वाली गाड़ी संख्या 03230/03229 को पूजा स्पेशल का दर्जा दिया गया है। पटना से पुरी जाने वाली ट्रेन 28 अगस्त से 25 दिसंबर 2025 तक हर गुरुवार को पटना से खुलेगी और अगले दिन सुबह पुरी पहुंचेगी। वहीं पुरी से पटना लौटने वाली यह स्पेशल ट्रेन 29 अगस्त से 26 दिसंबर तक हर शुक्रवार को चलेगी और अगले दिन पटना पहुंचेगी। इसी तरह पुरी-पटना-पुरी के बीच गाड़ी संख्या 08439/08440 को भी पूजा स्पेशल के रूप में चलाने का ऐलान किया गया है। यह ट्रेन 13 सितंबर से 30 नवंबर तक शनिवार और रविवार को अपने-अपने स्टेशनों से खुलकर पटना और पुरी तक पहुंचेगी। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दानापुर-बेंगलूरु मार्ग पर भी कई विशेष पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई जा रही हैं। गाड़ी संख्या 03251/03252 दानापुर से बेंगलूरु के लिए 31 अगस्त से 31 दिसंबर तक चलेगी। यह ट्रेन सप्ताह में दो दिन रविवार और सोमवार को दानापुर से खुलेगी और तीसरे दिन बेंगलूरु पहुंचेगी। वापसी में यह ट्रेन बेंगलूरु से मंगलवार और बुधवार को खुलेगी और तीसरे दिन दानापुर पहुंचेगी। इसी क्रम में गाड़ी संख्या 03259/03260 को भी पूजा स्पेशल का दर्जा दिया गया है। यह ट्रेन दानापुर से हर मंगलवार को 2 सितंबर से 30 दिसंबर तक चलेगी और तीसरे दिन बेंगलूरु पहुंचेगी। जबकि बेंगलूरु से इसकी वापसी यात्रा गुरुवार को होगी और 1 जनवरी 2026 तक जारी रहेगी। इसके साथ ही गाड़ी संख्या 03245/03246 को भी पूजा स्पेशल के रूप में चलाने का निर्णय लिया गया है। यह ट्रेन दानापुर से 17 सितंबर से 31 दिसंबर तक हर बुधवार को खुलेगी और तीसरे दिन बेंगलूरु पहुंचेगी। वहीं वापसी में यह ट्रेन बेंगलूरु से 19 सितंबर से 2 जनवरी 2026 तक हर शुक्रवार को चलेगी। रेलवे का कहना है कि इन सभी पूजा स्पेशल ट्रेनों के संचालन से त्योहारों में यात्रियों को बड़ी राहत मिलेगी और अतिरिक्त भीड़ को नियंत्रित करने में मदद मिलेगी। यात्रियों को सलाह दी गई है कि वे समय से टिकट बुक कर यात्रा की योजना बनाएं ताकि त्योहारों में किसी भी असुविधा का सामना न करना पड़े।

## यातायात पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 74 बस जब्त, 30 लाख से अधिक जुर्माना वसूला

निज संवाददाता

**पटना।** यातायात पुलिस ने शहर में अव्यवस्थित यातायात और जाम की समस्या को देखते हुए बड़ा कदम उठाया है। नो पार्किंग एरिया में वाहन खड़ा करने और नियमों का उल्लंघन करने के आरोप में पुलिस ने 74 बसों को जब्त कर लिया है। यह कार्रवाई बैरिया समेत शहर के अन्य बस पड़ावों पर की गई। जब्त बस मालिकों से कुल 30 लाख 58 हजार रुपये का भारी-भरकम जुर्माना भी वसूला गया है।ट्रैफिक एसपी ने बताया कि पिछले 10 दिनों से बस पड़ाव के आसपास विशेष अभियान चलाया जा रहा था। इस दौरान कुल 1817 बसों की जांच की गई। जांच में यह पाया गया कि चालक अक्सर बसों को जहां-तहां खड़ा कर देते हैं, जिससे सड़क पर जाम लग जाता है और लोगों को परेशानी होती है। कई बसों में ओवरलोडिंग भी की जा रही थी, जो दुर्घटना का बड़ा कारण बन सकती थी। ऐसे बस मालिकों से भी जुर्माना वसूला गया है। इस कार्रवाई के दौरान बैरिया बस स्टैंड से 42 बसों को जब्त किया गया, जबकि 32 बसें शहर के अलग-अलग स्टैंड से जब्त हुईं। यातायात पुलिस ने बताया कि इस दौरान 10 ऐसे बस चालकों की पहचान की गई है, जो लगातार यातायात नियमों की अनदेखी कर रहे थे। इनके खिलाफ पहले भी कार्रवाई और चेतावनी दी जा चुकी थी, लेकिन वे सुधार नहीं कर रहे थे। इन चालकों का ड्राइविंग लाइसेंस रद्द करने की अनुशंसा डीटीओ से की गई है। एसपी ट्रैफिक ने साफ कहा कि शहर में जाम और दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी। आने वाले दिनों में अन्य वाहनों की भी चेकिंग की जाएगी और नियम तोड़ने वालों पर सख्त कार्रवाई होगी।

## कैरियर काउंसेलिंग से विद्यार्थियों का बढ़ता है आत्मविश्वास

**धनबाद, एजेंसी।** मारवाड़ी युवा मंच झरिया शाखा ने यशोमति श्रीविद्या निकेतन झरिया में कॉमर्स के विद्यार्थियों के लिए रविवार को नि :शुल्क कैरियर काउंसेलिंग का आयोजन किया। कार्यक्रम में किरोड़ी मल कॉलेज दिल्ली से आये सहायक प्राध्यापक दीपक मिश्रा ने 'कॉमर्स में कैरियर के विकल्प' विषय पर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। उन्होंने कॉमर्स में उपलब्ध विभिन्न कोर्स जैसे बीकॉम, बीबीए, सीए, सीएस, सीएमए, एमबीए आदि के अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी। विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा व रोजगार की दिशा में कई सुझाव दिये। मुख्य अतिथि यशोमति के संयुक्त सचिव विनोद शर्मा ने कहा कि काउंसेलिंग से विद्यार्थियों को आत्मविश्वास बढ़ता है। इससे विद्यार्थी बड़े सपने देखने और उसे साकार करने की हिम्मत जुटा पाते हैं। मायुमं के शाखा अध्यक्ष डॉ मनीष शर्मा ने कहा कि मायुमं सदैव समाजहित और युवाओं के भविष्य निर्माण के लिए प्रतिबद्ध है। मंच की ओर से प्रो दीपक मिश्रा को सम्मानित किया। कार्यक्रम में मायुमं के शाखा अध्यक्ष डॉ मनीष शर्मा, पूर्व अध्यक्ष रमेश बंसल, राजीव सनवंतिया, विवेक लिल्हा, कार्यक्रम संयोजक दिनेश शर्मा, महिला महाविद्यालय के कोषाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल आदि थे।

## राजस्तरीय वॉलीबॉल में डीएवी कथारा ने मारी बाजी

**धनबाद, एजेंसी।** टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा में आयोजित 'खेलो डीएवी बढ़ो डीएवी' राज्य स्तरीय डीएवी वॉलीबॉल प्रतियोगिता रविवार को संपन्न हो गयी। समापन समारोह में क्लस्टर हेड एनएन श्रीवास्तव एआरओ सह प्राचार्य डीएवी कोयलानगर झारखंड जोन सी, पर्यवेक्षक एके सिंह प्राचार्य डीएवी सिंदरी, आर शर्मा प्राचार्य डीएवी बरोरा व टाटा डीएवी स्कूल जामाडोबा के प्राचार्य अनुज कुमार मिश्रा ने विजेता और उपविजेता टीमों को पदकों से सम्मानित किया। प्रतियोगिताओं में झारखंड के 24 डीएवी स्कूल के आठ समूह के 14 वर्ष से कम उम्र, 17 वर्ष से कम उम्र और 19 वर्ष से कम उम्र के 241 लड़के और 157 लड़कियों ने भाग लिया। 14 वर्ष से कम उम्र के बालक वर्ग में डीएवी कथारा विजेता और डीएवी भंडारकोला उपविजेता रहा। 14 वर्ष से कम उम्र के बालिका वर्ग में डीएवी गोकुलपुर पाकुड़ विजेता और लोदना उपविजेता रहा। 17 वर्ष से कम उम्र के बालिका वर्ग में डीएवी कथारा विजेता और डीएवी कुसुंडा उपविजेता रहा। 17 वर्ष से कम उम्र के बालक वर्ग में डीएवी कथारा विजेता और डीएवी जामाडोबा उपविजेता रहा। वहीं 19 वर्ष से कम उम्र के बालक वर्ग में डीएवी कथारा विजेता और डीएवी एन आई टी आदित्यपुर उपविजेता रहा। ये विजेता टीमें अब राष्ट्रीय स्तर पर खेलेंगी।

## झरिया पुलिस ने बाइक चोरी में तीन युवकों को किया गिरफ्तार, बाइक बरामद

**धनबाद, एजेंसी।** झरिया पुलिस ने बाइक चोरी मामले में रविवार को बलियापुर में छापेमारी कर तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है। पुलिस ने चोरी गयी बाइक भी बरामद कर ली है। गिरफ्तार तीनों आरोपियों ने पूछताछ के दौरान चोरी की कई वारदात को अंजाम देने की बात स्वीकारी है। हालांकि पुलिस इस मामले में कुछ भी कहने से इनकार कर रही है। सूत्रों की मानें तो चोरों ने अपने कई अन्य साथियों के भी नाम का खुलासा किया है। पुलिस अन्य आरोपियों की तलाश में लगातार झरिया, तिसरा थाना क्षेत्र में छापेमारी कर रही है। गुरुवार को झरिया थाना क्षेत्र के धर्मशाला रोड स्थित मोहम्मद वाजिद ने अपनी बाइक खड़ी की थी। अपराधी बाइक चोरी कर फरार हो गये थे। झरिया पुलिस ने मातृ सदन अस्पताल में लगे सीसीटीवी कैमरे का फुटेज देखा, तो आरोपी बाइक चोरी कर भागते दिखे। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर पुलिस ने बलियापुर थाना क्षेत्र में तीन अलग-अलग जगहों पर छापेमारी कर तीन आरोपियों को चोरी की बाइक सहित धर दबोचा।

## पलामू में जिस्मफरोशी धंधे का भंडाफोड़, संचालिका समेत 13 लोग हिरासत में

**धनबाद, एजेंसी।** पलामू मुख्यालय मेदिनीनगर शहर के सदिक मंजिल चौक के पास पुलिस ने कल रविवार को सेक्स रैकेट का भंडाफोड़ किया है। मामले पर कार्रवाई करते हुए पुलिस ने 9 महिलाओं और 4 पुरुषों को हिरासत में लिया है। सेक्स रैकेट की संचालिका सुनीता देवी समेत चैनपुर के राजू कुमार चौधरी, पनेरीबांध के आकाश कुमार, बारेसाढ़ के रुस्तम तिग्गा व कानपुर के अमित कुमार और अन्य महिलाओं को हिरासत में लिया गया है। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि सदिक चौक के पास सेक्स रैकेट संचालित किया जा रहा है। इसके बाद वरीय अधिकारियों के निर्देश पर एसडीपीओ मणिभूषण प्रसाद के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। एसडीपीओ व शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने कल रविवार की देर शाम करीब 8 बजे मंजिल चौक के पास छापेमारी की। इस के दौरान संचालिका सहित 13 लोगों को हिरासत में लिया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए शहर थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार ने बताया कि संचालिका सहित 13 लोगों को हिरासत में लिया गया है। सभी से पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने बताया कि पूछताछ के बाद अन्य मामलों का भी खुलासा हो सकता है। इस तरह का गंदा माहौल बनाने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जायेगी। इस छापामारी के बाद से इस धंधे में शामिल लोगों में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस तरह का धंधा काफी दिनों से चल रहा था।

### दुमका में डबल मर्डर का पुलिस ने किया खुलासा,

# दामाद ने ही की थी सास-ससुर की हत्या



**दुमका, एजेंसी।** पुलिस ने दुमका जिले में चार दिन पूर्व वृद्ध दंपति की हत्या का खुलासा किया है। एसपी पीताम्बर सिंह खेरवार ने बताया कि दामाद ने ही पैसों के लालच में आकर सास ससुर को मौत के घाट उतारा था।

दरअसल, चार दिन पूर्व दुमका जिले के चोरकट्टा गांव निवासी वृद्ध दंपति नवगोपाल साहा और पत्नी विभू साहा का खून से सना शव उनके घर से बरामद हुआ था। शव को सबसे पहले वृद्ध दंपति के बेटे अजय साहा ने देखा था। अजय अपने ससुराल गोड्डा गया हुआ था लेकिन जब वह वापस घर लौटा तो उसने देखा कि उसके मां- बाप का शव खून से सना पड़ा हैं। जिसके बाद पीड़ित अजय साहा ने तत्काल घटना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जांच पड़ताल शुरू की। मृतक घर में किराने की दुकान चलाते थे और हाल में उन्होंने कुछ जमीन बेची थी, जिससे उन्हें अच्छी खासी राशि प्राप्त हुई थी।

एसपी पीतांबर सिंह खेरवार ने बताया कि जब पुलिस ने मामले की पड़ताल शुरू की तो मृतक का मोबाइल गायब था। जब उसके मोबाइल नंबर की कॉल डिटेल निकल गई तो आखिर कॉल उसके छोटे दामाद सुबल साहा से मिली। दरअसल दामाद सुबल साहा, पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले का निवासी है और वह सास - ससुर के अंतिम संस्कार में शामिल भी हुआ था।

जब पुलिस ने उससे पूछा कि ससुर को कहां से फोन किया था तो उसने कहा कि उसने बीरभूम से कॉल किया था। उसने पुलिस को यह भी बताया कि वह काफी समय से दुमका नहीं आया है। जिसके बाद दुमका पुलिस ने जांच में पाया कि दामाद ने ससुराल यानी चोरकट्टा गांव के बाहर से ही फोन किया था। जिसके बाद पुलिस ने आरोपी को शक के आधार पर हिरासत में लिया और उससे सख्ती से पूछताछ की। जिसके बाद आरोपी दामाद ने पुलिस के सामने हत्या का राज उगल दिया।

आरोपी दामाद ने पुलिस को पूछताछ में बताया कि 19 अगस्त की रात में उसने हत्याकांड को अंजाम दिया था। हत्या के बाद आरोपी सास की सोने की चेन, अंगूठी और अन्य आभूषण लेकर भी फरार हो गया था, जिसे बाद में पुलिस ने आरोपी के घर से सोने की देवर बरामद किए हैं। इतना ही नहीं आरोपी ने ससुर का मोबाइल तालाब में फेंक दिया था ताकि किसी के हाथ सबूत हाथ नहीं लग सके। पुलिस ने आरोपी दामाद की निशानदेही पर तालाब से मोबाइल और हत्या के समय प्रयुक्त शर्ट को भी बरामद किया है।

मृतक नवगोपाल साहा की दो बेटी और एक बेटा है। बड़ी बेटी की शादी दुमका में ही हुई है। जब छोटे दामाद को पता चला कि ससुर ने बड़े दामाद को घर बनाने के लिए पैसों की मदद की है तो छोटा दामाद सुबल साहा भी ससुराल पहुंच गया और उसने ससुर से ट्रक के नये पहिये खरीदने के लिए पैसों की मांग की। लेकिन जब ससुर ने पैसे देने से साफ इनकार कर दिया तो दामाद गुस्से से लाल हो गया और ईंट से ससुर पर हमला कर दिया। जिससे ससुर की मौत हो गई। जब सास दौड़कर पति को बचाने पहुंची तो दामाद ने उसकी भी हत्या कर दी।

## रिम्स कैंटीन मामला : चाय पीने के बाद छात्रा आइसीयू में भर्ती, स्थिति नाजुक

**रांची, एजेंसी।** राजधानी रांची के रिम्स के कैंटीन में चाय पीने के बाद गंभीर हुई पीजी छात्रा की स्थिति अभी भी नाजुक बनी हुई है। छात्रा को रिम्स के क्रिटिकल आइसीयू में वेंटिलेटर पर रखकर इलाज किया जा रहा है। डॉक्टरों के अनुसार पहले से स्थिति में सुधार तो हुआ है, लेकिन अभी कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। हालांकि डॉक्टरों की टीम छात्रा को बचाने में लगी हुई है। कल शनिवार को मेडिसिन के विभागाध्यक्ष सहित कई डॉक्टरों ने छात्रा की स्थिति को देखा।

इस पूरे घटनाक्रम में रिम्स प्रबंधन द्वारा गठित टीम ने मामले की जांच शुरू कर दी है। टीम ने घटना के दिन और उस वक्त मौजूद सहपाठियों से लिखित जानकारी मांगी है। इसके बाद टीम कैंटीन संचालक को बुलाकर पूरी जानकारी लेगी। इसके अलावा कर्मचारियों को बुलाकर भी पूछताछ की जायेगी।

मालूम हो 21 अगस्त, गुरुवार की रात करीब 11 बजे कैंटीन से चाय मंगाकर पीने के बाद अचानक छात्रा की तबीयत बिगड़ गयी थी। छात्रा की गंभीर स्थिति को देखते हुए उसे तुरंत रिम्स में भर्ती कराया गया, जहां क्रिटिकल आइसीयू में वेंटिलेटर पर फिलहाल छात्रा का इलाज चल रहा है। दो दिन बाद भी छात्रा की स्थिति में बहुत अधिक सुधार नहीं आया है।

इस घटना के बाद रिम्स प्रबंधन ने यह निर्णय लिया कि रिम्स परिसर में कैंटीन का संचालन चयनित एजेंसी ही कर पायेंगी। इसके लिए प्रबंधन द्वारा निविदा के माध्यम से संचालकों का चयन किया जायेगा, जिसकी प्रक्रिया शुरू कर दी गयी है। वहीं, कैंटीन संचालकों का रिम्स से करार किया जायेगा, जिसका पालन करना होगा। कैंटीन पर नजर रखने के लिए कमेटी का गठन किया जायेगा, जो समय-समय पर औचक निरीक्षण करेगी।

वर्तमान में कैंटीन का संचालन पूर्व के अधिकारियों से अनुमति लेकर संचालित की जा रही थी। ऑर्थोपेडिक वार्ड के पास और पेइंग बिल्डिंग में संचालित कैंटीन को प्रबंधन ने नोटिस भी जारी किया था। यह बताया गया था कि निविदा की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

## जमशेदपुर एमजीएम में चौथे तल्ले में मरीज कूदा, मौत

**जमशेदपुर, एजेंसी।** जमशेदपुर के एमजीएम अस्पताल में एक मरीज की मौत ने पूरे अस्पताल परिसर में सनसनी फैला दी। चक्रधरपुर के कुरुलिया गांव निवासी 50 वर्षीय रघुनाथ मुंडा ने अस्पताल की चौथी मंजिल से कूदकर आत्महत्या कर ली। रघुनाथ को 21 अगस्त को दस्त और पेट दर्द की शिकायत पर इमरजेंसी वार्ड में भर्ती कराया गया था। अगले दिन उनकी स्थिति में सुधार दिखने पर उन्हें मेडिसिन वार्ड में शिफ्ट कर दिया गया था, जहां वह बेड नंबर 518 पर भर्ती थे।

रात में रघुनाथ सो नहीं पाए। उनके बगल के मरीज विष्णु पदो ने बताया कि देर रात अचानक वह बिस्तर से उठकर बाहर चले गए। उस समय उनकी पत्नी दामंती मुंडा नीचे चली गई थीं। जब दामंती वापस लौटीं तो उन्होंने पति को बेड पर न पाकर खोजबीन शुरू की। इसी



दौरान अस्पताल के सफाईकर्मियों ने उन्हें चौथी मंजिल से नीचे ग्राउंड फ्लोर और बालकनी के बीच अचेत अवस्था में पड़ा देखा।

घटना की जानकारी मिलते ही अस्पताल प्रशासन ने तुरंत एमजीएम थाना पुलिस को सूचित किया। अधीक्षक डॉ. आरके मंधान भी मौके पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। रघुनाथ को तुरंत इमरजेंसी विभाग में ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद अस्पताल में मौजूद मरीज और उनके परिजन दहशत में आ गए।

# चाईबासा के किसान रमेश कोड़ा इमारती पौधे लगाने को कर रहे प्रेरित

**चक्रधरपुर, एजेंसी।** मेरे पास खेती के लिए 5.5 एकड़ जमीन है। जिसे मैंने तीन हिस्सों में बांटा है। आधा एकड़ जमीन में नर्सरी बनाई। जिसमें महोगनी, सागवान, शीशम, गगनश्री, गम्हार जैसे कीमती लकड़ी के पौधों के अलावा काजू, जामुन, आम, बकेन, गुलमोहर, चतनी आदि का 20 हजार पौधे हैं। नर्सरी के कारण क्षेत्र के लोगों में मेरी पहचान बनी। वन विभाग ने भी संपर्क किया। इस वर्ष डेढ़ लाख पौधों की नर्सरी तैयार की। मुझे खेती-बाड़ी से ज्यादा नर्सरी से आमदनी हुई।

**लिफ्ट एरिगेशन सिस्टम से करते हैं खेती :** एक एकड़ जमीन में सब्जी का खेती करता हूं। उसमें लौकी, मटर, बैंगन, करेला, मिर्च और तरबूज लगाता हूं। इनकी खेती लिफ्ट एरिगेशन सिस्टम से करता हूं। इसके अलावा बची 4 एकड़ जमीन में आम का बागान लगाया। पिछले आठ सालों में कृषि क्षेत्रों से जुड़ा हूं। अब मैं किसानों को



खेती के साथ नर्सरी को लेकर भी प्रेरित कर रहा हूं। किसानों को भविष्य के लिए कीमती लकड़ी वाले पौधे उपलब्ध कराता हूं। ताकि बगान में किनारे-किनारे पौधों को लगाएं और उसे तैयार करें। उससे उन्हें भविष्य में अच्छी आमदनी मिलेगी। एक तरह से उन्हें पैसों का पेड़ लगवाता हूं, ताकि 12-15 साल बाद उन्हें फायदा मिले। क्योंकि यही उनकी भविष्य निधि है।

**रमेश की प्रेरणा से कई किसान लगा रहे आम बगान :** आम बागबानी से प्रेरित होकर पंचायत के करीबन 15-20 किसानों ने बागबानी में हाथ आजमाया है। पुसालोटा गांव निवासी किसान रांदो बोयपाई ने आम बागवानी और नर्सरी शुरू की। छह हजार पौधों की नर्सरी और आम बागबानी से अच्छी आमदनी वे प्राप्त कर रहे। इसी तरह बाईपी गांव निवासी जोन कायम ने दो एकड़ जमीन पर बागबानी शुरू की। निश्चय ही आने वालेसमय में उसका लाभ उन्हें मिलेगा। उनकी आमदनी बढ़ेगी। आम बागबानी को सिर्फ पदाधिकारी ही नहीं किसान भी देखने पहुंचते हैं।

**आम बागबानी का गुजरात से लिया प्रशिक्षण :** मैंने आम बागवानी के लिए गुजरात से प्रशिक्षण लिया है। जिससे मुझे बागबानी में फायदा हुआ। जबकि खेती बाड़ी को लेकर उद्यान विभाग रांची और आत्मा से प्रशिक्षण लेते रहता हूं। वहीं आत्मा से किसान मित्र भी हूं। चाईबासा और मनोहरपुर के किसान हमसे बराबर संपर्क में रहते हैं बागवानी से जुड़े टिप्स लेते हैं।

**कौन हैं रमेश कोड़ा :** चक्रधरपुर प्रखंड, सिलफोड़ी पंचायत के पुसालोटा गांव निवासी रमेश कोड़ा नर्सरी और आम बागवानी के लिए जाने जाते हैं। उन्होंने ग्रेजुएशन किया है। पत्नी पार्वती पुरती मैट्रिक तक पढ़ाई की है। वह भी खेती बाड़ी में पति का सहयोग करती हैं। रमेश कोड़ा की 13 वर्षीय बेटी हरि क्यूरी कोड़ा छात्रावास में रहकर पढ़ाई करती हैं। एक बेटा 3 वर्षीय नील एंड्रीक कोड़ा है। बेटी छुट्टी में घर लौटने पर खेती-बाड़ी में हाथ बंटाती है।

## यह कैसा न्याय... बढ़ते गए काम, कम कर दी गई सुविधाएं, बैंक मित्रों ने शोषण के खिलाफ आंदोलन तेज करने की दी चेतावनी




**कोडरमा, एजेंसी।** कोडरमा-जयनगर रोड स्थित गीताजंलि मैरिज हाल में रविवार को बैंक मित्र फेडरेशन आफ इंडिया का राष्ट्रीय अधिवेशन में देशभर से आए बैंक मित्र शामिल हुए।

इसमें बैंक मित्र और बैंक के बीच शामिल निजी कंपनियों को हटाने, बैंक मित्र के घट रहे कमीशन को फिर से बढ़ाए जाने और उचित मानदेय सरकार द्वारा तय किए जाने को लेकर आवाज उठाई गई।

वक्ताओं ने कहा कि उनके काम बढ़ते जा रहे हैं, जबकि मानदेय व कमीशन घटता जा रहा है। इस शोषण के खिलाफ आंदोलन को तेज किया जाएगा। राष्ट्रीय अधिवेशन के पहले सत्र में मुख्य अतिथि विधायक डा. नीरा यादव शामिल हुईं। अधिवेशन में बैंक मित्रों ने बताया कि वे लोग वित्तीय समावेशन में भूमिका निभा रहे हैं और केंद्र में मोदी सरकार के आने के बाद जन धन योजना के तहत घर-घर जाकर बैंक खाता खोलवाया था।

शुरुआती दिनों में मानदेय व कमीशन भी अच्छा मिल रहा था। वर्तमान समय में उनके द्वारा 45 प्रकार की सुविधाएं व बैंकिंग सुविधा देने के बाद भी उनका कमीशन कम हो रहा है। डा. नीरा ने उनकी मांगों का समर्थन किया। फेडरेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीरज गुप्ता ने कहा कि पिछले सात-आठ सालों से बैंकों द्वारा उनका शोषण किया जा रहा है, बीमा संबंधी लक्ष्य बैंक मित्रों के माथे थोप दिया जाता है और हमेशा आइडी बंद कर देने की धमकी देकर कार्य कराया जाता है। वही संगठन मंत्री अजय कुमार बरनवाल ने कहा कि गांव- गांव और घर-घर तक बैंकिंग सुविधा का लाभ वर्षों से लोगों को देते आ रहे हैं, लेकिन महंगाई बढ़ने के साथ उनका कमीशन घट रहा है।

अब उनकी समस्याओं को लेकर सरकार को रणनीति बनानी होगी, नहीं तो आने वाले समय में उनका आंदोलन और धारदार होगा। मौके पर लीलावती प्रजापति, अवधेश सक्सेना, स्वेतांषु गुप्ता, राजु खतरकर, रंजीत कुमार पांडे, धर्मेंद्रु शेखर मुखर्जी समेत अन्य प्रदेशों के प्रतिनिधि शामिल हुए।

## कांके नगड़ी में ग्रामीणों के साथ झड़प में तीन पुलिसकर्मी घायल

**रांची, एजेंसी।** कांके प्रखंड के नगड़ी में प्रस्तावित रिम्स-2 के विरोध में आज दिन भर पुलिस और आक्रोशित ग्रामीणों के बीच झड़प जारी रही। रिम्स-2 की प्रस्तावित ज़मीन पर धान की रोपाई कर रहे हज़ारों ग्रामीणों को रोकने के लिए पुलिस को कई बार बल प्रयोग करना पड़ा और आंसू गैस के गोले दागने पड़े।



ग्रामीण रांची के पुलिस अधीक्षक प्रवीण पुष्कर ने बताया कि ग्रामीणों ने सरकारी काम में बाधा डाली और जमीन पर कंटीले तारों से की गई बाड़ को काट दिया। इस क्रम में ग्रामीणों की हिंसा में तीन पुलिसकर्मी घायल हुए हैं, जबकि सिल्ली के डीएसपी और रांची के एडीएम (लॉ एंड ऑर्डर) को भी चोटें आई हैं। ग्रामीण एसपी ने कहा कि आज की घटना में शामिल लोगों की पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। पूरी घटना की वीडियोग्राफी कराई गई है और उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। पूरे इलाके में निषेधाज्ञा (पहले आईपीसी की धारा 144) लागू थी, इसके बावजूद बड़ी संख्या में लोगों ने इसका उल्लंघन किया है, जिनकी पहचान कर कार्रवाई की जाएगी। रांची के एसडीएम उत्कर्ष कुमार ने बताया कि रिम्स 2 की प्रस्तावित जमीन पर आज विभिन्न संगठनों ने धनरोपण का आह्वान किया था, इसलिए पुलिस प्रशासन ने भी विधि-व्यवस्था बनाए रखने की पूरी तैयारी कर ली थी। उन्होंने बताया कि कुछ देर के लिए आक्रोशित लोगों ने रिंग रोड और कांके पिठोरिया मार्ग को जाम कर दिया था, लेकिन बाद में जाम हटा लिया गया और अब स्थिति सामान्य है।

# पलामू में सेक्स रैकेट का भंडाफोड़:संचालिका समेत महिलाएं और ग्राहक दबोचे गए, 13 गिरफ्तार

**पलामू, एजेंसी।** पलामू जिले में रविवार की रात पुलिस ने एक बड़े सेक्स रैकेट का खुलासा किया। शहर थाना क्षेत्र के सद्दीक मंजिल चौक के पास स्थित एक घर में चल रहे इस अवैध धंधे का पर्दाफाश करते हुए पुलिस ने संचालिका समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान कई महिलाएं और पुरुष आपत्तिजनक हालत में मिले। पुलिस फिलहाल सभी से पूछताछ कर रही है और मामले की तहकीकात में जुटी है।

इस मामले की शुरुआत तब हुई जब एसपी रीष्मा रमेशन को इलाके में सेक्स रैकेट संचालित होने की गुप्त सूचना मिली। सूचना की पुष्टि के बाद उन्होंने छापेमारी का आदेश दिया। इसके बाद डीएसपी राजेश यादव के नेतृत्व में एक टीम बनाई गई। टीम में थाना प्रभारी इंस्पेक्टर ज्योतिलाल रजवार और अन्य पुलिस जवान भी शामिल थे। रविवार देर रात पुलिस ने सद्दीक मंजिल चौक के पास स्थित संदिग्ध घर को घेर लिया और अचानक छापेमारी की।



पुलिस की जांच में सामने आया कि इस रैकेट की मुख्य संचालिका सुनीता थी। वह अपने ही घर से इस अवैध धंधे को चला रही थी। बताया जाता है कि सुनीता ग्रामीण और शहरी दोनों इलाकों की महिलाओं को इसमें शामिल करती थी ग्राहकों से संपर्क कर उन्हें बुलाती थी। छापेमारी के दौरान घर के अलग-अलग कमरों से महिलाएं और पुरुष रंगे हाथ पकड़े गए। पुलिस ने मौके पर मौजूद सभी को हिरासत में ले लिया।

गिरफ्तार किए गए 13 लोगों में से चार ग्राहक बताए जा रहे हैं। इनमें कानपुर निवासी अमित कुमार, चैनपुर के आकाश कुमार चंद्र, रामजी कुमार चौधरी और लातेहार के रुस्तम तिग्गा शामिल हैं। पुलिस इनसे पूछताछ कर यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि इनके संपर्क कैसे बने और रैकेट का नेटवर्क किन-किन जगहों तक फैला हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि प्रारंभिक पूछताछ में कई अहम जानकारियां मिली हैं।

## पूर्वी टुंडी में डायरिया से महिला की मौत, 20 ग्रामीण इलाजरत

**धनबाद, एजेंसी।** पूर्वी टुंडी प्रखंड के कई क्षेत्रों में डायरिया का प्रकोप बढ़ गया है। रविवार को भोगता टोला निवासी बुंदिया भोक्ता (65 वर्ष) की एसएनएमएमसीएच में इलाज के दौरान मौत हो गयी, वहीं कई नये मरीज मिले। इससे पहले भी एक मरीज की इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। इधर, रविवार को लटानी पंचायत के सिंगरायडीह, रघुनाथपुर पंचायत के घोषालडीह, भोगता टोला व गोपीनाथडीह में डायरिया के नये मरीज मिले। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के अनुसार, घोषालडीह गांव में दो व सिंगरायडीह गांव में चार नये मरीज पाये गये। बीमारी की सूचना पर स्वास्थ्य विभाग की टीम रविवार की सुबह लगभग सात बजे स्वास्थ्य उपकेंद्र प्रभारी डॉ विकास राणा के नेतृत्व में सिंगरायडीह गांव पहुंची। डॉ विकास राणा ने गांव की सहिया के साथ मिलकर विभिन्न घरों में पीड़ित मरीजों की जांच की। आवश्यक दवा उपलब्ध कराने के बाद सभी को अस्पताल भेज दिया गया। इधर, दूसरे दिन भी सिविल सर्जन टुंडी पहुंचे और इलाज व व्यवस्था की निगरानी की। ज्ञात हो कि नये मरीज मिलने से प्रखंड में डायरिया ग्रस्त मरीजों की संख्या 20 के पार पहुंच चुकी है।रविवार को मरीजों की जांच के बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी को एसएनएमएमसीएच व टुंडी सीएचसी भेज दिया।

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com


## अपनी ही पार्टी के सांसद पर एक करोड़ मानहानि दावे में राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला का यू-टर्न

**कानपुर, एजेंसी।**
यूपी में अपनी ही पार्टी के सांसद अशोक रावत पर एक करोड़ की मानहानि के दावे का नोटिस भेजने वाली उत्तर प्रदेश सरकार की राज्य मंत्री प्रतिभा शुक्ला ने अब यू-टर्न ले लिया है। रविवार को 'हिन्दुस्तान' से बातचीत में उन्होंने कहा कि नोटिस उन्होंने जरूर भेजा था मगर सांसद से उनकी कोई बात नहीं हुई है। वह उनसे खुद मिलकर बात करेंगी। वह बात को आगे नहीं बढ़ाना चाहतीं।

सांसद और मंत्री के बीच खींचतान और विवाद की जड़ 40 करोड़ से बना खेरेश्वर मंदिर मार्ग है। प्रतिभा शुक्ला का यह भी कहना है कि उनके पास कुछ लोग आए थे और कहा था कि खेरेश्वर मंदिर की रोड खराब बनी है तो जांच के लिए शासन को लिख दिया। बकौल राज्य मंत्री 'मीडिया के जरिए ही हमें पता चला कि सांसद ने कहा कि इसमें मेरा व्यक्तिगत इंट्रेस्ट है। जबकि मेरा कोई व्यक्तिगत इंट्रेस्ट नहीं होता। 10-15 दिन पहले अधिवक्ता के माध्यम से नोटिस भेजा था। अब मीडिया के जरिए मैं कोई बात नहीं बढ़ाना चाहती'। दूसरी ओर मिश्रिख से भाजपा के सांसद अशोक रावत ने 'हिन्दुस्तान' से बातचीत में




कहा-'मुझे अभी तक कोई नोटिस नहीं मिला है।

**अब तक तीन बार हुई जांच, ऐसे उपजा विवाद**

1. बिठूर से शिवराजपुर जाने वाले खेरेश्वर मंदिर मार्ग का चौड़ीकरण तीन मीटर से सात मीटर तक किया गया। इस पर लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) ने 40 करोड़ रुपये खर्च किए थे।
2. महिला कल्याण एवं बाल विकास पुष्टाहार विभाग की राज्यमंत्री ने घटिया सामग्री का इस्तेमाल होने और मानक के विपरीत की शिकायत शासन से नौ जुलाई को की।
3. इसके बाद एक जांच जिलाधिकारी, चीफ इंजीनियर पीडब्ल्यूडी और अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग की टीम ने सड़क की जांच और सड़क को ठीक बताया।
4. दूसरी जांच पीडब्ल्यूडी लखनऊ के चीफ इंजीनियर और अधीक्षण अभियंता ने की। सैंपल को एचबीटीयू भेजा गया, वहां की जांच में भी मानक में कमी नहीं मिली।
5. आठ अगस्त को तीसरी जांच इंडो नेपाल बॉर्डर प्रोजेक्ट के चीफ इंजीनियर ने की। इस टेक्निकल ऑडिट टीम की जांच रिपोर्ट अभी तक नहीं आई है, इंतजार हो रहा।
6. पंद्रह किमी तक के इस मार्ग का चौड़ीकरण ठेकेदार फर्म अशोक कुमार छाबड़ा कांस्ट्रक्शन ने किया है। छह जून 2024 को निर्माण शुरू हुआ, पांच अगस्त 2025 को पूरा।
7. सांसद अशोक रावत ने भी शासन को पत्र लिखकर बताया कि सड़क मानक के अनुरूप बनी है। तीन बार जांच हो चुकी। मंत्री की शिकायत को निजी हितों से प्रेरित बताया।

## डीएमके सांसद कनिमोझी ने अनुराग ठाकुर पर साधा निशाना

**नई दिल्ली, एजेंसी।** डीएमके सांसद एमके कनिमोझी ने भाजपा सांसद अनुराग ठाकुर के हालिया बयान पर प्रतिक्रिया दी, जिसमें उन्होंने स्कूल के बच्चों से यह सवाल किया था कि चंद्रमा पर सबसे पहले कदम किसने रखा था और फिर जवाब दिया कि वह भगवान हनुमान थे। कनिमोझी ने इस पर गहरी नाराजगी जाहिर करते हुए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, एक सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री द्वारा स्कूली बच्चों से यह पूछना कि चांद पर सबसे पहले किसने कदम रखा था और जोर देकर कहना कि वह नील आर्मस्ट्रांग नहीं, बल्कि हनुमान थे, बेहद परेशान करने वाला है। उन्होंने अपने एक्स पोस्ट में लिखा, विज्ञान कोई मिथक नहीं है। कक्षाओं में युवाओं को गुमराह करना ज्ञान, तर्क और हमारे संविधान में निहित वैज्ञानिक सोच का अपमान है।

### वेबसाइट किराए पर लेकर करोड़ों ठगे

## फरीदाबाद से सामने आया साइबर फ्रॉड का नया खेल

**फरीदाबाद , एजेंसी।** ऑनलाइन एयर टिकट बनाने वाली एक फर्म की महिला संचालक से साइबर जालसाजों ने नौ करोड़ रुपये ठग लिए। आरोपियों ने उनकी फर्म से संबंधित वेबसाइट को किराये पर लेकर मोटे मुनाफे का प्रलोभन दिया था। साथ ही सौ से अधिक ग्राहकों से भी रुपये लेकर नकली टिकट आदि उपलब्ध करा दिए। फरीदाबाद की बल्लभगढ़ साइबर थाना पुलिस ने इस संबंध में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है। ऐसा दावा किया जा रहा है कि यह शहर में अब तक की सबसे बड़ी साइबर ठगी है। पुलिस के अनुसार, पीड़ित महिला सेक्टर-8 में परिवार के साथ रहती हैं। उन्होंने शिकायत में बताया कि वह ऑनलाइन एयर टिकट बनाने वाली फर्म चलाती हैं। उनकी एक वेबसाइट है। इसके जरिये ऑनलाइन एयर टिकट की सेवाएं दी जाती हैं। पीड़िता का कहना है कि कुछ साल पहले उनकी यूपी के आगरा जिला स्थित विकास कॉलोनी निवासी विश्वदीप सिंह राठौर से मोबाइल फोन पर बातचीत हुई थी। विश्वदीप सिंह राठौर ने उन्हें ऑनलाइन एयर टिकट के कारोबार को बढ़ाने का झांसा दिया। साथ ही उनके वेबसाइट को किराये पर लेकर आगे बढ़ाने का भरोसा दिया।

पीड़िता का कहना है कि उनका आरोपी विश्वदीप सिंह राठौर से मौखिक समझौता हुआ था। एक अगस्त 2024 को 2 लाख 20 हजार रुपये में मासिक किराये पर वेबसाइट के उपयोग का लिखित करार हुआ। लिखित समझौता होने के बाद इसकी जानकारी जेटकॉस्ट को भी दी गई। वहां से अनुमति मिलने के बाद आरोपी विश्वदीप सिंह राठौर और उनके सहयोगी हिमांशु, आरोपी के भाई आकाशदीप, उनकी ब्रांच मैनेजर दीक्षा और मार्केटिंग मैनेजर अर्पित ने किराये पर ली गई वेबसाइट का उपयोग शुरू कर दिया। करार के आधार पर आरोपी ग्राहक के प्रश्नों और बुकिंग आदि प्रबंधन के लिए जिम्मेदार थे। आरोपियों ने ग्राहकों को लुभाने के लिए वेबसाइट पर एयर टिकटों के दर को काफी कम कर दिया। यह देखकर काफी संख्या में ग्राहक एयर टिकट खरीदने लगे। पीड़िता का कहना है कि आरोपियों ने शुरुआत में तो टिकट नहीं मिलने वाले ग्राहकों को रुपये वापस किए।

### संक्षिप्त समाचार

## महिलाओं से अश्लील सवाल, हाई कोर्ट ने दे दिया जज के ट्रांसफर का आदेश

**तिरुअनंतपुरम, एजेंसी।** महिलाओं के साथ आपत्तिजनक व्यवहार और अश्लील टिप्पणियों के आरोप में केरल हाई कोर्ट ने फैमिली कोर्ट के एक जज के ट्रांसफर का आदेश दे दिया है। चावारा फैमिली कोर्ट के जज उदयकुमार वी का ट्रांसफर कोल्लम मोटर ऐक्सिडेंट क्लेम्स ट्राइब्यूनल में करने का आदेश दिया गया है। बार ऐंड बेंच की रिपोर्ट के मुताबिक एक महिला ने कोल्लम के प्रधान जिला जज को पत्र लिखकर जज पर गंभीर आरोप लगाए थे। महिला ने कहा था कि काउंसलिंग के दौरान जज महिलाओं के साथ यौन दुर्व्यवहार करते हैं और अश्लील टिप्पणियां करते हैं। जानकारी के मुताबिक कोल्लम में मोटर ऐक्सिडेंट क्लेम्स ट्राइब्यूनल के जज प्रसन्ना गोपालन का ट्रांसफर फैमिली कोर्ट में कर दिया गया है। जिला न्यायालय के रजिस्ट्रार ने दोनों के म्यूचुअल ट्रांसफर का आदेश जारी कर दिया है। हाई कोर्ट की प्रशासनिक समिति ने इस मामले की जांच के भी आदेश दिए हैं। रिपोर्ट के आधार पर कोर्ट आगे भी कार्रवाई कर सकता है। बता दें कि फैमिली कोर्ट में परिवार में होने वाली समस्याओं को निपटारा किया जाता है। इसकी स्थापना 1984 के परिवार न्यायालय अधिनियम के तहत की गी थी। फैमिली कोर्ट का का पारिवारिक कलह, शादी और तलाक से संबंधित मामलों का निपटारा करवाना होता है। फैमिली कोर्ट्स की स्थापना से पहले जिला न्यायालय में ही घरेलू मालमे भी लाए जाते थे। न्यायालयों पर बोझ और सुनवाई में देरी को देखते हुए फैमिली कोर्ट बनाए गए। विरासत और बच्चे को गोद लेने संबंधित मामले भी फैमिली कोर्ट में निपटाए जाते हैं। फैमिली कोर्ट में समस्या का समाधान ना हने पर उसे मध्यस्थता के लिए भेजा जाता है। यहां से भी हल ना निकलने पर उसे ऊपरी अदालत में ट्रांसफर कर दिया जाता है।

## जब तक लोगों का अपमान बंद नहीं करेंगे, जीत नहीं पाएंगे; फडणवीस



**मुंबई, एजेंसी।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे और विपक्ष पर विधानसभा चुनावों में वोट चोरी का आरोप लगाने के लिए हमला बोला और कहा कि वे लोगों से झूठ बोलकर और उनका अपमान करके चुनाव नहीं जीत सकते। फडणवीस ने संवाददाताओं से कहा, वे बस अपने दिल को तसल्ली देने की कोशिश कर रहे हैं और अपने कार्यकर्ताओं को यह बताने की कोशिश कर रहे हैं कि वे वाकई जीत रहे हैं, उनकी हार में एक साजिश थी, ताकि कार्यकर्ता बिखर न जाएं। जब तक वे अपनी हार पर आत्मचिंतन नहीं करेंगे, तब तक वे जीत नहीं पाएंगे। जब तक वे झूठ बोलना और लोगों का अपमान करना बंद नहीं करेंगे, वे जीत नहीं सकते। फडणवीस की यह टिप्पणी राज ठाकरे द्वारा शनिवार को लोकसभा में विपक्ष के नेता और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के वोट चोरी के आरोपों का समर्थन करने के बाद आई है। इस बीच, शिवसेना नेता संजय राउत ने आज आरोप लगाया कि भाजपा के नेतृत्व वाली महायुति सरकार वोट चोरी के जरिए सत्ता में आई है और दावा किया कि यह मुद्दा अब राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उठाया जा रहा है। पत्रकारों से बात करते हुए, राउत ने कहा, ... महाराष्ट्र में वोट चोरी का मुद्दा आठ महीने से चल रहा है, हम इस पर सवाल उठा रहे हैं। यह मुद्दा उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे, शरद पवार और कांग्रेस ने उठाया था। देवेंद्र फडणवीस की सरकार ऐसी ही वोट चोरी के जरिए सत्ता में आई थी। हमारे वोट कहां गए? यह सवाल राज ठाकरे ने पूछा था, और हमने भी पूछा था। अब चोरी का यह मुद्दा राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्तर पर उठाया है और इसे अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जा रहा है।

## छत्तीसगढ़ में 67 साल के बुजुर्ग बॉयफ्रेंड ने 30 साल की गर्लफ्रेंड का किया मर्डर ?

**धमतरी, एजेंसी।**
शक, अफेयर और मर्डर! छत्तीसगढ़ के धमतरी जिले से 67 साल के आशिक द्वारा 37 साल छोटी प्रेमिका की हत्या करने का मामला सामने आया है। हत्या की वजह शक होना बताया गया है। बुजुर्ग बॉयफ्रेंड को इस बात का शक था कि उसकी गर्लफ्रेंड का किसी अन्य के साथ अफेयर चल रहा है। इसलिए उसने मौका पाकर चाकू गोदकर उसकी हत्या कर दी।

पूरा मामला धमतरी जिले के करेली बड़ी चौकी इलाके का है। बुजुर्ग बॉयफ्रेंड का नाम जगन्नाथ मारकंडे है। वह हसदा गांव का रहने वाला है। पेशे से किसान जगन्नाथ के ऊपर 30 साल की अपनी प्रेमिका पुष्पा मारकंडे की हत्या का आरोप है। जानकारी के मुताबिक दोनों के बीच प्रेम संबंध था। दरअसल महिला का पति बीती साल से जेल में बंद था। तब से जगन्नाथ का महिला के घर आना-जाना लगा रहता था। धीरे-धीरे दोनों के बीच दूरियां कम हुई और प्रेम संबंध बढ़ने लगा।

मगर सब कुछ ठीक नहीं रहा। बुजुर्ग



बॉयफ्रेंड को अपनी प्रेमिका पर शक होने लगा। उसे शक था कि उसकी प्रेमिका किसी अन्य के साथ भी अवैध संबंध बनाए हुए है। जगन्नाथ ने इसी शक के चलते अपनी प्रेमिका की चाकू से गोद गोदकर हत्या कर दी। उसने महिला की पीठ और पेट पर कई वार किए। इस दौरान महिला का बेटा भी मौजूद था। उसने अपनी मां को बचाने का प्रयास किया तो उसे भी चोटें आईं। मौके पर पहुंची पुलिस ने मां-बेटे को मगरलोड अस्पताल में भर्ती कराया, जहां डॉक्टरों ने महिला को मृत घोषित कर दिया।

## पति की जान बचाने के लिए पत्नी ने दान किया था लीवर, सर्जरी के बाद दोनों की मौत

**पुणे , एजेंसी।**
महाराष्ट्र के पुणे से एक दुखद मामला सामने आया है। यहां पर एक पत्नी ने अपने पति के जीवन को बचाने के लिए उसे लीवर दान देने का फैसला लिया। इसके बाद एक प्राइवेट हॉस्पिटल में सर्जरी करवाई गई। लेकिन सर्जरी के बाद ही पति की और फिर कुछ दिन बाद पत्नी की भी मौत हो गई। इससे लोगों ने प्राइवेट हॉस्पिटल को लेकर सवाल उठाने शुरू कर दिए हैं। एक अधिकारी ने बताया कि इस घटना के सामने आने के बाद महाराष्ट्र स्वास्थ्य विभाग ने अस्पताल को नोटिस जारी किया है।

स्वास्थ्य सेवा की डिप्टी डायरेक्टर डॉक्टर नागनाथ येमपल्ले ने बताया कि सह्याद्री अस्पताल को इस घटना के संबंध में नोटिस जारी कर दिया गया है। उन्हें इस ट्रांसप्लांट से जुड़ी सभी जानकारी सोमवार तक प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया है। उन्होंने कहा, हमने अस्पताल को एक नोटिस जारी किया है। इसमें पीड़ित की वीडियो रिकॉर्डिंग और उपचार की प्रक्रिया की जानकारी मांगी है। यह रिपोर्ट हमें



सुबह 10 बजे तक मिल जाएगी।

**क्या है पूरा मामला?:** रिपोर्ट्स के मुताबिक मृतक बापू कोमकर को लीवर की समस्या थी, जिसे लेकर डॉक्टर ने उन्हें ट्रांसप्लांट की सलाह दी। उनकी पत्नी कामिनी ने पति की जान बचाने के लिए उन्हें अपना लीवर दान करने का फैसला लिया। इसके बाद 15 अगस्त को दोनों दी सह्याद्री अस्पताल में सर्जरी हुई। लेकिन सर्जरी के दो दिन बाद ही बापू कोमकर की हालत बिगड़ गई और 17 अगस्त को उनकी मौत हो गई। इसके बाद कामिनी को 21 अगस्त को इन्फेक्शन हो गया और उनकी भी मौत हो गई।

दोनों लोगों की मौत हो जाने पर बापू और कामिनी के परिजनों ने अस्पताल के ऊपर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया। इतना ही नहीं उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से मामले की जांच करने और अस्पताल पर कार्रवाई करने की मांग की। हालांकि अस्पताल की तरफ से अपना बचाव करते हुए कहा गया कि उन दोनों की सर्जरी मेडीकल प्रोटोकॉल का पूरी तरह से पालने करने के बाद ही की गई थी।

अस्पताल की तरफ से केस के बारे में जानकारी देते हुए कहा गया कि हम कोमकर परिवार के प्रति अपनी पूरी संवेदना रखते हैं। मरीज को लीवर और अन्य अंगों से जुड़ी कई परेशानियां थीं, यह एक हाई रिस्क केस था। हमने इस सर्जरी के जुड़ी जटिलताओं के बारे में पहले ही परिवार को बता दिया था। सर्जरी पूरी मानक प्रोटोकॉल के बाद ही हुई। दुर्भाग्य से सर्जरी के कुछ दिन बाद ही मरीज को कार्डियोजेनिक शॉक हो गया।

## वोट चुराए जा रहे, शिवसैनिक घर-घर जाएं और वोटर लिस्ट चेक करें: उद्धव ठाकरे

**मुंबई, एजेंसी।**
शिवसेना यूबीटी प्रमुख उद्धव ठाकरे ने रविवार को बड़े पैमाने पर चुनावी गड़बड़ियों के आरोप लगाए। उन्होंने आगामी नगर निगम चुनावों से पहले पार्टी कार्यकर्ताओं को घर-घर जाकर मतदाता सूचियों की जांच करने का निर्देश दिया। चुनावी तैयारियों के सिलसिले में दहिसर स्थित पार्टी की शाखा संख्या 4 के दौरे के दौरान उन्होंने शिवसेना कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। ठाकरे ने कहा, 'हमारे वोट चुराए जा रहे हैं। इसलिए हर घर जाकर मतदाता सूचियों की सावधानीपूर्वक जांच करें। यह एक ऐसी जिम्मेदारी है जिसे आपको बहुत गंभीरता से निभाना होगा।'

उद्धव ठाकरे ने पार्टी सदस्यों को सूचियों की पूरी तत्परता से जांच करने का निर्देश दिया। यह निर्देश विपक्षी नेताओं की ओर से हाल ही में लगाए गए मतदाता धोखाधड़ी के आरोपों की पृष्ठभूमि में आया है। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पहले चुनावी अनियमितताओं को लेकर सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी और चुनाव आयोग पर निशाना साधा था।

मतदाता हेरफेर के लगाए आरोप

महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने भी लोकसभा चुनावों से पहले संभावित मतदाता हेरफेर को लेकर चिंता जताई थी। इन चिंताओं को दोहराते हुए महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री ने अपने कार्यकर्ताओं से सत्यापन प्रक्रिया के दौरान



सतर्क रहने का आग्रह किया है। ठाकरे नगर निगम चुनावों के लिए पार्टी की तैयारी की रणनीति के तहत शहर भर में शिवसेना शाखाओं का नियमित रूप से दौरा कर रहे हैं।

दूसरी ओर, महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने रविवार को कहा कि वोट चोरी का आरोप लगाने वाले नेता अपनी चुनावी हार पर आत्मचिंतन करने के बजाय कार्यकर्ताओं को सांत्वना देने के वास्ते ऐसा कर रहे हैं। उन्होंने कहा, 'शायर गालिब ने एक बार कहा था दिल बहलाने के लिए ख्याल अच्छा है। मैं कहना चाहता हूं कि वे चुनाव में अपनी हार के पीछे किसी साजिश का आरोप लगाकर खुद को और अपने कार्यकर्ताओं को दिलासा देने की कोशिश कर रहे हैं। लेकिन मैं उनसे कहना चाहता हूं कि उन्हें अपनी हार पर आत्मचिंतन करना चाहिए, वरना वे कभी नहीं जीत पाएंगे।'

## महाराष्ट्र में बीजेपी गठबंधन की सरकार वोट चोरी के जरिए सत्ता में आई, संजय राउत का आरोप

**मुंबई, एजेंसी।**
शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने रविवार को आरोप लगाया कि महाराष्ट्र में बीजेपी गठबंधन वाली सरकार वोट चोरी के जरिए सत्ता में आई। उन्होंने दावा किया कि यह मुद्दा अब राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उठाया जा रहा है। राउत ने कहा, महाराष्ट्र में वोट चोरी का मुद्दा 8 महीने से चल रहा है। हम इस पर सवाल उठाते रहे हैं। यह मामला उद्धव ठाकरे, राज ठाकरे, शरद पवार और कांग्रेस ने उठाया था। देवेंद्र फडणवीस की सरकार केवल वोट चोरी के जरिए ही सत्ता में आई। हमारे वोट कहां गए? यह सवाल राज ठाकरे ने पूछा और हमने भी। अब इस चोरी का मुद्दा राहुल गांधी ने राष्ट्रीय स्तर पर उठाया है और इसे अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ले जाया जा रहे हैं।

इससे पहले, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने चुनाव आयोग और बीजेपी पर एक बार फिर निशाना साधा। उन्होंने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन संशोधन को वोट चोरी का संस्थागत तरीका बताया। बिहार के अररिया में वोटर अधिकार यात्रा के दौरान कांग्रेस नेता ने ईसीआई और बीजेपी के बीच साझेदारी का आरोप लगाया। उन्होंने कहा, बिहार में एसआईआर वोट चोरी का संस्थागत तरीका है। लाखों मतदाताओं के नाम हटा दिए गए। विपक्ष शिकायत कर रहा है, लेकिन बीजेपी ने एक बार भी



शिकायत नहीं की क्योंकि चुनाव आयोग, चुनाव आयुक्त और बीजेपी के बीच साझेदारी है।

चुनाव चोरी को लेकर राहुल गांधी ने भी घेरा

राहुल गांधी ने कहा कि विपक्ष बीजेपी और चुनाव आयोग को बिहार में चुनाव चोरी नहीं करने देगा। उन्होंने कहा, यात्रा सफल रही है और लोग स्वाभाविक रूप से जुड़ रहे हैं। यह स्पष्ट है कि बिहार में करोड़ों लोग हमारे वोट चोरी के दावे पर विश्वास करते हैं। यही कारण है कि आप यह प्रतिक्रिया देख सकते हैं। चुनाव आयोग का काम सही मतदाता सूची देना है जो उन्होंने महाराष्ट्र, हरियाणा और कर्नाटक में नहीं किया। उन्होंने कहा कि हमारा दबाव चुनाव आयोग के व्यवहार को बदलने का है। हम इसे बिहार में नहीं होने देंगे। आपने महाराष्ट्र और हरियाणा में चुनाव चुराए।

## ग्रेटर नोएडा दहेज हत्या: निक्की का जेठ पकड़ा गया, अब तक तीसरी गिरफ्तारी

**ग्रेटर नोएडा , एजेंसी।**
ग्रेटर नोएडा में अपने ससुराल में मारपीट और आग लगाने के बाद मरने वाली महिला निक्की के जेठ रोहित भाटी को गिरफ्तार कर लिया गया है। इस मामले में अब तक यह तीसरी गिरफ्तारी है, इससे पहले रविवार को पुलिस ने निक्की के पति विपिन भाटी और उसकी सास दया भाटी को गिरफ्तार किया था।

यह मामला गुरुवार रात उस वक्त सामने आया जब फोर्टिस अस्पताल ने पुलिस को सूचना दी कि एक महिला गंभीर रूप से जली हुई अवस्था में भर्ती हुई है। फोर्टिस के डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद निक्की के परिजन बड़ी संख्या में थाने पहुंचकर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इसी बीच, पुलिस ने रविवार को विपिन और दया को गिरफ्तार कर लिया, लेकिन रोहित और उसका पिता सतवीर फरार हो गए। इसके अलावा, रविवार को पुलिस हिरासत से भागने की कोशिश में विपिन के पैर में भी गोली लगी। अधिकारियों के अनुसार, ग्रेटर नोएडा के सिरसा चौक के पास विपिन ने एक पुलिसकर्मी की





पिस्तौल छीनकर भागने की कोशिश की, जिसका पुलिस टीम ने पीछा किया। इस दौरान पुलिस ने गोली चला दी और उसके पैर में गोली लग गई। हालांकि, विपिन ने आरोप लगाया है कि निक्की की मौत से उसका और उसके परिवार का कोई लेना-देना नहीं है। उसने दावा किया कि जब वह और उसके पिता घर पर नहीं थे, तब निक्की ने खुद को आग लगा ली, जबकि निक्की की बहन कंचन ने घटना का वीडियो बनाया था। घटना का एक कथित सीसीटीवी फुटेज भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। निक्की के बेटे ने अपने पिता और दादी को अपनी मां को पीटते और फिर जिंदा जलाते हुए देखा। मृतका, जिसकी पहचान निक्की के रूप में हुई है, के परिवार वालों का आरोप है कि उसे जलाने से पहले ज्वलनशील पदार्थ डाला गया था। इस दरिंदगी के गवाह उनके बेटे ने कहा, उन्होंने पहले मम्मी पर कुछ डाला। फिर उन्हें थप्पड़ मारे। इसके बाद, उन्होंने लाइटर से उन्हें आग लगा दी। पत्रकारों द्वारा पूछे जाने पर, उसने सिर हिलाकर पुष्टि की कि उसके पिता ने ही उसकी मां की हत्या की है। निक्की की बड़ी बहन कंचन ने आरोप लगाया कि निक्की की हत्या इसलिए की गई क्योंकि वह ससुराल वालों की 36 लाख रुपए दहेज की मांग पूरी नहीं कर सकी थी। इस घटना से जुड़े कुछ विचलित करने वाले वीडियो सामने आए हैं, जिनमें निक्की के पति और सास उसे बालों से घसीटते और पीटते हुए दिखाई दे रहे हैं। एक और वीडियो में वह गंभीर रूप से जली हुई अवस्था में जमीन पर बेबस बैठी दिखाई दे रही है।

## फरीदाबाद में मस्जिद चौक को जाम मुक्त करने को बनेगी स्लिप रोडा

**फरीदाबाद एजेंसी।** फरीदाबाद नगर निगम प्रशासन ने मस्जिद चौक को जाम मुक्त करने के लिए स्लिप रोड बनाने की योजना को मंजूरी दी है। स्लिप रोड बनने से इस चौक से शहर के अंदरूनी इलाकों में आवाजाही करने वाले वाहन चालकों को ट्रैफिक लाइट की वजह से लगने वाले जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। इस योजना के लिए नगर निगम प्रशासन ने बजट को मंजूरी दे दी है। एनआईटी तीन मस्जिद चौक पर हर कार्यदिवस पर ट्रैफिक का काफी दबाव रहता है। मस्जिद चौक से सैनिक कॉलोनी मोड़ से होते हुए वाहन चालक गुरुग्राम तक आवाजाही करते हैं। गुरुग्राम से आने-जाने वाले ट्रैफिक की वजह से यहां सुबह-शाम वाहनों का दबाव रहता है। इस चौक से शहर के अंदरूनी इलाकों में आवाजाही करने वाले वाहन चालक भी यहां ट्रैफिक लाइट की वजह से लगने वाले जाम में फंस जाते हैं। इस चौक से वाहन चालक मुल्ला होटल चौक, डबुआ, एनआईटी-दो, तीन, सैनिक कॉलोनी और मेट्रो मोड़ की ओर आवाजाही करते हैं। स्लिप रोड बनने के बाद वाहन चालकों को शहर के उपरोक्त इलाकों की ओर आने-जाने के लिए ट्रैफिक लाइट के जाम में नहीं फंसना पड़ेगा। इससे काफी राहत मिलेगी। नगर निगम प्रशासन ने स्लिप रोड बनाने के लिए 5 लाख 85 हजार 304 रुपये का बजट भी मंजूर कर दिया है।

# विचार-मंथन

## संपादकीय

### सीएम पर हमला, पुलिस इंटेलिजेंस पर गंभीर सवाल

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता पर 'जन सुनवाई' कार्यक्रम के दौरान हमला गंभीर और चिंताजनक घटना है। इससे न केवल उनकी व्यक्तिगत सुरक्षा, बल्कि राष्ट्रीय राजधानी में समूची सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े हो गए हैं। अगर मुख्यमंत्री के कड़े सुरक्षा घेरे की परवाह किए बगैर कोई व्यक्ति इस तरह की हरकत कर सकता है, तो आम आदमी खुद को कैसे सुरक्षित महसूस करेगा।हालांकि, कहा जा रहा है कि मौके पर मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने आरोपी को तत्काल हिरासत में ले लिया। उसके खिलाफ हत्या के प्रयास का मामला दर्ज किया गया है। मगर, सवाल यह है कि वह मुख्यमंत्री के इतने करीब कैसे पहुंच गया? सुरक्षाकर्मी उसके नापाक इरादों को पहले क्यों नहीं भांप पाए? यह कोई साजिश थी या फिर कुछ और, इसका पता तो जांच-पड़ताल के बाद ही चल पाएगा, लेकिन इस घटना को सुरक्षा में चूक की नजर से देखा जा रहा है।मुख्यमंत्री पर हमला बुधवार सुबह उस समय हुआ, जब वे सिविल लाइंस स्थित अपने कार्यालय में लोगों की शिकायतें सुन रही थीं। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने मुख्यमंत्री को पहले कुछ कागजात दिए और फिर अचानक उन पर हमला कर दिया। इस हमले में उन्हें हाथ, कंधे और सिर में चोटें आई हैं। गौर करने वाली बात यह है कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता को 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा प्राप्त है। सुरक्षा के इतने मजबूत घेरे के बावजूद आरोपी मुख्यमंत्री के इतने करीब पहुंच गया कि हमला कर सके।आरोपी गुजरात के राजकोट का निवासी है और पुलिस का दावा है कि उस पर पहले से पांच आपराधिक मामले दर्ज हैं, जिनमें चाकू से हमले के दो और आबकारी अधिनियम के तहत तीन मामले शामिल हैं। यही नहीं, प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी दो दिन पहले दिल्ली आया था और उत्तरी दिल्ली के सिविल लाइंस में रुका था। उसने हमले से पहले मुख्यमंत्री कार्यालय परिसर की रेकी भी थी। सीसीटीवी फुटेज में इसके प्रमाण मिले हैं। यानी पुलिस का खुफिया तंत्र भी आरोपी की इन गतिविधियों का समय रहते पता लगाने में विफल रहा। इसे सुरक्षा में लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा।इस घटना को दिल्ली-एनसीआर से आवारा कुत्तों को आश्रय स्थलों में ले जाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों से भी जोड़ा जा रहा है। आरोपी की मां का दावा है कि उनका बेटा पशु प्रेमी है और वह कुत्तों से बहुत प्यार करता है। कुत्तों को आश्रय स्थलों में भेजने की प्रक्रिया से वह आहत था और अपना विरोध जताने के लिए दिल्ली आया था।

## भारत-अमेरिका सम्बन्धों में आए दरार के कूटनीति मायने

**ऐसा इसलिए कि मित्र बनकर अमेरिका ने भारत से जो दगाबाजी पाकिस्तान प्रेरित पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है, उससे उसके बारे में यह अवधारणा मजबूत हुई है कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे अमेरिका ने ठगा नहीं। जबकि रूस पर यह बात लागू नहीं होती। वह भारत-अमेरिका के प्रगाढ़ होते सम्बन्धों के बावजूद विचलित नहीं हुआ और भारत के रणनीतिक सुरक्षा जरूरतों की पूर्ति करता रहा। यही वजह है कि रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद जब उसके ऊपर पश्चिमी देशों द्वारा विभिन्न तरह के प्रतिबंध लगाए तो भारत ने उसे मानने से इनकार कर दिया और अपनी पुरानी भरोसेमंद वैश्विक मित्रता की लाज रखते हुए उससे तेल व हथियार खरीदकर उसकी पूरी मदद की।**

**(कमलेश पांडे)**

ऐसा इसलिए कि मित्र बनकर अमेरिका ने भारत से जो दगाबाजी पाकिस्तान प्रेरित पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है, उससे उसके बारे में यह अवधारणा मजबूत हुई है कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे अमेरिका ने ठगा नहीं।

भारत-अमेरिका संबंधों में गहराते दरार से दोनों देशों के बीच व्यापार, रक्षा और रणनीतिक सहयोग पर नकारात्मक असर पड़ सकता है। इसके अतिरिक्त, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन और महामारी जैसी वैश्विक चुनौतियों से निपटने में सहयोग भी प्रभावित हो सकता है। चूंकि भारत और अमेरिका के बीच संबंध 1947 में हासिल स्वतंत्रता के बाद से ही महत्वपूर्ण रहे हैं, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में इसमें जो उतार-चढ़ाव आए हैं, उसपर पूरी दुनिया की स्वार्थपरक निगाहें लगी हुई हैं। ऐसा इसलिए कि इससे अंतरराष्ट्रीय ध्रुवीकरण की पूर्ववर्ती और मौजूदा दोनों कोशिशों को भी गहरा धक्का लग सकता है।

चूंकि भारत एक गुटनिरपेक्ष देश है, ऐतिहासिक पंचशील के सिद्धांतों को मानता आया है, इसलिए वह अमेरिका और रूस (यूएसएसआर) के खेमेबाजी से दूर रहने की कोशिश करता है। अमेरिका-चीन के वैश्विक रस्साकशी से खुद को दूर रखना चाहता है। लेकिन पिछले 7-8 दशक में भारत के पड़ोसी देशों- पाकिस्तान व चीन ने ऐसा सीमाई उधम मचाया कि भारत को कभी रूस से तो कभी अमेरिका से मदद लेनी पड़ी। जब भी अमेरिका ने पाकिस्तान का खुला समर्थन किया है, तो रूस (सोवियत संघ) ने भारत के लिए मित्र से भी बढ़कर संरक्षक भूमिका निभाई है- तन-मन-धन से और यूएसए में वीटो करके भी।

वहीं, जब कभी चीन से भारत का तनाव पैदा हुआ तो रूस ने पीछे से भारत की नैतिक मदद की, जबकि अमेरिका खुलकर भारत के साथ खड़ा हुआ। यही वजह है कि कांग्रेस समर्थक रूस को संतुलित करने के लिए पूर्व भाजपाई प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने दगाबाज अमेरिका से जो रणनीतिक मित्रतापूर्ण सम्बन्ध स्थापित किये थे, वो दूसरे भाजपाई प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में ही दम तोड़ते नजर आ रहे हैं।

ऐसा इसलिए कि मित्र बनकर अमेरिका ने भारत से जो दगाबाजी पाकिस्तान प्रेरित पहलगाम आतंकी हमले और ऑपरेशन सिंदूर के दौरान की है, उससे उसके बारे में यह अवधारणा मजबूत हुई है कि ऐसा कोई सगा नहीं, जिसे अमेरिका ने ठगा नहीं। जबकि रूस पर यह बात लागू नहीं होती। वह भारत-अमेरिका के प्रगाढ़ होते सम्बन्धों के बावजूद विचलित नहीं हुआ और भारत के रणनीतिक सुरक्षा जरूरतों की पूर्ति करता रहा। यही वजह है कि रूस-यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद जब उसके ऊपर पश्चिमी देशों द्वारा विभिन्न तरह के प्रतिबंध लगाए तो भारत ने उसे मानने से इनकार कर दिया और अपनी पुरानी भरोसेमंद वैश्विक मित्रता की लाज रखते हुए उससे तेल व हथियार खरीदकर उसकी पूरी मदद की।

शायद यही बात अमेरिका को अखड़ गई, जबकि उसे धैर्य रखना चाहिए। क्योंकि यूरोप का मुकाबला रूस से है, अमेरिका का नहीं! शीत युद्ध के बाद तो



अमेरिका का मुकाबला चीन से, जिससे निबटने के लिए अमेरिका ने भारत से सांठगांठ शुरू की थी। चूंकि मौजूदा समय में रूस-चीन में गहरी यारी है और भारत, रूस-चीन के खिलाफ अमेरिका का मोहरा बनने को तैयार नहीं है, इसलिए सनकी अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंफ ने भारत को ही सबक सिखाने की ठान ली। यह अमेरिकी प्रशासन की अव्वल दर्जे की मूर्खता है और उसे अपनी भूल का एहसास तब होगा, जब तेजी से उभरता हुआ भारत अपने रुपये से डॉलर पर चोट करेगा।

अभी अमेरिका इस गलतफहमी में है कि वह पाकिस्तान, बंगलादेश, नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव आदि को उकसा कर भारत को कमजोर करेगा। लेकिन उसे यह याद रहना चाहिए कि जब भारत उसके साथ था, अफगानिस्तान में करोड़ों डॉलर झोंक चुका था, बावजूद इसके रूस-चीन-ईरान के दिमाग के समक्ष उसे पिटना पड़ा और अपने कीमती हथियार व उपकरण अफगानिस्तान में ही छोड़कर उसे भागना पड़ा। अभी ज्यादा दिन नहीं हुए हैं, जब इजरायल-ईरान युद्ध के दौरान जब अमेरिका इजरायल के पक्ष में खड़ा हुआ तो अरब देश कतर के अमेरिकी सैन्य अड्डे पर ईरान ने अपनी मिसाइल से हमला बोल दिया।

वहीं, इजरायल को कितना नुकसान पहुंचाया, किसी से छिपी हुई बात नहीं है। तब पाकिस्तान भी उसके साथ था, लेकिन इजरायल से मित्रता के बावजूद भारतीय तटस्थता पर कभी रूस व ईरान ने एतराज नहीं जताया। वहीं, ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंध की कुछ बातों का भारत ने अनुपालन किया। इसलिए रूस से तेल खरीदने के सवाल पर जो अमेरिकी भृकुटी तनती जा रही है, उसके भविष्य गत मायने को समझने की जरूरत है। बताते चलें कि भारत को अमेरिका अनायास टारगेट नहीं कर रहा, बल्कि वह समझ चुका है कि भारत में वो दम है जो ग्लोबल साउथ यानी अंतरराष्ट्रीय दलित-पिछड़े देशों को अपने पाले में करके अमेरिका को घुटनों पर ला सकता है। इसलिए फिलवक्त अमेरिकी रणनीति है कि रूस और चीन से मधुर सम्बन्धों को विकसित करते हुए भारत की आर्थिक व सैन्य कमर तोड़ दी जाए। इसलिए वह अंदरखाने में रूस-चीन को यही समझा रहा होगा कि भारत को हथियार मार्केट में उभरने ही नहीं दिया जाए। भारत के जापान, फ्रांस, ऑस्ट्रेलिया आदि देशों से बने रणनीतिक सम्बन्ध तभी हतोत्साहित होंगे, जब अमेरिका भारत से दूर होगा। चूंकि भारत ही रूस-चीन वैश्विक ऊर्जा का अर्थिंग बना हुआ है, इसलिए भारत के घुटने पर आते ही रूस-चीन भी घुटने पर आ जाएंगे।

## विधेयक पर हंगामा क्यों, जब मुद्दा है राजनीतिक शुचिता का

**(ललित गर्ग )**

आजादी के बाद से कतितय राजनीतिक विसंगतियों के चलते राजनीति में अपराधी तत्वों का वर्चस्व बना रहा है। जनता यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वह अपना प्रतिनिधि चुनती है, वे अपराधमुक्त, निष्कलंक, ईमानदार और चरित्रवान हों।

गंभीर आपराधिक आरोपों में घिरे नेता चाहे वे प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री एवं मंत्री ही क्यों न हो, उनकी गिरफ्तारी या हिरासत के बाद एक निश्चित अवधि बीत जाने पर हटाने की व्यवस्था वाले विधेयक को जब केन्द्र सरकार ने लोकसभा में प्रस्तुत किया तो जरूरत से ज्यादा हंगामा एवं विरोध समझ में नहीं आया। इस तरह ईमानदार, अपराधमुक्त राजनीति एवं चरित्रसम्पन्न-पवित्र राजनेताओं की पैरवी वाले विधेयक पर हंगामा लोकतंत्र की गरिमा को आहत करता है। गृहमंत्री अमित शाह ने सूझबूझ का परिचय देते हुए अपनी ओर से इन विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव रखा, जिसे लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने स्वीकार भी कर लिया, अब तो विपक्ष को विरोध एवं हंगामें को विराम देते हुए इस पर विचार करना चाहिए कि आखिर ऐसी ईमानदार, समानतापूर्ण एवं आदर्श व्यवस्था क्यों नहीं बननी चाहिए, जिससे उच्च पदों पर बैठे नेताओं के गंभीर अपराधों में गिरफ्तारी अथवा हिरासत में लिये जाने पर उनके लिये पद छोड़ना आवश्यक हो जाये? आखिर इस आदर्श व्यवस्था में समस्या क्या है? क्यों विपक्ष नैतिक एवं आदर्श राजनीतिक व्यवस्था में अवरोधक बनकर अपने नैतिक चरित्र पर प्रश्न खड़े कर रहा है? क्या इस विधेयक का असर सत्तापक्ष के नेताओं पर नहीं होगा?

आजादी के बाद से कतितय राजनीतिक विसंगतियों के चलते राजनीति में अपराधी तत्वों का वर्चस्व बना रहा है। जनता यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वह अपना प्रतिनिधि चुनती है, वे अपराधमुक्त, निष्कलंक, ईमानदार और चरित्रवान हों। परन्तु स्थिति इसके विपरीत दिखती रही है। एक ओर जनप्रतिनिधि अपराधों में संलिप्त पाए जाते हैं, दूसरी ओर वे पद से इस्तीफा देने या सार्वजनिक जीवन से दूर रहने के बजाय सत्ता की कुर्सी से चिपके रहते हैं। यही प्रवृत्ति जनता के विश्वास को तोड़ती है और राजनीति को संदेह के घेरे में डाल देती है। यह प्रश्न अब और गंभीर हो उठा है कि क्या ऐसे व्यक्तियों को शासन और सत्ता के उच्च पदों पर बने रहने का अधिकार होना चाहिए? क्या लोकतंत्र का आधार अपराध और भ्रष्टाचार पर खड़ा किया जा सकता है? निश्चित ही नहीं। जब तक राजनीति से अपराधी तत्वों का निष्कासन नहीं होगा, तब तक न तो सुशासन स्थापित हो सकता है न ही नया भारत, विकसित भारत एवं आदर्श भारत बन सकता है और न ही राजनीति के प्रति जनता का भरोसा लौट सकता है।

आज समय आ गया है कि नए कानून बनाकर राजनीति को अपराधमुक्त बनाने की दिशा में ठोस एवं कारगर कदम उठाए जाएं। यह केवल चुनाव सुधार का मामला नहीं है, बल्कि यह लोकतंत्र की आत्मा को बचाने का प्रश्न है। ऐसे प्रावधान होने चाहिए कि जिस क्षण कोई जनप्रतिनिधि गंभीर अपराध में आरोपित होकर जेल भेजा जाए या आरोप सिद्ध होने तक हिरासत में रहे, वह स्वचालित रूप से अपने पद से मुक्त हो जाए। इस्तीफे की प्रतीक्षा या राजनीतिक दबाव की आवश्यकता ही न रहे। अनेक नेताओं ने ऐसा आदर्श प्रस्तुत भी किया, लेकिन आम आदमी पार्टी, कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, झारखण्ड मुक्ति मोर्चा आदि अनेक पार्टियों के नेताओं ने जेल से सरकारें चलाने एवं मंत्री पद पर बने रहने के काले अध्याय रचे हैं, इसी के चलते इस नये विधेयक की अपेक्षा सामने आई। भारत जैसे विशाल लोकतंत्र में स्वच्छ राजनीति केवल आदर्श नहीं, बल्कि अनिवार्यता है। जब सत्ता और शासन के केंद्र में अपराधी मानसिकता के लोग बैठते हैं, तो वे शासन को अपने स्वार्थ और अपराधों की ढाल बना लेते हैं। इससे न केवल लोकतांत्रिक व्यवस्था खोखली होती है, बल्कि आम जनता का जीवन भी संकट में पड़ता है। भ्रष्टाचार, धनबल, बाहुबल, भाई-भतीजावाद, हिंसा और अनैतिकता का वातावरण उसी समय पनपता है, जब राजनीति अपराधियों के कब्जे में जाती है। ईमानदार और स्वच्छ छवि वाले नेताओं की मांग आज पहले से अधिक बढ़ गई है। जनता ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो अपने आचरण से उदाहरण प्रस्तुत करे। राजनीति यदि सेवा और त्याग का माध्यम बनेगी तो ही समाज का कल्याण होगा। जिन नेताओं पर जरा भी संदेह का धुंधलका हो, उन्हें स्वयं स्वेच्छा से पद छोड़ देना चाहिए। यही परंपरा राजनीति को उच्चता और गरिमा प्रदान कर सकती है।

अपराधमुक्त राजनीति केवल नैतिक अपेक्षा नहीं, बल्कि लोकतंत्र की मजबूरी है। जब तक राजनीति में शुचिता और नैतिकता का स्थान नहीं बनेगा, तब तक सुशासन और ईमानदार प्रशासन की कल्पना अधूरी ही रहेगी। नए कानूनों का निर्माण कर अपराधियों के लिए राजनीति के दरवाजे बंद करना समय की सबसे बड़ी मांग है। यह कदम न केवल लोकतंत्र को सुदृढ़ करेगा, बल्कि जनता के भीतर यह विश्वास भी जगाएगा कि राजनीति वास्तव में लोककल्याण के लिए है, न कि अपराधियों की शरणस्थली। यही अपराधमुक्त राजनीति का दर्शन है, जहां सत्ता अपराधियों का आश्रय-स्थल न होकर समाज की नैतिक ऊर्जा का केंद्र बने। यही उसकी सबसे बड़ी उपयोगिता है कि वह लोकतंत्र को उसकी वास्तविक आत्मा लौटाए और राजनीति को सेवा, शुचिता और ईमानदारी का प्रतीक बनाए। भारतीय लोकतंत्र में पिछले कुछ वर्षों से राजनीति और अपराध के गठजोड़ को लेकर गहरी चिंता लगातार उठती रही है। जनता बार-बार यह अपेक्षा करती है कि जिन्हें वे संसद और विधानसभा भेजते हैं, वे न केवल ईमानदार और पारदर्शी हों बल्कि उनके चरित्र और आचरण पर कोई दाग न हो। किंतु बार-बार यही देखने को मिलता है कि गंभीर आपराधिक मामलों में फंसे नेता भी उच्च पदों पर बने रहते हैं और शासन-सत्ता का उपयोग अपने बचाव के लिए करते हैं।

## आज का राशिफल

### मेष
आज संयम के साथ काम करने से आपको सफलता मिलेगी। जो लोग राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े हुए हैं उन्हें अपने प्रयासों का अब शुभ परिणाम प्राप्त हो सकता है। शासन और सत्ता अच्छी दोस्ती या बातचीत होने से आपको लाभ मिल सकता है। कार्यस्थल नए प्रोजेक्ट हाथ लग सकते हैं, जिससे प्रतिष्ठा और पद में वृद्धि होगी। हालांकि, रात में कुछ ऐसे लोगों से मुलाकात हो सकती है।

### वृष
आज दिन अच्छा रहने वाला है। अगर आपका कोई काम लंबे समय से बीच में अटका हुआ है, तो वह शाम के समय पूरा हो सकता है, जिससे मानसिक तनाव कम होगा। जीवनसाथी का भी आपको पूरा सहयोग प्राप्ति होगा। आर्थिक मामले में दिन सामान्य रहने वाला है। लेकिन संतान की ओर से कोई ऐसा समाचार मिल सकता है, जिससे मन थोड़ा परेशान रहेगा।

### मिथुन
आज दिन भाग्यशाली रहने वाला है और पराक्रम में वृद्धि कराने वाला होगा। रोजगार और व्यापार के क्षेत्र में आपके द्वारा किए गए प्रयासों से अब बड़ी सफलता प्राप्त हो सकती है। यह आपके अपेक्षा से ज्यादा हो सकती है। अगर किसी कानूनी विवाद में फंसे थे तो अब आपको जीत मिल सकती है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा।

### तुला
आज दिन शुभ रहने वाला है। उत्तम संपत्ति की प्राप्ति हो सकती है और जीवन में सफलता के नए मार्ग खुलने लगेंगे। साथ ही, समाज में भी आपके मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। व्यापार में कामकाज के सिलसिले में की गई यात्रा आपके लिए सुखद और लाभदायक हो सकती है। शाम के समय आप अपने प्रियजनों से मिल सकते हैं या उनसे जुड़ा कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

### वृश्चिक
आज विरोधी आपके काम और रचनात्मक सोच की प्रशंसा करेंगे। शासन व सत्ता पक्ष से अच्छी जान पहचान और बातचीत होने से आपको बड़ा लाभ प्राप्त हो सकता है। आर्थिक मामले में आपको ससुराल पक्ष से पर्याप्त मात्रा में धन का सहयोग मिल सकता है। शाम को आप किसी कार्यक्रम में भी शामिल हो सकते हैं। ऐसे में विवाद से बचें और सावधान रहें। ऐसे में अगर संभव हो तो अभी के लिए यात्राओं को टाल दें।

### धनु
आज सूर्य कर्क राशि द्वादश भाव में है। इससे नौकरी में आपके लिए आमदनी के नए स्रोत बनने शुरू हो सकते हैं। वहीं, कार्यस्थल पर अपनी मधुर वाणी से आपको सम्मान प्राप्त होगा और मन प्रसन्न रहेगा। साथ ही, आपके विरोधी आपका कुछ नहीं बिगाड़ पाएंगे। इस राशि के विद्यार्थियों को शिक्षा या किसी प्रतियोगिता में विशेष सफलता मिल सकती है।

### कर्क
आज आपको सावधान रहने की जरूरत होगी, अन्यथा कोई मूल्यवान वस्तु खोने या चोरी होने का डर बना रहेगा। अगर कार्यक्षेत्र में आपके जरूरी काम रुके हुए थे तो अब वे पूरे होने लगेंगे। आपको अपने प्रोजेक्ट से जुड़ा को शुभ समाचार भी सुनने को मिल सकता है, जिससे मन प्रसन्न रहेगा। रात में किसी मांगलिक कार्य में जाने की संभावना है।

### सिंह
आज दिन बेहतर रहने वाला है। आपके चारों और खुशहाली भरा वातावरण बना रहेगा। आर्थिक मामलों में अगर कई दिनों से पैसों की लेन-देन को लेकर समस्या चल रही थी तो अब वह हल हो सकती है। इससे आपको अब पर्याप्त मात्रा में धन लाभ भी होगा और सुख में वृद्धि होगी। व्यापार में किसी पास या दूर की यात्रा की योजना बनकर स्थगित हो सकती है।

### कन्या
आज पराक्रम में वृद्धि होगी। जरूरी मामलों में परिवार का भी पूरा सहयोग प्राप्त होगा। व्यापार करने वालों को अपने आसपास के छोटे-छोटे अवसरों को भी पहचानना होगा। बड़े मुनाफे के चक्कर में छोटे लाभों को हाथ से जाने देना नुकसानदायक हो सकता है। सेहत पर भी खास ध्यान देने की जरूरत है।

### मकर
आज दिन अच्छा रहने वाला है। आर्थिक मामलों में आपको सफलता प्राप्त हो सकती है और कार्यक्षेत्र में नए प्रोजेक्ट और प्रयास उन्नति के मार्ग पर आगे बढ़ेंगे। कार्यस्थल पर आपको सहकर्मियों की ओर से भी पूर्ण सहयोग प्राप्त होगा। लेकिन शाम के समय किसी भी विवाद या झगड़े से आपको दूर रहना होगा। पारिवारिक जीवन में भी खुशियां दस्तक दे सकती हैं।

### कुंभ
आज आपको अपने ससुराल पक्ष से पैसों की लेन-देन करने से बचना होगा। ऐसा करने से संबंध खराब होने का भय बना रहेगा। व्यापार से जुड़ी यात्राओं में सावधान रहने की जरूरत है, अन्यथा को मूल्यवान वस्तु खोने की संभावना है। ऐसे में अगर संभव हो तो अभी के लिए यात्राओं को टाल दें। आपका ज्यादा समय संतान की चिंता और उनके कामों में व्यतीत हो सकता है और दांपत्य जीवन में धीरे-धीरे खुशियां आएंगी।

### मीन
आज कार्यक्षेत्र में आपको विरोधियों से सावधान रहना होगा। वे आपके खिलाफ कोई रणनीति बना सकते हैं। साथ ही, आर्थिक मामलों में भी समय अनुकूल नहीं रहेगा। ऐसे में कोई भी फैसला जल्दबाजी में न लें और जोखिम भरे निर्णय लेने से बचें। कार्यस्थल पर मेहनत के बाद भी आपको नुकसान हो सकता है। व्यापार में किसी समाचार के चलते आपको अचानक यात्रा पर भी जाना पड़ सकता है।

## वर्ग पहेली 5832



**संकेतः बाएं से दाएं**

1. 29 सितंबर 1650 को इस देश में पहले मैरिज ब्यूरो की शुरूआत हुई (3)
3. एक निषाध जिसने गुरू द्रोणाचार्य की मूर्ति को गुरू मानकर शास्त्राभ्यास किया और पारंगत हुआ (4)
6. चलचित्र दिखाने का पर्दा (5)
7. मार्ग, रास्ता, कटखरा (2)
10. नारी का अपभ्रंश, नर का आध्यात्मिक (2)
11. प्रतिष्ठा, इज्जत, आबरू (2)
13. आहुति के रूप में दिया हुआ (2)
14. किसी का हक या अधिकार मारा जाना, स्वत्व हानि (उर्दू)(5)
15. जल की बूंद, पसीने की बूंद, राजस्थान का एक शहर (3)
16. गुलाम, नौकर, सेवक (2)
17. समाधि, कब्र (उर्दू)(3)
19. देखने वाला, दर्शक, एक कर्मचारी (उर्दू) (3)
21. पुराणानसुार सात पातालों में से एक पाताल का नाम (4)
22. वस्तु, पदार्थ, द्रव्य, चीज (उर्दू) (1)

**ऊपर से नीचे**

1. यह सुप्रसिद्ध स्वर साम्राज्ञी लता मंगेशकर की जन्म स्थली है (3)
2. भयभीत होना, खौफजदा होना (3)
3. भरोसा करना, विश्वास करना (7)
4. छल, धोखा, बनावटी व्यवहार (3)
5. बालों का वह गुच्छा जो गाल पर लटके केशलता (2)
8. मानता, मनौति, संकल्प (3)
10. व्यर्थ, बेफिजूल, बेमतलब (3)
11. जिसके पास अपार संपत्ति हो, रईस (4)
12. उत्तम, सर्वश्रेष्ठ, बढ़िया (उर्दू)(3)
13. शासन, अवधि, राज्यकाल (4)
15. आदत, स्वभाव, अख्लाक, सवानेह उम्री (उर्दू) (3)
18. मकड़ी द्वारा बुना हुआ जाल (2)
20. चर्चा, प्रसंग, संक्षिप्त कथन (2)

**वर्ग पहेली 5831 का हल**

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| भ | ग | त | सिं | ह | | र | द |
| रो | ज | | ह | म | स | फ | री |
| से | | र | | शौ | क | | चा |
| मं | | ह | ला | ह | ल | | |
| द | र | मा | | र | | दा | सी |
| | म | न | का | | पा | व | न |
| प्रा | णी | | हि | दा | य | त | |
| क | क | ह | रा | | ल | | पौ |

## सुडोकू पहेली क्रमांक- 5832

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 4 | 5 | | 8 | | |
| | | 6 | 3 | | 9 | | | 2 |
| 4 | 2 | | | | | | | 7 |
| 9 | | 2 | | | | | 8 | |
| | | 3 | 2 | 1 | 8 | 7 | | |
| | 5 | | | | | 1 | | 4 |
| 7 | | | | | | | 9 | 5 |
| 2 | | | 5 | | 7 | 3 | | |
| | | 1 | | 2 | 3 | | | |

**नियम :** प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक अंक भरे जाने आवश्यक हैं, इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी व खड़ी पंक्ति में एवं 3x3 के वर्ग में अंक की पुनरावृत्ति न हो, पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।

**सुडोकू पहेली क्र. 5831**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 4 | 2 | 6 | 8 | 1 | 9 | 7 | 3 |
| 9 | 6 | 7 | 3 | 4 | 5 | 2 | 8 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 9 | 2 | 7 | 6 | 5 | 4 |
| 2 | 9 | 1 | 7 | 3 | 8 | 5 | 4 | 6 |
| 6 | 3 | 5 | 2 | 1 | 4 | 7 | 9 | 8 |
| 7 | 8 | 4 | 5 | 9 | 6 | 3 | 1 | 2 |
| 3 | 2 | 8 | 4 | 5 | 9 | 1 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 6 | 1 | 7 | 3 | 8 | 2 | 9 |
| 1 | 7 | 9 | 8 | 6 | 2 | 4 | 3 | 5 |

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक श्रीराम अम्बष्ट द्वारा भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, (डी वी कार्पो. लि.) उड़ान टोला, दानापुर कैंट, शिवाला रोड, खगौल, पटना में मुद्रित एवं सोन वर्षा वाणी बिल्डिंग, क्लब रोड, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित
संपादक- श्रीराम अम्बष्ट, उप संपादक- साकेत अम्बष्ट फोन/फैक्स-06186-226116 मो.-9934957121, E-mail : sonevershavani@gmail.com, RNI-BIHHIN/1998/03009

# विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के लिए नीरज चोपड़ा समेत लगभग 15 भारतीय दावेदार




## एएफआई चयन बैठक 28 अगस्त को

**नई दिल्ली, एजेंसी।** अगले महीने टोक्यो में होने वाली एथलेटिक्स विश्व चैंपियनशिप में लगभग 15 भारतीय खिलाड़ियों के भाग लेने की संभावना है, जबकि हंगरी में 2023 विश्व चैंपियनशिप में देश के 28 खिलाड़ियों ने भाग लिया था। बुडापेस्ट में 2023 में हुए विश्व चैंपियनशिप में नीरज चोपड़ा ने भाला फेंक में स्वर्ण जीता था। 28 अगस्त को भारतीय एथलेटिक्स फेडरेशन टीम चयन को लेकर बैठक करेगा।

**रिले के लिए क्वालिफाई नहीं करने की उम्मीद:** देश के रिले दौड़ के लिए क्वालिफाई करने की उम्मीद नहीं होने के कारण, विश्व चैंपियनशिप में भाग लेने वाले भारतीयों की संख्या में कमी आई है। भारत ने 2023 में पुरुषों की चार गुणा 400 मीटर रिले के लिए सात धावक नामित किए थे और चौकड़ी ने तत्कालीन एशियाई रिकॉर्ड कायम किया था। इस चौकड़ी ने पांचवां स्थान हासिल किया था।

**भाला फेंक में तीन भारतीय ले सकते हैं हिस्सा3** पिछले सत्र की तरह टोक्यो में भी पुरुषों की भाला फेंक स्पर्धा में कम से कम तीन भारतीयों के प्रतिस्पर्धा करने की संभावना है। रविवार को चेन्नई में राष्ट्रीय अंतरराज्यीय चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीतने वाले रोहित यादव अगर विश्व रैंकिंग कोटा में आगे बढ़ते हैं तो यह संख्या बढ़कर चार हो सकती है। चोपड़ा को गत चैंपियन होने के नाते वाइल्ड कार्ड मिल चुका है, रविवार को विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफिकेशन की अंतिम तिथि के अनुसार सचिन यादव और यशवीर सिंह 36 एथलीटों की सूची में हैं।

**बाकी बची हुई जगहें विश्व रैंकिंग कोटा से:** चोपड़ा ने 85.50 मीटर का स्वतः क्वालिफिकेशन मार्क भी पार कर लिया था। विश्व एथलेटिक्स की 'रोड टू टोक्यो' सूची 27 अगस्त को आएगी, तब स्थिति और साफ हो जाएगी। विश्व एथलेटिक्स द्वारा प्रत्येक स्पर्धा के लिए पहले से निर्धारित संख्या को पूरा करने के बाद बाकी बची हुई जगहें विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से दी जाएंगी।

**पारुल और गुलवीर से भी उम्मीदें:** चोपड़ा के अलावा केवल पारुल चौधरी (महिला 3000 मीटर स्टीपलचेज), गुलवीर सिंह (पुरुष 5,000 मीटर) और प्रवीण चित्रवेल (पुरुषों की त्रिकूद) ने स्वतः क्वालिफिकेशन मार्क पार किया है। क्वालिफिकेशन हासिल करने वाले अविनाश साबले चोट और उसके बाद की सर्जरी के कारण बाहर हो गए हैं।

विश्व रैंकिंग कोटा के माध्यम से दावेदारी में शामिल भारतीय खिलाड़ियों में अन्नू रानी (महिला भाला फेंक), प्रियंका गोस्वामी (महिला 35 किमी रेस वॉक), अनिमेष कुजुर (पुरुष 200 मीटर), अब्दुल्ला अबूबकर (पुरुष त्रिकूद), सेर्विन सेबेस्टियन और अक्षदीप सिंह (दोनों पुरुष 20 किमी रेस वॉक), राम बाबू (पुरुष 35 किमी रेस वॉक), सचिन, यशवीर और रोहित (सभी पुरुष भाला फेंक) के नाम शामिल है।



# रिजवान का विकेट लेकर शाकिब अल हसन ने रचा इतिहास

**नई दिल्ली, एजेंसी।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने कैरेबियन प्रीमियर लीग 2025 में एंटीगुआ एंड बारबुडा फाल्कन्स लिए खेलते हुए रविवार (25 अगस्त) को सेंट किट्स एंड नेविस पैट्रियट्स के खिलाफ 3 विकेट लेकर बड़ी उपलब्धि हासिल की। टी20 क्रिकेट में शाकिब 500 विकेट लेने वाले दुनिया के 5वें खिलाड़ी बने। वह इस फॉर्मेट में 500 विकेट और 7000 से ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के पहले ऑलराउंडर बन गए। शाकिब ने टी20 में 500 विकेट की उपलब्धि मोहम्मद रिजवान को आउट करके हासिल की। उनके अब 502 विकेट हो गए हैं। इसके साथ ही वह राशिद खान 660, ड्वेन ब्रावो 631, सुनील नरेन 590 और इमरान ताहिर 554 विकेट के क्लब में शामिल हो गए। ब्रावो ने 631 विकेट लेने के अलावा 6970 रन बनाकर अपने करियर का अंत किया।

### रसेल बड़ी उपलब्धि हासिल करने के करीब

शाकिब अल हसन के बाद टी20 में बतौर ऑलराउंडर आंद्रे रसेल भी बड़ी उपलब्धि हासिल करने के काफी करीब हैं। 9361 रन बना चुके आंद्रे रसेल 500 विकेट के करीब हैं। उन्होंने 487 विकेट लिए हैं। 13 विकेट लेते ही वह 500 से ज्यादा विकेट और 9000 से ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के पहले क्रिकेटर बन जाएंगे।

### सबसे ज्यादा बार पांच विकेट लेने वाले स्पिनर

टी20 में शाकिब सबसे ज्यादा बार पांच विकेट लेने का कारनामा करने वाले स्पिनर हैं। उन्होंने 5 बार पारी में 5 विकेट लिए हैं। इस तरह वह लसिथ मलिंगा, भुवनेश्वर कुमार,इमरान ताहिर और शाहीन अफरीदी के साथ संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं, जो डेविड वीज (7) से पीछे हैं। शाकिब के नाम टी20 में सबसे ज्यादा 9 बार प्लेयर ऑफ द सीरीज बनने का भी रिकॉर्ड है। उनके बाद विराट कोहली 8 और वानिंदु हसरंगा 7 का नंबर है।

# प्रायोजक के हटने से BCCI को होगा 119 करोड़ का नुकसान, क्या ड्रीम 11 को भरना पड़ेगा जुर्माना

BCCI

**नई दिल्ली, एजेंसी।** ऑनलाइन गेमिंग कानून आने के बाद पैसों से खेले जाने वाले ऑनलाइन गेम पर बैन लग गया है। इस क्षेत्र की एक प्रमुख कंपनी ड्रीम11 ने भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को सूचित किया है कि वह अब भारतीय टीम को प्रायोजित नहीं कर पाएगी। दुबई में एशिया कप शुरू होने से केवल दो सप्ताह पहले भारतीय क्रिकेट टीम को नए साझेदार की तलाश करनी पड़ेगी। ड्रीम 11 के हटने से बोर्ड को 119 करोड़ का नुकसान होगा। एक बीसीसीआई पदाधिकारी ने इंडियन एक्सप्रेस से कहा, ड्रीम11 के (प्रतिनिधियों) ने बीसीसीआई कार्यालय का दौरा किया और सीईओ हेमंग अमीन को सूचित किया कि वे आगे जारी नहीं रख पाएंगेज परिणामस्वरूप, वे एशिया कप के लिए टीम के प्रायोजक नहीं रहेंगे। बीसीसीआई जल्द ही एक नया टेंडर जारी करेगा।

### ड्रीम 11 पर नहीं लगेगा जुर्माना

एक अन्य पदाधिकारी के अनुसार ड्रीम 11 पर अनुबंध से हटने पर कोई जुर्माना नहीं लगेगा। अनुबंध में एक प्रावधान है जिसके अनुसार यदि प्रायोजक का मुख्य व्यवसाय सरकार द्वारा लाए गए किसी कानून से प्रभावित होता है, तो वे क्रिकेट बोर्ड को कुछ भी भुगतान करने के लिए उत्तरदायी नहीं होंगे।

### तीन साल के लिए 358 करोड़ रुपये का सौदा

ड्रीम11 की शुरुआत 18 साल पहले हुई थी और ब्लूमबर्ग के अनुसार यह 8 अरब डॉलर के वैल्यूएशन के साथ देश का सबसे बड़ा फैंटेसी गेमिंग प्लेटफॉर्म है। इसने जुलाई 2023 में 358 करोड़ रुपये के तीन साल के सौदे में बीसीसीआई का मुख्य प्रायोजक बनने के अधिकार हासिल किए थे। इसने एडटेक बायजू की जगह ली।

### धोनी, रोहित, हार्दिक, पंत और बुमराह रहे हैं ब्रांड एंबेसडर

ड्रीम11 की आईपीएल में भी बड़ी उपस्थिति है। इसका विभिन्न फ्रेंचाइजियों के साथ करार है। महेंद्र सिंह धोनी, रोहित शर्मा, हार्दिक पांड्या, ऋषभ पंत और जसप्रीत बुमराह सहित कई शीर्ष खिलाड़ी इसके ब्रांड एंबेसडर रहे हैं। 2020 में चीनी कंपनी वीवो के आईपीएल से हटने के बाद यह आईपीएल का टाइटल प्रायोजक बना।

# धोनी ने 2007 के बाद विकेटकीपिंग का अभ्यास क्यों बंद किया, पूर्व भारतीय फील्डिंग कोच का खुलासा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** महान विकेटकीपर बल्लेबाज महेंद्र सिंह धोनी विकेटकीपिंग का अभ्यास नहीं करते थे और ऐसा उन्होंने 2007 के बाद से करना शुरू किया था। अगस्त 2014 से नवंबर 2021 तक भारत के फील्डिंग कोच रहे आर श्रीधर ने इस बात का खुलासा किया है। श्रीधर ने बताया, एमएस धोनी ने 8 या 9 साल अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट खेलने के बाद विकेटकीपिंग का अभ्यास नहीं किया। जब वह बड़े हो रहे थे और 2007 या 2005 से पहले उन्होंने अपनी कोई खास पहचान नहीं बनाई थी, तब उन्होंने अपने विकेटकीपिंग कौशल पर काफी काम किया। उनकी अपनी एक बहुत अच्छी तकनीक थी। यह बहुत कारगर थी, और उन्होंने इसका खूब अभ्यास भी किया था। इस प्रतिष्ठित कोच ने बताया कि धोनी ने खुद इस बात को स्वीकार किया है। हालांकि ऐसा नहीं था कि उन्होंने बिल्कुल भी अभ्यास नहीं किया। वह नियमित रूप से प्रतिक्रिया अभ्यास करते थे जिसका मतलब था कि वह हर समय स्टंप के पीछे, खासकर स्पिनरों के सामने, चुस्त-दुरुस्त रहते थे। श्रीधर ने आगे कहा, उन्होंने खुद स्वीकार किया कि एक बार जब उन्होंने भारत के लिए तीनों प्रारूपों में खेलना शुरू किया, तो काम का बोझ इतना ज्यादा था कि उन्हें ज्यादा अभ्यास करने की जरूरत नहीं थी, क्योंकि उनकी उंगलियां चोटिल हो रही थीं। तभी उन्होंने बड़ी ही चतुराई से विकेटकीपर के रूप में अपना काम का बोझ कम कर दिया। इसके बजाय, उन्होंने कुछ प्रतिक्रिया अभ्यास किए, जिससे वह चुस्त-दुरुस्त रहे और उनके दस्तानों की गति बिजली की तरह तेज़ रही।

# विमेंस वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम घोषित

## 7 नई क्रिकेटर्स को मौका दिया, 2 अक्टूबर को बांग्लादेश से पहला मैच

**इस्लामाबाद, एजेंसी।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने 30 सितंबर से भारत और श्रीलंका में होने जा रहे विमेंस वर्ल्ड कप के लिए टीम का ऐलान कर दिया है। सोमवार को जारी इस टीम में 7 नई खिलाड़ियों को मौका दिया गया है। नई खिलाड़ियों में ऐमान फातिमा, नतालिया परवेज, रमीन शमीम, सदाफ शमास, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार और सैयदा अरूब शाह शामिल हैं।

विमेंस वर्ल्ड कप का आयोजन 30 सितंबर से 2 नवंबर के बीच होगा। पाकिस्तान की टीम 2 अक्टूबर को बांग्लादेश से पहला मैच खेलेगी। टीम का दूसरा मुकाबला 5 अक्टूबर को भारत से होगा।

फातिमा सना को पाकिस्तान की महिला टीम का कप्तान बनाया गया है। पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर होंगे पाकिस्तान के सभी मैच हाइब्रिड मॉडल पर श्रीलंका में खेले जाएंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड और पाकिस्तान क्रिकेट बोडके बीच हुए हाइब्रिड समझौते के अनुसार, पाकिस्तान की टीम अपने सभी मैच न्यूट्रल वेन्यू कोलंबो में खेलेगी। इनमें बांग्लादेश (2 अक्टूबर), इंग्लैंड (15 अक्टूबर), न्यूजीलैंड (18 अक्टूबर), दक्षिण अफ्रीका (21 अक्टूबर) और श्रीलंका (24 अक्टूबर) के खिलाफ मैच शामिल हैं।




अगले महीने साउथ अफ्रीका से 3 वनडे खेलेगी टीम पाकिस्तान की टीम अगले महीने लाहौर में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 3 वनडे मैचों की सीरीज खेलेगी। सीरीज 16 से 22 सितंबर के बीच खेले जाएगी। इससे पहले टीम 29 अगस्त से हेड कोच मोहम्मद वसीम की देखरेख में ट्रेनिंग करेगी।

**वनडे वर्ल्ड कप के लिए पाकिस्तान की टीम:**

फातिमा सना (कप्तान), मुनीबा अली सिद्दीकी (उप-कप्तान), आलिया रियाज, डायना बेग, ऐमान फातिमा, नशरा सुंधू, नतालिया परवेज, ओमैमा सोहेल, रमीन शमीम, सदाफ शमास, सादिया इकबाल, शवाल जुल्फिकार, सिदरा अमीन, सिदरा नवाज (विकेटकीपर) और सैयदा अरूब शाह। ट्रैवलिंग रिजर्व- गुल फिरोजा, नजीहा अल्वी, तुबा हसन, उम्म-ए-हानी और वहीदा अख्तर।

# डिविलियर्स ने दिए संकेत, आरसीबी में हो सकते हैं शामिल, इस भूमिका में आएंगे नजर

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने इंडियन प्रीमियर लीग में एक अलग क्षमता में संभावित वापसी के बारे में एक बड़ा संकेत दिया है, उन्होंने भविष्य में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ कोचिंग या मेंटरिंग की भूमिका निभाने की इच्छा व्यक्त की है। डिविलियर्स ने अपने करियर का अधिकांश हिस्सा आरसीबी में बिताया है। विकेटकीपर-बल्लेबाज ने 2008 में दिल्ली डेयरडेविल्स (अब दिल्ली कैपिटल्स) के साथ अपने आईपीएल करियर की शुरुआत की और 2011 में आरसीबी में शामिल होने से पहले तीन सीजन तक उनके लिए खेला। साल 2021 में क्रिकेट के सभी प्रारूपों से संन्यास लेने वाले दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज ने कहा कि लीग के लिए पूर्णकालिक पेशेवर प्रतिबद्धता की संभावना नहीं है।



लेकिन, आरसीबी के साथ उनका रिश्ता मजबूत बना हुआ है और अगर बेंगलुरु स्थित फ्रैंचाइजी को लगता है कि टीम के साथ जुड़ने के लिए उनके लिए कोई भूमिका है, तो वह तैयार हैं। डिविलियर्स ने कहा, हो सकता है कि मैं भविष्य में किसी अलग भूमिका में फिर से आईपीएल से जुड़ जाऊं, लेकिन पेशेवर रूप से पूरे सीजन के लिए प्रतिबद्ध होना वाकई मुश्किल है और मुझे लगता है कि वो दिन अब बीत चुके हैं। लेकिन, आप कभी ना नहीं कहते।

मेरा दिल आरसीबी के साथ है और हमेशा रहेगा। इसलिए अगर फ्रैंचाइजी को लगता है कि मेरे लिए कोई भूमिका (कोच या मेंटर के रूप में) है, जब मेरा समय सही और तैयार होगा, तो वह निश्चित रूप से आरसीबी होगी। आरसीबी के इस पूर्व दिग्गज खिलाड़ी ने टीम के लिए खेले 157 मैचों में 4,522 रन बनाए। उनका 41.10 का औसत और 158.33 का जबरदस्त स्ट्राइक रेट शब्दों से परे था। उन्होंने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के लिए 2 शतक और 37 अर्धशतक भी लगाए। जब उन्होंने 2016 सीजन में अब बंद हो चुकी गुजरात लायंस के खिलाफ भारत के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली के साथ दूसरे विकेट के लिए 229 रनों की विशाल साझेदारी की थी.

# यूपी टी20 लीग में आई हमशक्ल भाइयों की जोड़ी

## कोच को ऐसे करनी पड़ती है पहचान

**नई दिल्ली, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश में इन दिनों यूपी टी20 लीग क्रिकेट प्रेमियों के बीच उत्साह का माहौल बना रही है. इस लीग में कई बड़े खिलाड़ी अपने टैलेंट का जलवा दिखा रहे हैं, लेकिन सबकी नजरें एक ऐसी जोड़ी पर टिकी हैं, जो न केवल भाई हैं, बल्कि एक-दूसरे के हमशक्ल भी. ये हैं अजय कुमार और विजय कुमार, जिनकी समानता ने मैदान पर और बाहर सभी को हैरान कर रखा है. इस जुड़वा जोड़ी की कहानी यूपी टी20 लीग में एक अलग रंग भर रही है. यूपी टी20 लीग में अजय और विजय की मौजूदगी ने सभी का ध्यान खींचा है. अजय कुमार नोएडा किंग्स की ओर से खेल रहे हैं, जबकि विजय कुमार मेरठ मावेरिक्स का हिस्सा हैं. दोनों भाइयों का चेहरा इतना एक जैसा है कि मैदान पर साथी खिलाड़ी, कोच और यहां तक कि फैंस भी उन्हें पहचानने में कन्फ्यूज हो जाते हैं. अजय ने हाल ही में एक इंटरव्यू में बताया कि उनकी समानता की वजह से वह एक मैच में एक दूसरे की जगह बल्लेबाजी भी कर चुके हैं. अजय ने हंसते हुए बताया कि उनकी हमशक्ल शक्लों ने कोच के लिए एक अनोखी चुनौती खड़ी कर दी है. कोच ने इस समस्या से निपटने के लिए एक मजेदार तरीका निकाल रखा है. वह दोनों भाइयों के हाथ में अलग-अलग रंग के रिबन बांधते हैं ताकि अभ्यास या मैच के दौरान उनकी पहचान आसानी से हो सके. यह छोटा सा उपाय न केवल कोच के लिए मददगार है, बल्कि इसने अजय और विजय की कहानी को और भी रोचक बना दिया है. बता दें, यूपी अ



लीग 2025 का 14वां मैच मेरठ मावेरिक्स और नोएडा किंग्स के बीच खेला गया. इस मैच में दोनों भाई एक दूसरे के खिलाफ खेलने उतरे.

### फर्स्ट क्लास खेल चुके हैं विजय कुमार

अजय कुमार और विजय कुमार की उम्र फिलहाल 19 साल है. विजय कुमार ने पिछले साल ही यूपी के लिए फर्स्ट क्लास डेब्यू किया था. वह अभी तक 3 फर्स्ट क्लास मैच खेल चुके हैं, जिसमें उन्होंने 6 विकेट चटकाए हैं और 17 रन बनाए हैं.

## वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप:

# 15 साल की वेटलिफ्टर प्रीतिस्मिता भोई ने भारत को जिताया गोल्ड, उठाया 150 किलो वजन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** कॉमनवेल्थ वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में भारत की 15 साल की वेटलिफ्टर प्रीतिस्मिता भोई ने कमाल का प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की. प्रीतिस्मिता भोई ने 44 किलो की कैटेगिरी में सबसे ज्यादा वजन उठाकर गोल्ड मेडल अपने नाम किया.



प्रीतिस्मिता ने अपनी कैटेगिरी में सबसे ज्यादा 150 किलो वजन उठाया. स्नैच में वो दूसरे नंबर पर रही थीं और क्लीन एंड जर्क में उन्होंने पहला स्थान हासिल किया. उनका दोनों इवेंट का टोटल 150 किलो रहा और वो 10 किलो के अंतर से पहले स्थान पर रहीं. प्रीतिस्मिता भोई ने स्नैच में 63 किलो उठाया और क्लीन एंड जर्क में उनकी तीसरी कोशिश सबसे ज्यादा 87 किलो रही. प्रीतिस्मिता भोई का जन्म 14 नवंबर, 2008 को ओडिशा के ढेंकानल में हुआ था.

जब वो सिर्फ दो साल की थीं तो उनके पिता का निधन हो गया. इसके बाद उनकी मां जमुना देवी ने उन्हें और उनकी बहन विदुस्मिता को पाला. बेहद छोटी सी उम्र में इन दोनों को वेटलिफ्टिंग कोच गोपाल कृष्णा दास का साथ मिला, जिन्होंने उनका करियर बनाने में काफी मदद की. ओडिशा सरकार ने भी उनकी काफी मदद की.

बिहार समेत देश-दुनिया की ताजा-तरीन खबरों को जानने के लिए लॉगऑन करें :
www.sonvarshavani.com



## न्यूज बाइट्स

### वारंटी गिरफ्तार

**बारूण (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए वारंटी मनोज राम को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार, यह गिरफ्तारी बारुण थाना की पुलिस टीम ने की। पुलिस ने छापेमारी कर मनोज राम को ग्राम बहुरिया बिगहा से पकड़ा। थाना प्रभारी ने बताया कि मनोज राम के खिलाफ पहले से ही वारंट जारी था और वह काफी समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के बाद अब उसे न्यायालय में पेश किया जाएगा। गिरफ्तारी की इस कार्रवाई से स्थानीय स्तर पर पुलिस की सक्रियता को लेकर चर्चा तेज हो गई है। पुलिस का कहना है कि फरार और वारंटी आरोपियों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा।

### छापेमारी में 22 लीटर देसी महुआ शराब बरामद

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज पुलिस ने मोहनपुर गांव में छापेमारी कर कारू चौधरी के घर से 22 लीटर देसी महुआ शराब एवं 400 लीटर महुआ फूल को बरामद कर घटनास्थल पर ही विनष्ट कर दिया।हालांकि पुलिस की भनक लगते ही कारोबारी कारू चौधरी भागने में सफल रहा। थानाध्यक्ष शंभू कुमार ने बताया कि कारू चौधरी द्वारा घर में रखकर शराब बेचने की जानकारी मिली। त्वरित कार्रवाई करते हुये एसआई कुशो कुमार, सोनाली, ध्रुव कुमार, एएसआई जयप्रकाश वाजपेयी के नेतृव में बीएससी राकेश कुमार राम, रेयाज अहमद खान, महिला सिपाही खुशबू कुमारी की टीम गठित कर मोहनपुर गांव में कारू के घर छापेमारी की गई। पुलिस की भनक लगते ही कारोबारी भाग गया। घर की तलाशी में पीले रंग के प्लास्टिक के गैलन में 20 लीटर, एक छोटा गैलन में 1 लीटर तथा एक हरा रंग के प्लास्टिक के बोतल में 1 लीटर महुआ शराब लगभग 22 लीटर शराब बरामद किया गया। बरामद शराब को थाना लगाया गया और 400 लीटर महुआ फूल को घटना स्थल पर ही नष्ट कर दिया गया। कारू चौधरी को नामजद आरोपी बनाते हुए प्राथमिकी दर्ज की गई है। वहीं फरार कारोबारी को पकड़ने के लिए छापेमारी की जा रही है।

### सांप काटने से महिला की हुई मौत

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज प्रखंड के चंद्रेहटा गांव में सोमवार की सुबह सांप के डंसने से एक महिला की मौत हो गई। मृतका की पहचान गांव के अवधेश यादव की 55 वर्षीय पत्नी बिंदा देवी के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बिंदा देवी सुबह घर के पास गोइठा पसार रही थीं। इसी दौरान अचानक एक जहरीले सांप ने उन्हें काट लिया। घटना के बाद हड़बड़ी में परिजन उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जा रहे थे, लेकिन रास्ते में हाजीपुर गोला के पास ही उनकी मौत हो गई।

### फहद ने लिया गरीबों का मुकदमा निःशुल्क लड़ने का संकल्प

**रफीगंज (औरंगाबाद) (नि. सं.)।** रफीगंज प्रखंड के गोरडीहा पंचायत के पूर्व मुखिया और राजद के वरिष्ठ नेता शहजादा शाही के पुत्र युवा नेता फहद शाही को वकालत की डिग्री मिलने पर क्षेत्र में हर्ष की लहर दौड़ गई। स्थानीय लोगों ने फहद को बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। परिवार में भी खुशी का माहौल है।

---

मृतिका की मां बोली- दामाद का दूसरी लड़की से अफेयर है, छह महीने पहले हुई थी शादी

# संदिग्ध परिस्थिति में विवाहिता की मौत, दहेज उत्पीड़न का आरोप, ससुराल वालों पर केस

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



मृतिका और उसके पति चंदन की शादी की फोटो

शहर के नगर थाना क्षेत्र के गायत्री मंदिर मोहल्ले में एक विवाहिता की संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। मृतका की पहचान माली थाना क्षेत्र के बगाही गांव निवासी चंदन सिंह उर्फ रवि रंजन सिंह की 20 वर्षीय पत्नी ज्योति कुमारी के रूप में हुई है। ज्योति माली थाना क्षेत्र के चैनपुर गांव निवासी राजू सिंह की पुत्री थी। मृतका की मां पूनम देवी ने बताया कि उनकी बेटी की शादी इसी वर्ष 1 मार्च 2025 को हिंदू रीति-रिवाज से बगाही गांव निवासी विनोद सिंह के पुत्र चंदन सिंह उर्फ रवि रंजन सिंह से हुई थी। उन्होंने बताया कि शादी में अपनी क्षमता से अधिक कैश और सामान दिया गया था। शुरुआती कुछ दिनों तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन इसके बाद ससुराल वालों ने ज्योति को प्रताड़ित करना शुरू कर दिया। वे लगातार एसी की डिमांड करते थे। मांग पूरी नहीं करने पर बेटी के साथ मारपीट की जाती थी।

पूनम देवी का आरोप है कि उनके दामाद चंदन का किसी दूसरी लड़की के साथ अफेयर था। एक बार उसके मोबाइल पर किसी लड़की का मैसेज आया था। इस बात को लेकर पति-पत्नी के बीच कई बार विवाद हुआ। इसी विवाद के बाद चंदन ने ज्योति को मायके छोड़ दिया था। पूनम देवी के मुताबिक घटना वाले दिन ससुर और पति दोनों ही ज्योति को मायके से लेकर औरंगाबाद आए थे। शाम को मोहल्ले के मकान के किराएदारों ने फोन पर सूचना दी कि उनकी बेटी की मौत हो गई है। परिजन जब मौके पर पहुंचे तो देखा कि घर के सभी लोग फरार हो चुके थे और ज्योति का शव बरामदे में पड़ा हुआ था। घटना की जानकारी मिलते ही नबीनगर विधायक विजय कुमार सिंह उर्फ डब्लू सिंह और सिमरी धमनी पैक्स अध्यक्ष सरोज कुमार सिंह घटनास्थल पर पहुंचे और परिजनों को सांत्वना दी। सूचना मिलने पर नगर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस अवर निरीक्षक चंदन कुमार ने आवश्यक कागजी कार्रवाई पूरी कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और बाद में परिजनों को सौंप दिया। इधर मायके वालों ने नगर थाना में आवेदन देकर ससुर विनोद सिंह, पति चंदन सिंह उर्फ रवि रंजन सिंह, सास सत्यवंती देवी और देवर कुंदन सिंह को नामजद अभियुक्त बनाया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और जांच शुरू कर दी है।

#### हत्या, आत्महत्या दोनों तरीके से की जा रही जांच

मां के बयान के आधार पर नगर थाने में एफआईआर दर्ज की गई है। थाने में दिए आवेदन में ससुर विनोद सिंह, सास सतवंती देवी, पति चंदन उर्फ रवि रंजन, देवर कुंदन कुमार को नामजद आरोपी बनाया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष उपेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि आवेदन मिला है। जिसके आधार पर छानबीन की जा रही है। प्रारंभिक जांच में मामला आत्महत्या का लग रहा है। मृतका के गले पर निशान मिले हैं। लड़की पक्ष के लोग दहेज के लिए हत्या का आरोप लगा रहे हैं। हत्या और आत्महत्या दोनों एंगल से छानबीन की जा रही है। सभी आरोपी घर छोड़कर फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है।

---

## एनएच-139 पर हादसा, महिला के कटे दोनों पैर, 35 हजार भी गायब

**निज सं. | दाउदनगर (औरंगाबाद)**

औरंगाबाद-पटना राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-139) एक बार फिर खून से लाल हो गया। दाउदनगर थाना क्षेत्र के जिनोरिया के पास रविवार रात हुई भीषण सड़क दुर्घटना ने पूरे इलाके को दहला दिया। हादसे में एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई, जिसके दोनों पैर कटकर अलग हो गए। जानकारी के अनुसार, महिला अपने पति और बच्चों के साथ ऑटो से दाउदनगर से औरंगाबाद जा रही थी। इसी दौरान एनएच-139 पर तेज रफ्तार से आ रहे एक डंफर ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि महिला ऑटो से सड़क पर गिर गई और डंफर के चपेट में आने से उसके दोनों पैर कट गए। घटना के बाद आसपास के लोगों ने घायल महिला को तत्काल अस्पताल पहुंचाया, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। इसी दौरान महिला के पास रखा करीब 35 हजार नकद भी रहस्यमय तरीके से गायब हो गया। यह रकम किस काम के लिए थी, इसका खुलासा अब तक नहीं हो पाया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि एनएच-139 पर लगातार बढ़ रहे हादसों को रोकने के लिए प्रशासन को ठोस कदम उठाने चाहिए। तेज रफ्तार और भारी वाहनों की लापरवाही इस 'खूनी हाइवे' को मौत का रास्ता बना चुकी है। फिलहाल डंफर चालक फरार बताया जा रहा है, जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है।

## सड़क हादसे में युवक की मौत

**औरंगाबाद (एसवीवी. सं.)।** औरंगाबाद में तेज रफ्तार हाइवा ने एक युवक को रौंद दिया। घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घर से शौच के लिए निकला था। रोड क्रॉस करते समय हाइवा ने टक्कर मार दी। मृतक की पहचान पूर्व वार्ड सदस्य कैलाश राम के पुत्र आशीष कुमार(25) के तौर पर हुई है। घटना रिसियप थाना क्षेत्र के सड़सा-सड़सी गांव के बीच की है। हादसे के विरोध में ग्रामीण और परिजनों ने एनएच 139 को जाम कर दिया। इस दौरान दोनों लेन में वाहनों की लंबी कतारें लग गई। जाम की सूचना पर थानाध्यक्ष निशा कुमारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंची। उचित कार्रवाई का आश्वासन देकर जाम खुलवाया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। परिजनों ने बताया कि आशीष ओडिशा में ट्रक चलाता था।

---

## डीएम ने किया "राजस्व विभाग आपके द्वार" शिविर का औचक निरीक्षण



- डीएम ने विभिन्न काउंटरों और प्राप्त आवेदनों की जांच की।
- ग्रामीणों से अपील – भूमि संबंधी समस्याओं जैसे ऑनलाइन जमाबंदी सुधार, छूटी जमाबंदी का अंकन, नामांतरण और बंटवारा आदि आवेदन शिविर में ही दें।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

मंगलवार को जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री ने कुटुंबा प्रखंड के महाराजगंज पंचायत भवन में आयोजित विशेष शिविर का औचक निरीक्षण किया। यह शिविर राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग द्वारा संचालित "राजस्व विभाग आपके द्वार" अभियान के अंतर्गत लगाया गया था। निरीक्षण के दौरान डीएम ने शिविर स्थल पर स्थापित विभिन्न काउंटरों का अवलोकन किया और प्राप्त आवेदनों की जांच की। उन्होंने उपस्थित पदाधिकारियों और कर्मियों को निर्देश दिया कि सभी आवेदनों का निष्पादन त्वरित, निष्पक्ष और गुणवत्तापूर्ण ढंग से किया जाए, ताकि लोगों को अंचल कार्यालय अथवा जिला मुख्यालय का अनावश्यक चक्कर न लगाना पड़े। जिला पदाधिकारी ने शिविर में मौजूद ग्रामीणों से बातचीत करते हुए अपील की कि वे अपनी भूमि संबंधी समस्याओं—जैसे ऑनलाइन जमाबंदी में सुधार, छूटी हुई जमाबंदी का अंकन, उत्तराधिकारी नामांतरण, बटवारा नामांतरण आदि से जुड़े आवेदन यहीं शिविर में प्रस्तुत करें, ताकि उनके मामलों का शीघ्र और संतोषजनक निस्तारण किया जा सके।

गौरतलब है कि "राजस्व विभाग आपके द्वार" अभियान का शुभारंभ 16 अगस्त 2025 से किया गया है और यह 20 सितंबर 2025 तक जिले के सभी अंचलों के ग्राम स्तर पर चलाया जाएगा। इस अभियान के तहत नामित राजस्व दल घर-घर जाकर भूमि संबंधी समस्याओं से जुड़े आवेदन प्राप्त कर रहे हैं। साथ ही, निर्धारित तिथियों पर प्रत्येक ग्राम में विशेष शिविर आयोजित किए जा रहे हैं, जहाँ विभागीय अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहकर आवेदनों का प्राथमिक स्तर पर निस्तारण सुनिश्चित कर रहे हैं।

---

## सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय में बीएड विभाग ने नए सत्र का परिचय कार्यक्रम किया आयोजित

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**



सच्चिदानंद सिन्हा महाविद्यालय के बीएड विभाग में सोमवार को नए सत्र (2025-27) के प्रथम वर्ष के छात्र-छात्राओं के लिए परिचय सत्र का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम बीएड विभाग के न्यू सेमिनार हॉल में आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति से दीप प्रज्वलन और मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण के साथ हुई। इसके बाद सत्र 2024-26 के द्वितीय वर्ष के छात्रों द्वारा स्वागत गीत प्रस्तुत किया गया, जिससे माहौल और भी सौहार्दपूर्ण बन गया।

कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक समाज का दर्पण होता है और उसकी जिम्मेदारी सबसे बड़ी होती है। उन्होंने नए छात्रों को न केवल पढ़ाई में उत्कृष्टता हासिल करने बल्कि चरित्र निर्माण और समाज सेवा की ओर भी प्रेरित किया। विभागाध्यक्ष डॉ. राजीव रंजन ने कहा कि शिक्षक राष्ट्र निर्माता होता है और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा ही देश की प्रगति का आधार है। उन्होंने विश्वास दिलाया कि विभाग विद्यार्थियों को श्रेष्ठ शिक्षा और मार्गदर्शन देने के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

इस मौके पर विभाग के सहायक प्राध्यापक संतोष कुमार तिवारी, छोटेलाल यादव, कौशल किशोर कुमार, डॉ. किरण कुमारी, अनिता कुमारी, डॉ. अभय समेत शिक्षकेत्तर कर्मचारी संतोष कुमार गुप्ता, शक्ति सिंह और संतोष कुमार सिंह उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त महाविद्यालय के अन्य शिक्षक डॉ. कमलेश कुमार सिंह, राजीव रंजन सिंह, डॉ. अनिल सिंह, डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह, अमित कुमार सिंह, डॉ. योगेंद्र कुमार सिंह, प्रवीण दुबे और प्रधान सहायक सौरभ सुमन भी कार्यक्रम में शामिल हुए। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्राध्यापक कौशल किशोर कुमार द्वारा किया गया। पूरे आयोजन के दौरान छात्रों और शिक्षकों में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला।

---

## एनटीपीसी में मिनी मैराथन के साथ खेल सप्ताह का हुआ शुभारंभ

**निज संवाददाता | औरंगाबाद**



एनटीपीसी नबीनगर परिसर में खेल सप्ताह 2025 का शुभारंभ मिनी मैराथन के आयोजन के साथ धूमधाम से किया गया। खेल सप्ताह के इस पहले आयोजन को परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक एलके बेहरा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान उन्होंने वार्षिक खेल सप्ताह के मैस्कॉट का भी अनावरण किया, जो पूरे आयोजन की पहचान और प्रेरणा का प्रतीक बना। आयोजन के समय एनटीपीसी परिसर में उत्साह और उमंग का विशेष माहौल देखा गया।

मिनी मैराथन में विभिन्न आयु वर्गों के प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और खेल भावना का परिचय दिया। दौड़ में शामिल प्रतिभागियों ने अपनी पूरी क्षमता के साथ लक्ष्य तक पहुंचने का प्रयास किया। प्रतियोगिता समाप्त होने पर विभिन्न श्रेणियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को पदक देकर सम्मानित किया गया। इससे न सिर्फ प्रतिभागियों का मनोबल बढ़ा बल्कि सभी को खेल और फिटनेस की ओर प्रेरित करने का भी संदेश मिला। एनटीपीसी प्रबंधन ने बताया कि खेल सप्ताह का आयोजन राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। आने वाले दिनों में इसमें कई आउटडोर खेल प्रतियोगिताएं और मनोरंजक गतिविधियां शामिल होंगी। इस पूरे आयोजन का मुख्य उद्देश्य कर्मचारियों और उनके परिजनों के बीच आपसी सहयोग, फिटनेस और खेल भावना को बढ़ावा देना है। इसके साथ ही यह आयोजन कर्मचारियों के कार्य-जीवन संतुलन, शारीरिक स्वास्थ्य और मानसिक मजबूती को भी सुदृढ़ करेगा।

इस अवसर पर परियोजना प्रमुख एलके बेहरा ने कहा कि एनटीपीसी हमेशा से ही अपने कर्मचारियों और उनके परिवारजनों के समग्र विकास और स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है। खेल सप्ताह इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो सभी में सक्रिय जीवनशैली और सकारात्मक सोच को बढ़ावा देता है। उन्होंने प्रतिभागियों की सराहना करते हुए कहा कि खेल भावना जीवन को अनुशासन और नई ऊर्जा प्रदान करती है। मैराथन और उद्घाटन समारोह में वरिष्ठ अधिकारियों के साथ-साथ थवरा महिला संघ की अध्यक्षा आरती बेहरा भी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में मुख्य महाप्रबंधक (ओ एंड एम) केडी यादव, महाप्रबंधक (परियोजना) राकेश शर्मा, महाप्रबंधक (संचालन एवं एएम) अनिल कुमार टीसी, महाप्रबंधक (अनुरक्षण एवं एडीएम) एम. पाणिग्रही समेत कई वरीय अधिकारी भी उपस्थित थे। इन सभी ने प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया और खेलों के महत्व पर अपने विचार साझा किए। खेल सप्ताह के दौरान होने वाले आगामी आयोजनों को लेकर भी कर्मचारियों और उनके परिजनों में काफी उत्सुकता देखी जा रही है। आयोजन समिति का कहना है कि इस सप्ताह भर चलने वाले कार्यक्रम में कबड्डी, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, एथलेटिक्स जैसे विभिन्न खेल शामिल होंगे, साथ ही कई सांस्कृतिक और मनोरंजक गतिविधियां भी आयोजित की जाएंगी। इससे न सिर्फ प्रतिभा को अवसर मिलेगा बल्कि सामूहिकता और संगठन की भावना भी और मजबूत होगी।

---

## मतदाता सूची विशेष गहन पुनरीक्षण को लेकर उच्चस्तरीय बैठक

- जिले में कुल 2279 मतदान केंद्र, इनमें 1013 पर तैनात बीएलओ स्वयं भी उसी केंद्र के मतदाता।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**




मंगलवार को समाहरणालय सभाकक्ष, औरंगाबाद में आयुक्त मगध प्रमण्डल-सह-निर्वाचक सूची प्रेक्षक सफीना एएन की अध्यक्षता में विशेष गहन पुनरीक्षण–2025 के संबंध में एक उच्चस्तरीय बैठक आयोजित की गई। बैठक की शुरुआत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिला पदाधिकारी औरंगाबाद श्रीकान्त शास्त्री द्वारा आयुक्त का स्वागत करने के साथ हुई। तत्पश्चात आयुक्त ने उपस्थित अधिकारियों और राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से क्रमवार परिचय प्राप्त किया। बैठक के दौरान जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने प्रस्तुतीकरण के माध्यम से जिले के समस्त विधानसभा क्षेत्रों की भौगोलिक और प्रशासनिक स्थिति का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार सभी निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (ईआरओ) और सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी (एईआरओ) की विधिवत पदस्थापना की जा चुकी है। हालांकि, विधानसभा क्षेत्र संख्या 222-कुटुम्बा (अनु.जा.) के एईआरओ का पद 24 अगस्त को आकस्मिक निधन के कारण रिक्त हो गया है, जिसके लिए नये पदाधिकारी की नियुक्ति का अनुरोध संबंधित विभाग को भेजा गया है। बैठक में यह भी जानकारी दी गई कि जिले में निर्वाचक नामावली के अद्यतन एवं पुनरीक्षण कार्य के लिए ईआरओ, एईआरओ और बीएलओ को तिथि-वार विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। प्रशिक्षण में बीएलओ ऐप और वोटर हेल्पलाइन ऐप के तकनीकी उपयोग पर विशेष जोर दिया गया। जिले में कुल 2279 मतदान केंद्र बनाए गए हैं, जिनमें 1013 केंद्रों पर तैनात बीएलओ स्वयं भी उसी केंद्र के मतदाता हैं। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने बताया कि सभी राजनीतिक दलों को 1 अगस्त को प्रकाशित बूथवार मतदाता सूची की सॉफ्ट कॉपी उपलब्ध करा दी गई है। साथ ही, बूथ लेवल एजेंट (बीएलए) की स्थिति और संख्या से भी आयुक्त को अवगत कराया गया। मतदाता जागरूकता को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाया गया है। इसके तहत होर्डिंग, फ्लेक्स, सोशल मीडिया, इलेक्ट्रॉनिक एवं प्रिंट मीडिया, रेडियो और ऑडियो जिंगल का उपयोग किया गया है। विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में कैंपस एम्बेसडर की नियुक्ति की गई है तथा गायिका डिम्पल भूमि को "डिस्ट्रिक्ट आइकॉन" बनाया गया है, जिससे अभियान को और अधिक गति मिली है। जिले में अब तक 99.64 प्रतिशत मतदाताओं के दस्तावेज अपलोड कर लिए गए हैं। आयुक्त ने शेष कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए और कहा कि सभी पदाधिकारी खुद जमीनी स्तर पर जाकर प्रगति सुनिश्चित करें। उन्होंने विशेष रूप से निर्देशित किया कि 18 वर्ष पूर्ण करने वाले युवाओं, खासकर बालिकाओं को मतदाता सूची में शामिल करने के लिए विशेष अभियान चलाया जाए। हर बीएलओ को कम से कम 15 नये मतदाताओं का नाम जोड़ने का लक्ष्य दिया गया है। आयुक्त ने राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से भी अपेक्षा की कि वे मतदाता सूची में नाम जोड़ने की प्रक्रिया में सक्रिय सहयोग करें, ताकि जिले में नामावली पुनरीक्षण कार्य समय पर और प्रभावी ढंग से पूरा हो सके।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनन्या सिंह, उप मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मगध प्रमण्डल, अपर समाहर्ता अनुग्रह नारायण सिंह, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी रत्ना प्रियदर्शिनी, उप निर्वाचन पदाधिकारी मोहम्मद ग़ज़ाली, सभी ईआरओ, एईआरओ और विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

---

## मारपीट मामले में चार आरोपियों को सुनाई गयी तीन साल की सजा

- स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों को निर्देश – किसी भी स्थिति में किशोर की पहचान उजागर नहीं होनी चाहिए।

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद व्यवहार न्यायालय के अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (एसीजेएम)-4 की अदालत ने 18 साल पुराने मारपीट के मामले में चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए तीन साल की कैद की सजा सुनाई। यह फैसला रफीगंज थाना कांड संख्या 152/07 में सुनवाई के बाद आया। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि कोर्ट ने रफीगंज के विशुनपुर निवासी अभियुक्त नागेंद्र यादव, जितेंद्र यादव, मुकेश यादव और होरिक यादव को भादंवि की धारा 325 के तहत तीन साल की कैद और दो हजार रुपये जुर्माना की सजा दी है। इसके अलावा भादंवि की धारा 323 में एक साल की कैद और पांच सौ रुपये जुर्माना, धारा 447 में पांच सौ रुपये जुर्माना और धारा 147 में एक साल की कैद तथा एक हजार रुपये जुर्माना लगाया गया है। सहायक अभियोजन पदाधिकारी रणबीर ने बताया कि इस मामले की प्राथमिकी 4 दिसंबर 2007 को रफीगंज थाना में दर्ज कराई गई थी। प्राथमिकी सूचक विशुनपुर निवासी सूर्या यादव ने चारों अभियुक्तों पर मारपीट का आरोप लगाते हुए नामजद किया था। इसके बाद 5 मार्च 2008 को कोर्ट ने इस मामले में संज्ञान लिया और लंबी सुनवाई के बाद सोमवार को अदालत ने सजा सुनाई।

इस फैसले से पीड़ित पक्ष ने न्याय मिलने की बात कही, वहीं कानूनी जानकारों का कहना है कि यह निर्णय अपराधियों में कानून का भय पैदा करेगा।

---

## परिसीमन सुधार महारैली की तैयारी तेज, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने किया पटना चलने का आह्वान

**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**



राष्ट्रीय लोक मोर्चा की ओर से आगामी 5 सितंबर को पटना स्थित मिलर हाई स्कूल मैदान में होने वाली संवैधानिक अधिकार परिसीमन सुधार महारैली को सफल बनाने के लिए तैयारियां तेज कर दी गई हैं। इसी क्रम में सोमवार को मुख्यालय स्थित गौतम बुद्ध नगर भवन में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता प्रदेश महासचिव रामकुमार वर्मा ने की, जबकि संचालन जिला उपाध्यक्ष राकेश रौशन ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह गोह के पूर्व विधायक डॉ. रणविजय कुमार ने कहा कि यह हमारी पार्टी की पहली बड़ी रैली है, इसलिए इसकी सफलता के लिए सभी कार्यकर्ताओं को मजबूती से जुटना होगा। उन्होंने कहा कि पार्टी चुनाव लड़ने के लिए प्रतिबद्ध है और जीत हासिल करना ही लक्ष्य है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान किया—'मेरा नेता राजनीति करता है, व्यवसाय नहीं। आप सभी पटना चलें और इस रैली को ऐतिहासिक बनाएं। डॉ. रणविजय कुमार ने कहा कि बिहार में परिसीमन की सख्त जरूरत है। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकसभा की सीटों की संख्या बढ़ाकर 55 और विधानसभा की सीटें लगभग 400 तक करनी चाहिए, ताकि जनसंख्या और प्रतिनिधित्व का संतुलन बने।

बैठक में वक्ताओं ने भी अपने विचार रखते हुए रैली की सफलता सुनिश्चित करने का संकल्प लिया। इस अवसर पर बक्सर पंचायत के मुखिया अशोक प्रसाद, अरविंद शर्मा, विनय कुमार सिंह, हरिनंदन सिंह कुशवाहा, श्याम बिहारी शर्मा, प्रकाश सिंह, विनोद शर्मा, बिंदा उपाध्याय, राम रंजन सिंह और बैजू चौधरी समेत बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

---

## जेजे बोर्ड ने विधि विरुद्ध किशोर को सुनाई अनूठी सजा, 10 दिन करनी होगी सामुदायिक सेवा

**एसवीवी संवाददाता | औरंगाबाद**

औरंगाबाद में किशोर न्याय बोर्ड (जेजे बोर्ड) अपने अनूठे फैसलों से लगातार चर्चा में है। इसी माह 20 अगस्त को बोर्ड ने एक विधि विरुद्ध किशोर को देव स्थित विश्व प्रसिद्ध सूर्य मंदिर में 15 दिनों की सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया था। अब सोमवार को एक और मामले में बोर्ड ने फिर ऐसा फैसला सुनाया है, जिसने समाज का ध्यान खींचा है। प्रधान दंडाधिकारी सह अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी (एसीजेएम) सुशील प्रसाद सिंह की अदालत ने कासमा थाना कांड संख्या 98/23 की सुनवाई के बाद विधि विरुद्ध किशोर को सजा सुनाई। कोर्ट ने किशोर को सुधरने का अवसर देते हुए रफीगंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दस दिनों की सामुदायिक सेवा करने का आदेश दिया है। पैनल अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने जानकारी दी कि किशोर को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में सेवा देने के दौरान किसी भी हालत में उसकी पहचान उजागर नहीं की जाएगी। इसके लिए स्वास्थ्य केंद्र के अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

साथ ही सेवा अवधि में किशोर के आचरण और व्यवहार पर प्रतिवेदन तैयार कर किशोर न्याय बोर्ड को सौंपने का आदेश दिया गया है। अधिवक्ता सतीश कुमार स्नेही ने कहा कि जेजे बोर्ड के ये फैसले नजीर साबित होंगे। उन्होंने बताया कि 20 अगस्त को दिए गए देव सूर्य मंदिर में सामुदायिक सेवा के आदेश और अब स्वास्थ्य केंद्र में सेवा का आदेश, दोनों ही फैसले विधि विरुद्ध किशोरों को सुधारने और समाज को सकारात्मक संदेश देने वाले हैं। यह दंड एक प्रकार का सामाजिक दंड है, जो न केवल किशोर अपराधियों को सुधारने का अवसर देगा बल्कि अन्य युवाओं को भी अपराध की राह से दूर रहने की प्रेरणा देगा।

---

## देवकुंड थाना के पीछे चार घरों में चोरी, आठ लाख की संपत्ति पार, लोगों में दहशत

**निज संवाददाता | गोह (औरंगाबाद)**



गोह प्रखंड के देवकुंड थाना मुख्यालय के ठीक पीछे शनिवार की रात चोरों ने तांडव मचाते हुए चार घरों को निशाना बनाया। चोरों ने एक ओर जहां कैमूर में पदस्थापित थानाध्यक्ष पवन कुमार के निजी मकान का ताला तोड़ डाला, वहीं तीन अन्य घरों से करीब आठ लाख रुपये मूल्य की संपत्ति चोरी कर ली। लगातार हो रही चोरी की घटनाओं से देवकुंड के लोग दहशत में हैं और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर रहे हैं। थाना के पीछे स्थित पवन कुमार का मकान चोरों के निशाने पर रहा। मकान बंद रहने का फायदा उठाकर चोरों ने मुख्य दरवाजा और दो कमरों का ताला तोड़ दिया। पवन कुमार का कहना है कि घर से बर्तन चोरी हुए हैं, जबकि देवकुंड के वर्तमान थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार का कहना है कि "चोरों ने केवल ताला तोड़ा था, कोई सामान चोरी नहीं हुआ। इसी रात थाना के पीछे रहने वाले राजेश गुप्ता का घर भी चोरों से नहीं बच सका। पूरा परिवार पैतृक गांव रामपुर चाय गया हुआ था। लौटने पर देखा कि घर का ताला टूटा है और गोदरेज से सोने का झुमका और मंगलसूत्र चोरी हो गया है। दिल्ली में नौकरी करने वाले मनीष कुमार का देवकुंड स्थित पैतृक मकान भी चोरों के निशाने पर आ गया। उनके घर पर मां मीणा देवी रहती थीं, लेकिन इलाज के लिए वे पटना गई हुई थीं। इस बीच चोरों ने ताला तोड़कर अलमारी खंगाल डाली और नकद 10 हजार रुपये समेत करीब सात लाख रुपये मूल्य के सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए।

देवकुंड निवासी कृष्णा सिंह के बंद मकान का भी ताला टूटा मिला और घर से कई सामान गायब कर दिए गए। एक ही रात में थाना मुख्यालय के पीछे चार-चार घरों में चोरी की इन घटनाओं ने पुलिस की गश्ती व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। स्थानीय लोगों ने कहा कि जब थानाध्यक्ष का मकान ही सुरक्षित नहीं है, तो आम लोग अपनी सुरक्षा कैसे सुनिश्चित करेंगे। वहीं देवकुंड थानाध्यक्ष धर्मेंद्र कुमार ने मामले पर सफाई देते हुए कहा कि पवन कुमार के घर से कोई सामान चोरी नहीं हुआ है, सिर्फ ताला तोड़ा गया है। लेकिन अन्य घटनाओं पर पूछे जाने पर उन्होंने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया।